नई दिल्ली
सोमवार, 16 जून 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष,
चतुर्थी वर्ष : 29, अंक : 62
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 42
न्यून. 40

हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com


केदारनाथ से गुप्तकाशी आ रहा हेलिकॉप्टर क्रैश

# भारत की 'जी-7' में भागीदारी से निकलेंगे कई संदेश, विश्व बिरादरी की नजर पीएम मोदी पर

## कनाडा की धरती का दुरूपयोग भारत के खिलाफः जो टूडो न कर पाए क्या करेंगे कर्नी

हरिभूमि विश्लेषण

शिशिर सोनी ▶▶ नई दिल्ली

ठीक सालभर पहले तब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो थे। कनाडा की जमीन से खालिस्तान समर्थक आतंकी भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए चुनौती बन रहे हैं, विस्तार से जानकारी दी गई थी। स्थानीय राजनीतिक वजहों से टूडो ने सुना अनसुना किया। उसके बाद भी जी-7 की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गये। मजबूती के साथ विश्व बिरादरी के समक्ष भारत का पक्ष रखा। टूडो ने तब भारत, कनाडा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की बात दोहराई थी। लेकिन दोनों देशों के बीच तब रिश्ते तनावपूर्ण हो गये थे। 2023 में के सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद। तत्कालीन कनाडाई पीएम जस्टिन टूडो ने इस हत्या में भारतीय सरकार की संभावित संलिप्तता का आरोप लगाया था, जिसे भारत ने निराधार और दुर्भावना से प्रेरित बताकर खारिज कर दिया था। दोनों देशों ने वर्ष 2023 और 2024 में एक-दूसरे के उच्चायुक्तों को निष्कासित किया और वीजा सेवाओं को अस्थायी रूप से रोक दिया था। उसके बाद से अब कनाडा की ▶▶ शेष पेज 5 पर


पीएम नरेंद्र मोदी


मार्क जे कार्नी


जस्टिन टूडो

### कनाडा ने जी-7 शिखर सम्मेलन में कई गैर-सदस्य देशों को अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है जिनमें शामिल हैं

- ▶▶ यूक्रेनः राष्ट्रपति वोलजेलेंस्की।
- ▶▶ ऑस्ट्रेलियाः प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज।
- ▶▶ दक्षिण अफ्रीकाः राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा।
- ▶▶ ब्राजीलः राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा।
- ▶▶ मेक्सिकोः राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम

# सात की मौत, दो दिन हेली सेवा पर रोक, रास्ते में मलबे से केदारनाथ यात्रा भी रुकी

**घटना सुबह 5.30 बजे की क्रैश होने की वजह खराब मौसम बताई जा रही**

**हादसे की जांच एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) करेगा**

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड क्षेत्र में बड़ा हादसा हुआ है। रविवार को सुबह-सुबह केदारनाथ रूट पर श्री केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी जा रहा एक हेलिकॉप्टर गौरीकुंड के पास क्रैश हो गया। घटना सुबह 5.30 बजे की बताई जा रही है। हेलिकॉप्टर के क्रैश होने की वजह खराब मौसम बताई जा रही है। हेलिकॉप्टर में कुल सात लोग सवार थे। दर्दनाक हादसे में ▶▶ शेष पेज 5 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पंजाब में टारगेट किलिंग की साजिश नाकाम



**मोहाली।** स्टेट स्पेशल ऑपरेशंस सैल ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कनाडा में बैठे कुख्यात आतंकी अर्श डल्ला द्वारा रची गई टारगेट किलिंग की साजिश को विफल कर दिया है। इस अभियान के दौरान पुलिस ने दो मुख्य गुर्गों कवलजीत सिंह निवासी धर्मकोट और नवदीप सिंह उर्फ हनी निवासी बड्डूवाल को गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला दोनों साजिश रच रहे थे।

### कांतारा 2: शूटिंग के दौरान नाव पलटी, 30 बचाए गए



**नई दिल्ली।** ऋषभ शेट्टी की कन्नड़ फिल्म 'कंतारा 2' की शूटिंग के दौरान एक नाव पलट गई। हादसे में अभिनेता-निर्देशक ऋषभ शेट्टी और 30 क्रू सदस्य सुरक्षित बच गए हैं। पुलिस ने ये जानकारी दी है। उनके मुताबिक यह घटना शिवमोगा जिले के मस्ती कट्टे क्षेत्र में मणि जलाशय में फिल्मांकन के दौरान हुई।

### आकाशीय बिजली गिरने से सात लोगों की मौत



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, संभल और बिजनौर जिलों में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से कुल सात लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रयागराज के यमुना नगर इलाके में कथित तौर पर आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई।

**रविवार दोपहर 3.30 बजे हुआ हादसा**

**पुणे में बड़ा हादसाः** हादसे के समय पुल पर करीब 100-120 सैलानी खड़े थे, तभी अचानक पुल भरभराकर गिर गया और कई लोग बह गए

# कुंदमाला में इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढहा 4 सैलानियों की मौत, करीब 30 लापता


*कुंदमाला पुणे से करीब 30 किलोमीटर दूर है। जिस पुल पर यह हादसा हुआ, वह काफी पुराना था, इस पुल को आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया था*

एजेंसी ▶▶ पुणे

महाराष्ट्र में जारी बरिश के बीच पुणे में इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढह गया है। इस हादसे में करीब 30 सैलानियों के बह जाने और 18 घायल होने की खबर है। पुल ढहने के तुरंत बाद राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया, जिसके बाद नदी से 4 लोगों के शव बरामद किए गए। हालांकि, अभी भी कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। ऐसे में इस हादसे में मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। घटनास्थल से सामने आई तस्वीरों और वीडियो में हादसे की भयावहता साफ नजर आ रही है। पुल ढहने से बहने वाले सभी लोग ब्रिज पर ही थे। घटना पुणे के मावल तालुका की है।

तालेगांव दाभाड़े कस्बे के पास प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुंदमाला है, जहां पर इंद्रायणी नदी पर बना एक पुराना पुल है। रविवार होने के कारण पर्यटकों की भीड़ थी, इसलिए आशंका है कि पुल ढह गया और कई पर्यटक इंद्रायणी में डूब गए। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस, ग्रामीण और आपदा राहत कर्मी मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है।

**एनडीआरएफ ने 38 लोगों को नदी से सुरक्षित बाहर निकाला**





- ▶▶ रविवार को यहां पहुंचे पर्यटक पुल के बीच पर जाकर सेल्फी ले रहे थे
- ▶▶ तालेगांव में कुंदमाला पुणे का फेमस टूरिस्ट स्पॉट, जहां हुआ यह हादसा

### बारिश के चलते बढ़ा जल स्तर

पिछले दो दिनों से मावल इलाके में भारी बारिश हो रही है और इंद्रायणी का जलस्तर बढ़ गया। इसके कारण एजेंसियों द्वारा नदी में गिरे पर्यटकों को बचाने के लिए जी-जान से प्रयास किए जा रहे हैं। घटना रविवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे की है। पुल गिरने की सूचना मिलते ही मौके पर पिंपरी-चिंचवड़ पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत पुलिस पहुंची। एनडीआरएफ की दो टीम मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू कार्य में जुटी हुई हैं।

### स्थानीय बोले- पर्यटन स्थल पर सुरक्षा का इंतजाम नहीं

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुंडमाला एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल होने के बावजूद यहां पर्यटकों की सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम नहीं हैं। यह पुल काफी पुराना और जर्जर हो चुका था और इसकी मरम्मत भी नहीं की गई थी। इसके अलावा, पुणे क्षेत्र में पिछले चार दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण इंद्रायणी नदी का जलस्तर और प्रवाह दोनों ही काफी तेज थे। इन सबके बावजूद, प्रशासन द्वारा पर्यटकों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए, जिसे इस दुखद हादसे का एक प्रमुख कारण माना जा रहा है।

### सीएम ने किया मुआवजे का ऐलान

इंद्रायणी नदी पर बना लोहे का पुल ढहने की घटना में राज्य सरकार ने मुआवजे का ऐलान किया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दुख जताया है और घोषणा की है कि घटना में मारे गए लोगों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता देगी। इसके अलावा, राज्य सरकार घायलों के इलाज का खर्च भी उठाएगी। इस घटना के संबंध में मैं विभागीय आयुक्त, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक के सतत संपर्क में हूं। कुछ लोग बह गए हैं, जिनकी तलाश युद्धस्तर पर की जा रही है। एनडीआरएफ की तैनाती की गई है।

**दुबई से जयपुर आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट का बुरा हाल**

# एसी बंद, 5 घंटे तक गर्मी में तड़पते रहे बच्चे-बुजुर्ग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ इस दौरान न तो पानी मिला, न कोई जानकारी

दुबई से जयपुर आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट (IX 196) में यात्रियों को पांच घंटे तक तक बिना एसी चलाए बैठाए रखा गया। इस दौरान विमान में मौजूद बुजुर्ग और बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। तकनीकी खराबी के चलते विमान के उड़ान भरने में यह देरी हुई है। इसे निर्धारित समय 7:25 बजे दुबई से रवाना होना था। दुबई एयरपोर्ट पर विमान में सवार यात्री बिना एसी के गर्मी में ही बैठने को मजबूर रहे। यात्रियों में बच्चे और बुजुर्ग भी थे। भीषण गर्मी के कारण उनमें से कई की हालत खराब हो गई। आखिरकार फ्लाइट 12:45 बजे दुबई से जयपुर के लिए रवाना हुई, लेकिन उससे पहले यात्रियों को करीब ▶▶ शेष पेज 5 पर

**गाजियाबाद से कोलकाता जानी थी फ्लाइट**

# हिंडन एयरपोर्ट पर एयर इंडिया की फ्लाइट में तकनीकी खराबी

एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद



एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानों के साथ परेशानियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब हिंडन एयरपोर्ट से एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट (आईएक्स 1511) में तकनीकी खराबी के चलते फ्लाइट का टेक-ऑफ रोका गया। फ्लाइट कोलकाता से गाजियाबाद आई थी और यहां से गोवा जानी थी, लेकिन रनवे पर आने से पहले ही तकनीकी खामी का पता चला और फ्लाइट कैंसिल कर दी गई। विमान में करीब 100 यात्री मौजूद थे।

**जीपीएस से ट्रैकिंग और ड्रोन से निगरानी**

# कूनो नेशनल पार्क से निकले 5 चीते, मुरैना हाईवे पर दिखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना



■ सामने आया वीडियो ग्रामीण दहशत में

कूनो नेशनल पार्क के बाड़े से निकलकर चीते खुले जंगलों की ओर रुख कर चुके हैं। जौरा इलाके में उस वक्त लोगों के होश उड़ गए जब उन्होंने अपने सामने जंगल में चीते को सड़क पार करते देखा गया। ये कोई एक या दो नहीं, बल्कि पूरे 5 चीते थे। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा एक वीडियो साफ दिखाता है कि कैसे ये चीते नेशनल हाईवे पार कर पगारा डैम की तरफ बढ़ रहे हैं। बीते कुछ दिनों में ये चीते लगातार पार्क की सीमा तोड़कर बाहर के इलाकों की ओर भागते नजर आ रहे हैं। मुरैना जिले की सीमा में ▶▶ शेष पेज 5 पर

**मस्क के न्यूरालिंक डिवाइस ने किया कमाल!**

# ब्रेन चिप के जरिए बंदर ने देखा काल्पनिक दृश्य, इंसान पर भी टेस्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ यह तकनीक दृष्टिहीन लोगों के लिए वरदान होगी

एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने एक नई तकनीक के जरिए एक बंदर को ऐसी चीजें देखने में सक्षम बना दिया जो वास्तव में वहां नहीं थीं। यह तकनीक दृष्टिहीन लोगों को देखने की क्षमता देने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है। कंपनी ने एक ऐसे ब्रेन इम्प्लांट डिवाइस का सफल परीक्षण किया है, जो मस्तिष्क के विजुअल हिस्सों को उत्तेजित कर उस दृश्य की कल्पना करवा सकता है जो वहां असल में मौजूद नहीं है। इस तकनीक का नाम है ब्लाइंडसाइट और यह नेत्रहीनों को देखने की नई उम्मीद दे सकती है। न्यूरालिंक ▶▶ शेष पेज 5 पर

# फ्यूल की कमी से नहीं लौट पाया विमान

## तिरुवनंतपुरम में ब्रिटेन के लड़ाकू विमान एफ-35 की इमरजेंसी लैंडिंग



*तिरुवनंतपुरम। ब्रिटिश रॉयल एयरफोर्स के फाइटर जेट एफ-35 की शनिवार रात केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई। इस घटना पर भारतीय वायुसेना ने रविवार को कहा कि उसे इसकी पूरी जानकारी है और उसने फ्लाइट सुरक्षा कारणों से विमान को उतरने में मदद की। खबरों के मुताबिक एफ-35 ने हिंद महासागर में एक सॉर्टी के लिए* ▶▶ शेष पेज 5 पर

**महाकाल मंदिर में बदली दर्शन व्यवस्था**

# नंदी हॉल में आम भक्तों की एंट्री बंद सिर्फ मोस्ट वीआईपी ही 'जा' सकेंगे

**भारी भीड़ को देखते हुए लिया फैसला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

महाकाल मंदिर में ग्रीष्म अवकाश और शनिवार-रविवार की छुट्टियों के चलते श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसे देखते हुए मंदिर प्रशासन ने रविवार को नंदी हॉल में आम भक्तों की एंट्री बंद कर दी है। अब सिर्फ मोस्ट वीआईपी को ही नंदी हॉल में दर्शन की अनुमति दी जा रही है, जबकि सामान्य श्रद्धालुओं को गणेश मंडपम के सामने से दर्शन कराए जा रहे हैं। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए मंदिर प्रशासन ने वर्तमान में चलायमान (मूविंग दर्शन) व्यवस्था लागू की है।





### ऐसी है मंदिर की दर्शन व्यवस्था

अब भक्त महाकाल लोक, मानसरोवर फैसिलिटी सेंटर से होकर महाकाल टनल-1 से गुजरते हुए गणेश मंडपम तक पहुंचते हैं। यहां लगाए गए बेरिकेड्स के जरिए भगवान महाकाल के दर्शन कर, फिर पालकी हॉल होते हुए एंबुलेंस गेट से बाहर निकलते हैं। इसके अलवा गेट नंबर 1 से एंट्री करने वाले श्रद्धालु कार्तिकेय मंडपम के रास्ते गणेश ▶▶ शेष पेज 5 पर

**अहमदाबाद विमान हादसे के बाद सुरक्षा मानकों को लेकर डीजीसीए गंभीर**

# डीजीसीए के कड़े मानदंडों से होकर गुजरना होगा बोइंग विमानों को, एयर इंडिया और इंडिगो के फ्लीट्स की जांच शुरू

हरिभूमि ▶▶ नई दिल्ली



अहमदाबाद हवाई दुर्घटना के बाद केंद्र सरकार ने बोइंग 787-8 और 787-9 फ्लीट पर बढ़ी हुई सुरक्षा जांच के आदेश जारी कर दिये हैं। एयर इंडिया सहित इंडिगो जैसी अन्य विमानन कंपनियों के पास बोइंग श्रेणी का विमान है उसे डीजीसीए के कडे सुरक्षा मानदंडों की कसौटियों से होकर अब गुजरना होगा। अब तक एयर इंडिया ने अपनी 33 बोइंग 787 ड्रीमलाइनर (26 बोइंग 787-8 और 7 बोइंग 787-9) में से 9 विमानों पर एक बार के सुरक्षा जांच पूरी कर ली थी। बाकी 24 विमानों की जांच प्रक्रिया चल रही थी, और एयर इंडिया ने कहा कि यह प्रक्रिया जल्द पूरी होगी। भारतीय फ्लीट में मौजूद 34 ड्रीमलाइनर में से 8 की जांच पूरी हो चुकी है। बाकी की जांच तत्काल प्रभाव से करने के सख्त निर्देश हैं। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सभी संबंधित बोइंग विमानों की ईंधन की आपूर्ति और मॉनिटरिंग सिस्टम की जांच सहित केबिन के दबाव और हवा की गुणवत्ता से संबंधित सिस्टम की जांच, इंजन के नियंत्रण सिस्टम की कार्यक्षमता की जांच को बेहद सूक्ष्मता से किया जा रहा है। इसके अलावा, ईंधन से संबंधित एक्ट्यूएटर्स की कार्यक्षमता, हाइड्रॉलिक सिस्टम की कार्यक्षमता और विश्वसनीयता, टेकऑफ पैरामीटर्स की समीक्षाः टेकऑफ के दौरान विमान के प्रदर्शन डेटा की जांच, के साथ ये भी परखा जा रहा है कि ट्रांजिट जांच के दौरान फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम की अनिवार्य नियंत्रण सिस्टम ठीक काम कर रहे हैं। डीजीसीए ने एयर इंडिया को दो सप्ताह के भीतर पावर एश्योरेंस टेस्ट करने का निर्देश दिया, जो यह सुनिश्चित करता है कि इंजन आवश्यक शक्ति प्रदान करने में सक्षम हैं। पिछले 15 दिनों में बोइंग 787-8/9 विमानों में बार-बार होने वाली तकनीकी खामियों की समीक्षा और तत्काल सुधार के लिए निर्देश दिये गये हैं। एयर इंडिया को इन सभी जांचों की रिपोर्ट ▶▶ शेष पेज 5 पर

### एक घायल युवक का चल रहा है इलाज

# टेंपो ने मोटरसाइकिल को टक्कर मारी, तीन लोगों की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

बाहरी उत्तरी जिले के बवाना औद्योगिक क्षेत्र में एक टाटा चैंपियन टेंपो ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। चारों लोग एक ही मोटर साइकिल पर सवार थे। मृतकों के नाम बिजय (38), रमाकांत (30) और नंदू कुमार (23) है। घायल युवक का नाम राजाराम नमलेश (19) है। सभी फैक्ट्री नंबर 110, बवाना में कार्यरत थे।

पुलिस के अनुसार शनिवार देर रात सेक्टर 3, बवाना इंडस्ट्रियल एरिया से जुड़ी सड़क पर सी 81 नंबर की एक फैक्ट्री के पास हुई भीषण दुर्घटना के संबंध में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो उन्होंने चार लोगों को सड़क पर बेहोशी की हालत में पड़ा पाया। पुलिस ने बताया कि पीड़ितों को पूठखुर्द के महर्षि वाल्मीकि अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने बिजय, रमाकांत और नंदू कुमार को मृत घोषित कर दिया। बाद में राजाराम को इलाज के लिए दूसरे अस्पताल में रेफर कर दिया गया। चारों लोग पैसन प्रो मोटरसाइकिल पर सवार थे, तभी टेंपो ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। टेंपो का चालक वाहन को कुछ दूरी पर छोड़कर मौके से भाग गया। बवाना थाने की पुलिस फरार टेंपो चालक का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने के प्रयास में जुटी हैं।




■ चारों युवक बाइक पर थे सवार

### उच्च स्तरीय बैठक के बाद भी नालों की नहीं हो रही बेहतर सफाई

# निगम आयुक्त के 'ऑपरेशन मिशन' में नहीं दिख रहा सामंजस्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आयुक्त अश्विनी कुमार के 'ऑपरेशन मिशन' की उच्चस्तरीय बैठक को बीते करीब 25 दिन हो चुके हैं लेकिन इसके बाद भी दिल्ली सरकार और दिल्ली नगर निगम के विभिन्न संबंधित विभागों के आलाधिकारियों में सामंजस्य नहीं दिख रहा है। इसके चलते अनेकों जगह नाले नालियों की सफाई नहीं पाई हैं और मानसून को लेकर अधिकारियों की उदासीनता यदि ऐसे ही चलती रही तो सिर पर खड़े मानसून के दौरान नाले-नालियों की जगह गलियों में पानी जमा होगा और नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बनेगा। बता दें कि बैठक में निगमायुक्त ने कहा था कि जलभराव से निपटने के सभी एजेंसियों के बीच समन्वय, सहयोग और सक्रिय क्रियान्वयन आवश्यक है।

लोगों का कहना है कि जब नाले या नालियां जाम होती है और एमसीडी को शिकायत की जाती है तो केवल तभी कर्मचारी आते हैं और दिखावटी तौर पर सफाई करके चले जाते हैं। गहराई से नालियों की सफाई नहीं हो पा रही है। सफाई कर्मियों से कहा जाता तो वे कहते हैं कि यह नाली एमसीडी की नहीं, या फिर उनके पास सफाई की छोटी मशीन, उपकरण नहीं है। आदर्श नगर विधानसभा, बवाना विधानसभा और नरेला विधानसभा के कई गांवों और प्रमुख मार्गों पर ऐसा ही हाल है। अलीपुर से ग्रामीण अशोक टोकस ने बताया कि यहां फिरनी मार्ग पर जगह-जगह पानी जमा है और सीवर के ढक्कन गायब हैं।



#### निगमायुक्त की अध्यक्षता में हुई थी उच्चस्तरीय बैठक

बता दें कि मानसून तैयारियों को लेकर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आयुक्त अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में गत 20 मई 2025 को 'ऑपरेशन मिशन' के तहत एक उच्च स्तरीय अंतर-विभागीय बैठक आयोजित की थी। बैठक का उद्देश्य विभिन्न विभागों और एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत करना, जलभराव की समस्याओं पर चर्चा करना और पूरे शहर में नालों की प्रभावी सफाई सुनिश्चित करना था। बैठक में लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी), दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी), दिल्ली राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम (डीएसआईडीसी), उत्तरी रेलवे, दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड, और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग सहित प्रमुख एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

# हत्या का आरोपी चार साल से दे रहा था पुलिस को चकमा, दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अपराध शाखा द्वारा हत्या के मामले में घोषित अपराधी को गिरफ्तार किया है। 2010 के इस हत्या केस में आरोपी पिछले चार वर्षों से मुकदमे से बच रहा था। गिरफ्तार आरोपी का नाम मनोज उर्फ सुकड़ा (42) निवासी झिंझाना, शामली, उत्तर प्रदेश है।

पुलिस के अनुसार जीटी करनाल रोड पर समयपुर बादली थाना इलाके में सर्विस रोड पर सीएनजी पंप के पास 13 दिसंबर 2010 को एक व्यक्ति की सिर कटी लाश बरामद हुई थी। मृतक की पहचान छिपाने के इरादे से धारदार हथियार से बेरहमी से सिर काटा गया था। शुरुआती प्रयासों के बावजूद शव कुछ समय तक अज्ञात रहा। हालांकि जांच के दौरान मृतक की पहचान विशाल के रूप में हुई थी। व्यापक जांच के बाद आरोपी मनोज को 26 जून 2018 को गिरफ्तार किया गया था। इस हत्याकांड के सह आरोपी संजय को 28 अगस्त 2018 को गिरफ्तार किया गया। मनोज 2021 में अंतरिम जमानत पर रिहा हुआ था और उसके बाद पिछले चार वर्षों से मुकदमे से बचता हुआ फरार चल रहा था। 17 सितंबर 2024 को अदालत द्वारा इसे पीओ घोषित किया गया था। अपराध शाखा ने 14 जून शनिवार को शामली के झिंझाना से मनोज को ट्रैक कर गिरफ्तार किया गया। मनोज खानपुर कलां, शामली में हुआ था। वह अविवाहित और अनपढ़ है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि सह-आरोपियों में से एक पप्पू को पहले भी सशस्त्र डकैती के एक पुराने मामले में गिरफ्तार किया गया था। उस मामले में पप्पू को दोषी ठहराया गया था और उसे सात साल की सजा सुनाई गई थी। अपनी सजा पूरी करने के बाद पप्पू ने अपने साथियों संजय, उदय और मनोज उर्फ सुकड़ा के साथ मिलकर कथित तौर पर बदला लेने की कोशिश की। उन्होंने मिलकर साजिश रची और बाद में विशाल नामक शख्स की हत्या कर दी थी। पहचान छिपाने के लिये शव का सिर कलम किया गया था।



## राहुल के जन्मदिन पर मेगा रोजगार मेला की तैयारी में जुटे यादव, घर घर जाकर खुद कर रहे पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



लोकसभा में नेता विपक्ष व कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन 19 जून 2025 पर आयोजित होने जा रहे मेगा रोजगार मेला को लेकर प्रदेश कांग्रेस जोर शोर से तैयारियों में जुटी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव लोगों के घर जाकर बेरोजगार युवाओं को जागरूक करते हुए खुद पंजीकरण कर रहे है। वीकेंड रविवार को यादव ने अपनी घरेलु सीट बादली विधानसभा की श्रद्धानंद कॉलोनी में घर-घर जाकर युवाओं को मेगा जॉब फेयर की जानकारी दी और उनका पंजीकरण भी किया। जबकि ऐसा ही सभी ब्लाक कांग्रेस अपने क्षेत्रों में युवाओं से सम्पर्क साध कर पंजीकरण में जुटी है। बता दें कि मेगा रोजगार मेला तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित होने जा रहा है। जानकारी अनुसार यादव स्वयं युवाओं से बातचीत करके बता रहे है कि मेगा जॉब फेयर में लगभग 100 कंपनियां आ रही है और युवाओं की शैक्षणिक और तकनीकी योग्यता के आधार पर रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। इस बारे में यादव ने कहा कि सभी 258 ब्लाक कांग्रेस कमेटियां अपने अपने ब्लाक क्षेत्र में पढ़े लिखे बेरोजगार युवाओं से कैंप आदि लगाकर सम्पर्क कर रहे हैं, जिसमें युवाओं की तरफ से भी अच्छा रिस्पॉस मिल रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली कांग्रेस और भारतीय युवक कांग्रेस द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित होने वाला मेगा जॉब फेयर गरीब युवाओं के लिए मील का पथर साबित होगा। दिल्ली विधानसभा चुनाव में दिल्ली कांग्रेस ने युवा उड़ान योजना के तहत शिक्षित बेरोजगार युवाओं की पहली नौकरी पक्की करने का वादा किया था। दिल्ली कांग्रेस सत्ता में बेशक नहीं आ सकी, लेकिन दिल्ली के शिक्षित बेरोजगार युवाओं की पहली नौकरी पक्की करने की दिशा में कांग्रेस मेगा जॉब फेयर लगाकर रोजगार दिलाएगी।

# 21 साल से फरार डॉक्टर डेथ का सहयोगी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सीरियल किलर देवेंद्र शर्मा उर्फ डॉ. डेथ के सहयोगी और घोषित अपराधी को दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने 21 साल बाद गिरफ्तार किया है। आरोपी राजेंद्र उर्फ राजू (59) अलीगढ़, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। इसे शनिवार को अलीगढ़ के कासिमपुर से गिरफ्तार किया गया। सरिता विहार थाने में दर्ज हत्या के मामले में इसे भगौड़ा अपराधी घोषित किया गया था।

डीसीपी आदित्य गौतम ने बताया कि राजेंद्र पहले देवेंद्र शर्मा का करीबी सहयोगी था। वह दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में ट्रक और टैक्सी चालकों के अपहरण और हत्या सहित कई जघन्य अपराधों में सक्रिय रूप से शामिल था। गिरोह यूपी के कासगंज में मगरमच्छों से भरे हजारा नहर में शवों को ठिकाने लगाता था। फरारी के दौरान राजेंद्र को जयपुर में एक हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई थी और उसने 2007 से 2021 तक अपनी सजा काटी। इस दौरान उसने झूठी पहचान का इस्तेमाल किया और कई अन्य मामलों में अपनी संलिप्तता को छिपाया। वह दिल्ली और गुरुग्राम में अपहरण और हत्या के चार अतिरिक्त मामलों में भी वांछित पाया गया था। गत दिनों क्राइम ब्रांच ने 19 मई 2025 को राजस्थान के दौसा से देवेंद्र शर्मा को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान शर्मा ने खुलासा किया कि उसका सहयोगी राजेंद्र 2003-2004 से गिरोह के संचालन से जुड़े कई मामलों में अभी भी फरार है। हाल ही में टीम को राजेंद्र के अलीगढ़ के कासिमपुर में होने का पता चला। आरोपी वहां एक स्थानीय पंप हाउस में सुरक्षा गार्ड के रूप में काम कर रहा था। आरोपी पेशे से किसान था। 2003 में एक व्यक्तिगत विवाद के बाद वह देवेंद्र शर्मा के गिरोह में शामिल हो गया था। गिरोह टैक्सी और ट्रक ड्राइवरों को अपनी सेवाएं देकर लालच देता था और बाद में उनकी हत्या कर देता था। शवों को ठिकाने लगा कर उनके वाहनों को ग्रे मार्केट में बेच देता था।



## दिल्ली में पानी को लेकर भाजपा सरकार प्रबंधन में फेल : भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली में पानी की कमी का आरोप लगाते हुए रविवार को भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। आप दिल्ली के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पूरी दिल्ली में पानी को लेकर त्राहि-त्राहि मची है। चार इंजन की भाजपा सरकार पानी के प्रबंधन में पूरी तरह फेल है। इन गर्मियों में सरकार ने एक भी नया ट्यूबवेल नहीं लगवाया। नए इलाकों में पानी पहुंचाना तो दूर की बात है, जिन इलाकों में पहले पर्याप्त पानी आता था, वहां भी भाजपा सरकार पानी नहीं दे पा रही है। भाजपा आम आदमी पार्टी की सरकार पर पानी के कुप्रबंधन का आरोप लगाते थे तो अब ये लोग पानी का प्रबंधन क्यों नहीं कर पा रहे। प्रैसवार्ता में भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बने चार महीने होने वाले हैं। किसी भी नई सरकार के लिए चार महीने काफी समय होता है, ताकि वह अपने राज्य के लिए कुछ नया और बेहतर कर सके। मगर जून के महीने में दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में पानी की इतनी भारी कमी है कि लोग हाथ जोड़ रहे हैं। दिल्ली में ऐसी भीषण पानी की कमी कभी नहीं देखी गई। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दक्षिणी दिल्ली के अंबेडकर नगर विधानसभा में पानी की भारी कमी है। देवली विधानसभा में लोग पानी की कमी को लेकर जल बोर्ड के दफ्तर पर धरना दे रहे हैं। एक हफ्ते पहले वहां लोगों ने जल बोर्ड के दफ्तर के बाहर मटके फोड़े हैं। बदरपुर विधानसभा के लोग पूरी रात पानी के लिए जागते हैं। ट्यूबवेल के पानी के लिए भी दो-दो घंटे लाइन में लगकर इंतजार करना पड़ता है, तब जाकर लोग पानी भर पाते हैं। तुगलकाबाद विधानसभा में भी पानी की कमी है और पहले जो 40-46 टैंकर आते थे, वो भी आधे कर दिए गए हैं।

# मोदी की सकारात्मक राजनीति से देश लगातार विकास के मार्ग पर अग्रसर : दुष्यंत गौतम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में एक सकारात्मक राजनीति का संचार किया और आज उसका परिणाम है कि देश लगातार विकास के मार्ग पर अग्रसर है। दिल्ली भाजपा मयूर विहार जिला द्वारा रविवार को जिला कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के सेवा सुशासन और ग़रीब कल्याण के 11 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम ने रविवार को यह संबोधन दिया। उन्होंने कहा कि यह सरकार भविष्य को ध्यान में रखकर, देश को आगे की दिशा में ले जाने की सोच के साथ कार्य कर रही है। इसलिए आज हम विकसित भारत की बात करते हैं। इस अमृत काल और बीते 10-11 वर्षों ने विकसित भारत की नींव रखी है। इस नींव को मजबूत करने के लिए जो भी आवश्यक सभी कार्य जरूरी है वे सभी लिए गए हैं। आज की प्रदर्शनी बताती है कि पिछले 11 सालों में कई इतिहास लिखे गए हैं और एक ऐसे मजबूत हाथों में आज देश की कमान है जो गरीब कल्याण और अंतिम पायदान के व्यक्ति को भी मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया है। बता दें कि प्रदर्शनी के साथ ही यहां प्रोफेशनल मीट का भी आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा एवं राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम उपस्थित रहे।




■ 11 वर्षों की उपलब्धियों पर आधारित लगाई गई एक विशेष प्रदर्शनी


#### दिल्ली ने देखी केंद्र सरकार की सकारात्मक राजनीति : सचदेवा

दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली ने पिछले 11 सालों में केन्द्र सरकार की सकारात्मक विकास की राजनीति और अरविंद केजरीवाल की नकारात्मक भ्रष्टाचार एवं झूठ की राजनीति देखी है। रेखा गुप्ता सरकार ने अपने 100 दिनों में दिल्लीवालों को आयुष्मान कार्ड देने के साथ ही पिछली केजरीवाल सरकार के शासनकाल के भ्रष्टाचार को खत्म किया और अब सुशासन की सरकार चलाने की ओर अग्रसर है। वहीं, इस मौके पर मयूर विहार जिला अध्यक्ष विजेन्द्र धामा, पूर्व महापौर जय प्रकाश, प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम के संयोजक जिला महामंत्री नीरज शर्मा सहित कई गणमान्य मौजूद रहे।

## बिजली की मांग अब भी 7800 मेगावाट के पार हो रही है दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

झमाझम बारिश के बाद जहां पारे में भारी गिरावट देखने को मिली है, वहीं बिजली की मांग अब भी 7800 मेगावाट से अधिक दर्ज हो रही है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर दिल्ली (एसएलडीसी) पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार रविवार को अधिकतम बिजली की मांग 7829 मेगावाट दर्ज हुई। जबकि शनिवार को 7966 मेगावाट बिजली की खपत दर्ज हुई थी। वीकेंड रविवार का अवकाश होने के बावजूद बिजली की मांग में महज 137 मेगावाट की कमी दर्ज हुई। जहां एक तरफ झमाझम बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है वहीं मौसम विभाग को भी कई दिनों बाद अपनी भविष्यवाणी के सच साबित होने से राहत महसूस हो रही होगी। बावजूद इसके दिल्ली के कई क्षेत्रों में बिजली की कटौती की खबर है। इस बारे में निजी बिजली आपूर्ति कंपनियों बीएसईएस व टाटा पावर डीडीएल का दावा है कि मांग बेशक अभी उच्च स्कोर पर है लेकिन कटौती की कोई गुंजाइश नहीं है। इन कंपनियों का दावा है कि पूर्व अनुमान के तहत 9 हजार मेगावाट मांग तक के लिए पूरी तरह तैयार है। कंपनियों का दावा है कि आगामी मानसून में बारिश के चलते संभावित जलभराव को देखते हुए सभी तैयारियां कर रखी है। कंपनियों का कहना है कि अपने अपने स्तर पर लोगों को मानसून के दौरान बिजली के खंभों, बोर्ड, ट्रांसफार्मरों, तारों आदि से दूरी बनाए रखने के लिए जागरूक किया जा रहा है, यह अभियान आने वाले दिनों में और जोर शोर से चलाए जाएगें।



### पोस्टमार्टम के लिए कब्र खोदकर निकाला था बच्चे का शव

# वाटर पार्क में डूबे बच्चे का करवाया गया पोस्टमॉर्टम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अलीपुर स्थित जस्ट चिल वाटर पार्क में डूबने से शुक्रवार को हुई सात साल के असद की मौत के मामले में पुलिस ने जांच तेज कर दी है। परिवार ने बिना पुलिस को खबर दिए बच्चे को मुस्तफाबाद के कब्रिस्तान में दफना दिया था। शनिवार देर रात पुलिस ने कब्र खोदकर शव को निकाला। रविवार को शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। इसके बाद शव को स्वजन को सौंपा और परिवार ने फिर से बच्चे को दफनाया। पुलिस वाटर पार्क प्रबंधन पर लगे लापरवाही के आरोपों की जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम लगभग 5 बजे यामीन अपने बच्चों और भतीजे असद निवासी नेहरू विहार के साथ सिडनी ग्रांड, अलीपुर में जस्ट चिल वाटर पार्क में घूमने आया था। जब परिवार के सभी सदस्य पूल में थे, तो असद पानी में डूब गया था। इसके बाद उसे परम नर्सिंग होम, कुंडली, सोनीपत ले जाया गया जहां लड़के को मृत घोषित कर दिया गया। इसके बाद यासीन ने अपने भाई को लड़के की मौत के बारे में सूचना दी। इसके बाद परिवार ने लड़के के शव को ले जाकर दफना दिया था। शनिवार को घटना के संबंध में अलीपुर थाने में सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद बीएनएस की उचित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। बच्चे के परिवार में पिता सलमान, मां रुखसार, एक छोटा भाई व बहन है। असद एक निजी स्कूल में एलकेजी कक्षा में पढ़ता था। पिता पेशे से चालक हैं। पिता सलमान ने पुलिस को बताया कि असद की जन्म से ही किडनी खराब थी। सात बार उसका आपरेशन हो चुका था। उनकी पत्नी दो बच्चों को लेकर लोनी अपने मायके गई हुई थी।



# मासूम बच्चे की डूबने से मृत्यु का जिम्मेदार कौन? मुख्यमंत्री या फिर महापौर: नारंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में महापौर राजा इकबाल सिंह बताएं कि मासूम बच्चे की डूबने से हुई मौत के लिए जिम्मेदार कौन है? आम आदमी पार्टी (आप) के एमसीडी में नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा सरकार को घेरते हुए मुख्यमंत्री और महापौर से यह प्रश्न किया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की एमसीडी ने मोटी फीस लेकर दिल्ली के पीतमपुरा स्थित एमसीडी कम्युनिटी सेंटर के स्वीमिंग पूल को निजी हाथों में सौंप दिया, लेकिन सुरक्षा मानकों पर ध्यान नहीं दिया। नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि एमसीडी की लापरवाही से मासूम बच्चे की जान गई है, लेकिन कार्रवाई को लेकर सीएम रेखा गुप्ता और महापौर राजा इकबाल सिंह चुप है। उन्होंने कहा कि स्वीमिंग पूल में जब यह घटना हुई, उस दौरान वहां लाइफगार्ड मौजूद नहीं था। वहां सुरक्षा उपकरण व सीसीटीवी कैमरे भी नहीं थे। जब तक लाइफगार्ड वहां आकर बच्चे को बाहर निकालता, तक तक उसकी मौत हो चुकी थी।

नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने कहा कि शुक्रवार को इस स्वीमिंग पूल में दिल्ली निवासी छह वर्षीय बच्चा दक्ष राठी की स्विमिंग के दौरान दुखद मौत हो गईं। दक्ष राठी के साथ दो अन्य बच्चे भी स्विमिंग कर रहे थे। उन दोनों बच्चों को पता चला कि दक्ष राठी, दिखाई नहीं दे रहा है तो उन्होंने शोर मचाया। इसके बाद वहां लाइफगार्ड आए। डूबने के तीन-चार मिनट बाद लाइफ गार्ड ने दक्ष को पानी से बाहर निकाला और अस्पताल लेकर गए। डॉक्टरों ने दक्ष राठी को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने बताया कि बच्चा तीन से चार मिनट तक पानी में डूबा रहा, जिसके कारण उसकी मृत्यु हुई।

नेता विपक्ष अंकुश नारंग ने प्रेसवार्ता में कहा कि महापौर राजा इकबाल सिंह और सीएम रेखा गुप्ता ने अभी तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। रेखा गुप्ता मुख्यमंत्री हैं, उनके इलाके में यह हादसा हुआ है। सीएम को बताना चाहिए कि उन्होंने सुरक्षा मानकों का उल्लंघन करने वाले स्विमिंग पूल्स के खिलाफ क्या कार्रवाई की? उन्होंने कहा कि दिल्ली की सीएम और महापौर बताएं कि इस हादसे को लेकर प्राइवेट कंसेशनरी पर क्या कार्रवाई की है।



## ब्लू लाइन पर तकनीकी खराबी के चलते मेट्रो सेवा रही बाधित



**नई दिल्ली।** दिल्ली की लाइफ लाइन कही जाने वाली दिल्ली मेट्रो रेल ने एक बार फिर रविवार को यात्रियों को परेशान किया। डीएमआरसी की ब्लू लाइन (द्वारका सेक्टर 21 से नोएडा इलेक्ट्रॉनिक सिटी/वैशाली) पर आई तकनीकी खराबी के चलते रविवार 15 जून, 2025 सुबह करोल बाग से राजेंद्र पैलेस के बीच मेट्रो परिचालन बाधित रहा। मेट्रो में खराबी से परेशान यात्रियों ने डीएमआरसी के अधिकृत सोशल मीडिया मंच एक्स जमकर अपनी भड़ास निकाली। लोगों ने आए दिन आने वाली खराबी को लेकर अपनी नाराजगी प्रकट की। वहीं डीएमआरसी ने मेट्रो की खराबी को लेकर सुबह 5.54 पर एक्स पर पोस्ट किया और लिखा कि राजेंद्र पैलेस से करोल बाग के बीच मेट्रो सेवाएं प्रभावित है। डीएमआरसी ने लिखा कि बाकी सभी लाइनों पर मेट्रो सेवाएं सामान्य रूप से चल रही है। बाद में फिर करीब एक घंटे बाद डीएमआरसी ने पोस्ट किया कि सेवाएं सामान्य हो गई है। लेकिन इसके बाद फिर डीएमआरसी ने लगभग 11.21 पर पोस्ट करते हुए लिखा कि करोल बाग से कीर्ति नगर के बीच मेट्रो सेवा देरी से चल रही है। इस पोस्ट के लगभग डेढ़ घंटे बाद 12.47 बजे पुन डीएमआरसी ने पोस्ट की ओर यात्रियों को बताया कि लिखा कि इस खंड पर मेट्रो सेवाएं सामान्य हो गई है। इस बारे में डीएमआरसी से अधिक जानकारी नहीं मिल पाई। लेकिन दूसरी तरफ यात्रियों का कहना है कि मेट्रो में खराबी आना अब आम बात हो चुकी है। कब कहां मेट्रो खराब होगी कोई नहीं बता सकता। मजबूरी है कि अन्य साधनों की तुलना में मेट्रो महंगी होने के बावजूद इसमें यात्रा करनी पड़ती है।

### पारे में भारी गिरावट, कई जगह गिरे पेड़

# दिल्ली में आधी रात के बाद तेज आंधी बारिश ने दी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



कई दिनों भीषण गर्मी और उमस से बेहाल दिल्ली को शनिवार-रविवार देर रात हुई झमाझम बारिश ने राहत दी है। लेकिन तेज आंधी व बारिश के चलते दिल्ली के कई क्षेत्रों में पेड़ गिरने व जलभराव ने परेशानी भी पैदा की। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार लंबे इंतजार के बाद आई प्री मानसून बारिश से पारा गिरने से लोगों को राहत मिली है। बारिश के बाद वीकेंड पर अधिकतम तापमान गिरकर 35.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 3.2 डिग्री नीचे है। जबकि शनिवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री से अधिक दर्ज हुआ था। वहीं न्यूनतम तापमान बड़ी गिरावट के बाद 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य तापमान से 7.5 डिग्री नीचे है। आईएमडी के अनुसार सफदरजंग वेधशाला में सुबह साढ़े आठ बजे तक 42 मिमी बारिश दर्ज हुई है। जबकि सबसे ज्यादा बारिश लोधी रोड पर 44.2 मिमी के रूप में दर्ज हुई। वहीं इसके बाद पूसा में 29 मिमी पानी बरसा है। आईएमडी ने ताजा अनुमान में सोमवार से बुधवार लगातार तीन दिनों के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि इस दौरान हल्की बारिश दर्ज हो सकती है। जबकि इस बीच दिल्ली में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे, गरज के साथ बारिश, तूफान, बिजली चमकने के साथ 40-50 किमी प्रति घंटा की गति से तेज हवाएं चलेगी। वहीं शाम या रात के समय गरज व तूफान के साथ अस्थाई रूप से हवा की गति बढ़कर 60 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है।

## बारिश में ढाबे पर गिरा पेड़, करंट लगने से दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दक्षिण जिले के आरके पुरम में रविवार तड़के बारिश और तूफान के कारण एक ढाबे पर पेड़ गिर गया। इस घटना में बिजली का तार टूटने से ढाबे में करंट दौड़ गया जिसकी चपेट में आने से दो कर्मचारियों रवींद्र (30) और भारत (25) की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों मधुबनी बिहार के रहने वाले थे।

पुलिस के अनुसार तड़के चार बजकर 29 मिनट पर इस घटना के संबंध सूचना प्राप्त हुई थी। पुलिस टीम आरके पुरम सेक्टर-1 स्थित विवेकानंद मार्ग पर पहुंची। पुलिस को कॉल करने वाले सुनील (45) निवासी नजफगढ़ ने बताया कि वह एमसीडी कियोस्क में ढाबा चलाता है। उसके दो कर्मचारी रवींद्र और भारत नियमित रूप से कियोस्क के बाहर सो रहे थे। रात में भारी बारिश और तूफान के कारण, एक पेड़ कियोस्क पर गिर गया, जिससे एक बिजली का तार क्षतिग्रस्त हो गया और परिसर के पास करंट प्रवाहित हो गया। दोनों कर्मचारी और एक गली का कुत्ता करंट के संपर्क में आकर बेहोश हो गए। एलएफ पूरन मीना के नेतृत्व में फायर ब्रिगेड और एलएम राकेश के नेतृत्व में बीएसईएस की एक टीम भी मौके पर पहुंची और बचाव व सहायता में जुट गई। घायल व्यक्तियों को बेहोशी की हालत में एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। दक्षिण-पश्चिम जिले की फोरेंसिक टीम ने भी निरीक्षण के लिए घटनास्थल का दौरा किया तथा बीएसईएस इंस्पेक्टर को घटनास्थल की जांच करने और उसे सुरक्षित करने के लिए बुलाया गया। आगे की जांच जारी है।

## 100 फुट ऊंचा मोबाइल टावर गिरा, कोई हताहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण दिल्ली के सफदरजंग एन्क्लेव में रविवार तड़के तूफान और बारिश के कारण 100 फुट ऊंचा एक मोबाइल टावर गिर गया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। बताया गया है कि यह टावर एक महीने पहले की लगाया गया था और स्थानीय लोगों ने इसका विरोध भी किया था।

मिली जानकारी के अनुसार सफदरजंग एन्क्लेव के बी-2 ब्लॉक में यह घटना सामने आई। स्थानीय निवासियों का कहना है कि घटना तड़के करीब चार बजे उस समय हुई जब तेज हवाओं के साथ बारिश हुई। मालवीय नगर से आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व विधायक सोमनाथ भारती ने भी घटनास्थल का दौरा किया और स्थानीय लोगों से मुलाकात की। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, "बी-2 सफदरजंग एन्क्लेव में भारी विरोध के बावजूद लगाया गया मोबाइल टावर बीती रात गिर गया। सोचिए, अगर यह टावर दिन में गिरता या बी-2 की इमारतों की ओर गिरता तो क्या होता? ऐसी लापरवाही आपराधिक है। उधर पुलिस मामले में कुछ भी कहने से बच रही है।

## निवासियों के विरोध के बावजूद लगा टावर तीन हफ्ते में गिरा : भारती


हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक सोमनाथ भारती ने रविवार को कहा कि मालवीय नगर विधानसभा के बी-2 सफदरजंग एन्क्लेव के निवासियों के भारी विरोध के बावजूद एमसीडी ने मोबाइल टावर लगवा दिया, जो तीन हफ्ते बाद ही रविवार सुबह आए आंधी-तूफान में गिर गया। शुक्र है कि टॉवर आवासीय एरिया की तरफ नहीं गिरा और दिन में नहीं गिरा वरना जान-माल को भारी नुकसान हो सकता था। उन्होंने कहा कि सफदरजंग एन्क्लेव के निवासियों को पहले गुमराह किया गया कि यहां हाईमास्ट लाइट लगेगी, लेकिन बाद में मोबाइल टावर लगा दिया गया। उन्होंने भाजपा सरकार से अपील है कि अब यह टावर कहीं और लगाया जाए और टावर लगाने के पहले आरडब्ल्यूए और निवासियों से एनओसी लेना जरूर किया जाए। प्रैसवार्ता में सोमनाथ ने कहा विधानसभा क्षेत्र के बी-2 सफदरजंग एन्क्लेव में रविवार सुबह 4 बजे आए आंधी-तूफान में 100 फुट ऊंचा मोबाइल टावर अचानक गिर गया। अगर इस टावर की दिशा आवासीय एरिया की ओर होती या यह घटना दिन में हुई होती, तो बहुत बड़ी क्षति हो सकती थी। इस हादसे में कई लोगों की जान जा सकती थी। बी-2 सफदरजंग एन्क्लेव के निवासी और आरडब्ल्यूए इस घटना से बहुत आहत हैं। इस मोबाइल टावर को लगने से रोकने के लिए लंबा संघर्ष चला है। आरडब्ल्यूए के माध्यम से रेजिडेंट्स ने मुझसे भी शिकायत कर अपनी व्यथा व्यक्त करने का प्रयास किया। 16 मई को आरडब्ल्यूए ने एमसीडी के अधिकारियों और पुलिस के स्थानीय एसएचओ से संपर्क किया, लेकिन किसी ने उनकी नहीं सुनी। रेजिडेंट्स ने बहुत प्रयास किया कि इस घनी आबादी वाले इलाके में टावर न लगे। 20 मई 2025 को मैं भी कमिश्नर से मीटिंग की और कमिश्नर ने वादा किया कि टावर को दूसरी जगह शिफ्ट कर दिया जाएगा, लेकिन फिर भी टावर वही लगाया गया। सोमनाथ ने कहा कि वह सरकार से विनती करते हैं कि जहां जान-माल की हानि का खतरा हो, वहां बिना आरडब्ल्यूए और रेजिडेंट्स के राय के टावर न लगाए जाएं। सरकारें जनसेवा के लिए होती हैं, न कि जनता को तकलीफ देने के लिए होती हैं।

■ **सोमनाथ ने सरकार से की टावर को दूसरी जगह लगाने की अपील**

## जलभराव की समस्या पर केंद्र सरकार सख्त केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली में मानसून से पहले जलभराव की समस्या को लेकर केंद्र सरकार सतर्क हो गई है। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने रविवार को सरोजनी नगर मार्केट, लोधी एस्टेट और एनबीसीसी द्वारा निर्मित हाउसिंग कॉम्प्लेक्स समेत कई जलभराव संभावित इलाकों का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत चहल भी मौजूद थे। मनोहर लाल ने इलाके में मौजूद अधिकारियों से निर्माण कार्यों की प्रगति और लोगों को होने वाली असुविधाओं के बारे में जानकारी ली। खास तौर पर यह जानने की कोशिश की कि सरोजिनी नगर मार्केट में निर्माणाधीन इमारतों के कारण यातायात और जल निकासी में कोई दिक्कत तो नहीं हो रही। केंद्रीय मंत्री ने लोधी एस्टेट में अक्सर जलभराव की शिकायतें आने के कारण वहां सीवेज पंप स्टेशन का निरीक्षण किया और पंपों की कार्यक्षमता की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मानसून से पहले सभी जरूरी व्यवस्थाएं समय पर पूरी कर ली जाएं ताकि नागरिकों को परेशानी न हो। उन्होंने कहा कि हमने सरोजिनी नगर में फ्लैट्स और शोरूम समेत आस-पास के मार्केट एरिया का निरीक्षण किया। जलभराव की समस्या गंभीर चिंता का विषय बन गई है। जनता की शिकायतों को गंभीरता से लिया गया है। संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित करें। दरअसल, बीते दिनों सरकारी दफ्तरों के इर्द-गिर्द जलभराव की समस्याओं को लेकर भी कई शिकायतें मिली थीं, जिसके मद्देनजर केंद्रीय मंत्री ने यहां का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार दिल्ली में नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उल्लेखनीय है कि मानसून से पहले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सभी विभागों को नालों की सफाई को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया था। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि जल निकासी व्यवस्था दुरुस्त हो, ताकि बारिश के मौसम में लोगों को असुविधा न हो।

### बारिश के कारण दिल्ली में कई जगह हुआ जलभराव, सरकार रही सतर्क

दिल्ली में बारिश के चलते कई जगह जलभराव लेकिन सरकार की तत्परता से कुछ ही समय में जलभराव की स्थिति पर काबू पा लिया गया। लोक निर्माण विभाग की ऑनलाइन शिकायत सेवा के अनुसार रविवार जलभराव की 26 शिकायतें दर्ज की गईं। इनमें कुछ शिकायतें नालों और सीवर से जुड़ी भी शामिल हैं। पीडब्ल्यूडी की ऑनलाइन शिकायत सेवा के अनुसार इस माह में जलभराव की 226 शिकायतें दर्ज हुईं है। जिनमें से 117 शिकायतों को लंबित दिखाया गया है।

## विस चुनाव में करोड़ों रुपए मिलने के आरोपों का कांग्रेस पार्टी ने दिया आप को करारा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ **केजरीवाल व उनकी आप पार्टी को बताया शराब घोटाले में चार्जशीटेड नेताओं की पार्टी**

विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर आम आदमी पार्टी द्वारा लगाए गए करोड़ों रुपए मिलने के आरोपों पर प्रदेश कांग्रेस ने तीखी प्रतिक्रिया करते हुए करारा जबाब दिया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कम्युनिकेशन एवं मीडिया विभाग ने बकायदा बयान जारी करते हुए कहा कि 7 जनवरी से 10 फरवरी 2025 के बीच कांग्रेस को जो राशि राष्ट्रीय पार्टी मुख्यालय को प्राप्त हुई, वह पूरी तरह वैधानिक है। जबकि आम आदमी पार्टी ने इस अवधि में मात्र 2,000 की राशि दिखाकर पूरे चुनावी वित्त का मजाक बनाया है, यह खुद में एक बड़ा घोटाला है। कांग्रेस ने आप पार्टी से कई सवालों के जबाब मांगे है। जिनमें क्या आम आदमी पार्टी शराब घोटाले में चार्जशीटेड नेताओं की पार्टी नहीं है, पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पर लगे गंभीर आरोपों का जवाब क्यों नहीं दिया जा रहा, आप पार्टी भ्रष्टाचारी नेताओं पर अब तक कोई कारवाई क्यों नहीं कर रही है, क्या भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच कोई 'सीक्रेट गठबंधन' है, यदि नहीं तो सीबीआई और ईडी की जांच के बावजूद आम आदमी पार्टी के बड़े नेता आजाद कैसे घूम रहे हैं, विदेशी चंदे के मामले में सीबीआई द्वारा एफसीआरए कानून उल्लंघन की जांच में अब तक कोई गिरफ्तारी क्यों नहीं हुई। इनके अलावा कांग्रेस ने पूछा कि वर्ष 2017 में आयकर विभाग द्वारा दिए गए नोटिस के अनुसार आप पार्टी ने 2014 में अपने चंदे के स्रोत को गलत बताया, जिससे 30.67 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी हुई, लेकन इस पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। चुनाव आयोग को दिए गए खर्च में काले धन को क्यों नहीं बताया गया,आप के चुनावी खर्च की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच क्यों नहीं कराई जा रही। कांग्रेस ने पूछा कि 2015 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी ने जो 50 लाख के चार फर्जी चेक जमा किए थे, उनकी सत्यता की जांच क्यों नहीं की गई। यदि जांच हुई है तो उस पर अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हूई। जब कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टी को चेक से केवल 20 करोड़ रुपये प्राप्त होते हैं, तो पंजाब और दिल्ली तक सिमटी तथा अपने अंतिम काल में चल रही आम आदमी पार्टी को कैसे 16 करोड़ रुपये से अधिक के चेक मिलते हैं। क्या 2015 के विधानसभा चुनाव की तरह ही ये चेक फर्जी थे, इसकी जाँच कब होगी। कांग्रेस ने सवाल उठाया कि भाजपा और आम आदमी पार्टी, दोनों ने अपनी आमदनी चेक से दिखाई है, कैश में हुई आमदनी को आखिर क्यूँ छुपाया गया। जबकि अधिकाँश खर्च काला धन चुनाव में हुआ क्या यह संयोग है या संकेत कि दोनों के बीच पर्दे के पीछे कोई साठगांठ है। क्या यह सही नहीं कि आम आदमी पार्टी आरएसएस की ही एक राजनीतिक प्रयोगशाला थी, जिसे भाजपा ने दिल्ली की सत्ता में बैकडोर से प्रवेश करने के लिए खड़ा किया। क्यों अधिकतर कैग रिपोर्ट विधानसभा में पेश नहीं की गईं, और जो पेश की गईं, उन पर अभी तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई? कांग्रेस पर लगाए गए आरोप निराधार और भ्रामक हैं। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा ने कांग्रेस के खाते फ्रिज करवाने से लेकर ना जाने तमाम जाँच एजेंसियों का इस्तेमाल कर देख लिया और एक रुपये का गड़बड़झाला नहीं मिला। तो ऐसे में खुद की जगह अपनी बी टीम यानी आप पार्टी को खड़ा कर दिया है। जबकि भाजपा को सीधे-सीधे कांग्रेस से लड़ने की हिम्मत दिखानी चाहिए ना कि बी टीम की मदद लेनी चाहिए। यदि आम आदमी पार्टी में साहस है, तो वह खुद पर लगे इन सवालों का जवाब सार्वजनिक रूप से दे, अन्यथा उसे अपनी राजनीतिक असफलताओं के लिए दूसरों पर दोषारोपण बंद करना चाहिए।

## आईपी यूनिवर्सिटी में खुलेगा भारतीय ज्ञान प्रणाली का केंद्र

**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी अपने द्वारका कैम्पस में भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) के लिए एक केंद्र शुरू करने जा रही है।

इस केंद्र का नाम 'इन-सिटू सेंटर फॉर इंडियन नॉलेज सिस्टम एंड टेक्नोलॉजी इनोवेशन' (सीआईकेटीएसआई) होगा, जो शुरुआत में यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ एजुकेशन से स्व-वित्तपोषित मोड में चलेगा। विश्वविद्यालय के कुलपति पद्मश्री प्रोफेसर (डॉ.) महेश वर्मा ने कहा कि इस केंद्र की स्थापना भारत के प्राचीन ज्ञान को आधुनिक शिक्षा और अनुसंधान के साथ एकीकृत करने के दृष्टिकोण में निहित है। इसका सार प्रायोगिक शिक्षा, मेंटरशिप और समग्र विकास की विशेषता वाली प्राचीन गुरु-शिष्य परंपरा के अनुरूप है। स्कूल की डीन प्रोफेसर सरोज शर्मा इस केंद्र का नेतृत्व करेंगीं। प्रोफेसर शर्मा ने कहा कि यह केंद्र बहु-विषयक आउटपुट प्रदान करने और विभिन्न विषयों में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए काम करेगा। इसके लिए एक कार्यकारी समिति का गठन किया जाएगा जिसमें विश्वविद्यालय के सभी संबंधित स्कूलों के प्रतिनिधि शामिल होंगे ताकि केंद्र की पहलों का एकीकृत और समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके।

### तेज धूप और बारिश से यात्री परेशान

# बस स्टैंडों की जगह 'रूट पत्ती' लगा कर चलाया जा रहा है काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




■ **क्षेत्रीय आरडब्ल्युए ने लिखा सीएम को पत्र**

दिल्ली में अब बस स्टैंडों की जगह 'रूट पत्ती' लगा कर कार्य चलाया जा रहा है और इसके चलते कई बार बस स्टैंड़ों पर बस नहीं रोकने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं। वहीं, इसके साथ ही बस यात्रियों को तेज धूप और बारिश जैसी समस्याओं का सामना भी करना पड़ रहा है। बस यात्रियों का कहना है कि देश और दिल्ली में अब भाजपा की सरकार है और दिल्ली में रेखा गुप्ता सरकार के पास फंड की भी कोई कमी नहीं हैं, क्योंकि दिल्ली सरकार ने वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए 100 करोड़ लाख रुपए का बजट पेश किया है। बता दें कि नरेला विधानसभा क्षेत्र के बांकनेर गांव की आरडब्ल्यूए के अध्यक्ष एस एल खत्री ने राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 44 स्थित सिंघु बॉर्डर पर बस स्टैंड नहीं होने को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और परिवहन मंत्री पंकज कुमार सिंह को पत्र लिखा है। पत्र में यहां पर मूलभूत सुविधाएं जैसे पीने का पानी व शौचालय उपलब्ध करवाने का अनुरोध किया गया है। बता दें कि बुराड़ी, नरेला, बवाना, कुतुबगढ, कंझावला, नजफगढ़ क्षेत्रों में रूट पत्ती वाले और ऐसे बदहाल बस स्टैंड़ों को आसानी से देखा जा सकता है।

दिल्ली देहात के बस यात्रियों का कहना है कि भले ही दिल्ली में यात्रियों के लिए मैट्रो रेल व डीटीसी की एयर कंडीश्नर बसें चलाई जा रही हैं लेकिन दिल्ली देहात में रूट पत्ती वाले बस स्टैंडों का सहारा लेना पड़ रहा है और ये पत्तियां बस यात्रियों को ना तो तेज धूप से बचा सकते हैं और ना ही बारिश से बचाने में सक्षम हैं। इसके अलावा अन्य कई मुख्य मार्गों पर छत टूटे हुए, गिरने के कगार पर व जोखिम भरे बस स्टैंड़ आसानी से नजर आ सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दिल्ली में भाजपा सरकार को 100 दिन से अधिक हो चुके हैं लेकिन इस तरफ ना तो मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, परिवहन मंत्री पंकज सिंह ध्यान दे रहे हैं और ना ही डीटीसी प्रशासन।

## व्यापार एवं कर विभाग ने 14 करोड़ रुपए की जीएसटी रिफंड में धोखाधड़ी का किया भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ **अब तक 1.16 करोड़ बरामद, एक गिरफ्तार**

दिल्ली सरकार के व्यापार और कर विभाग ने लगभग 14 करोड़ रुपए की राशि के माल और सेवा कर (जीएसटी) रिफंड धोखाधड़ी के एक मामले का पर्दाफाश किया है। जांच में ऐसे व्यक्तियों के एक नेटवर्क का पता चला, जिन्होंने वास्तविक व्यावसायिक गतिविधियों की आड़ में अवैध रूप से जीएसटी रिफंड का दावा करने के लिए चार काल्पनिक फर्म बनाई और संचालित कीं। इस मामले में बैंकिंग लेनदेन की जांच सहित अत्याधुनिक बड़े डेटा एनालिटिक्स और विस्तृत श्रृंखला विश्लेषण का उपयोग दिल्ली, अन्य राज्यों और यहां तक कि हांगकांग और सिंगापुर जैसे अंतरराष्ट्रीय क्षेत्राधिकारों में स्थित कई संस्थाओं में धन के प्रवाह का पता लगाने के लिए किया गया था। विभाग की डेटा आधारित जांच में धोखाधड़ी करने वाली फर्मों द्वारा इस्तेमाल किए गए समान पैन, मोबाइल नंबर और ईमेल पते का उपयोग करने वाली कई संस्थाओं की पहचान की गई है। आयकर विभाग के साथ समन्वय में, विभाग ने धोखाधड़ी की गतिविधियों से जुड़े पैन को भी चिह्नित किया है और ब्लॉक करने की सिफारिश की है, जिससे आगे के दुरुपयोग को रोका जा सके। चूंकि भारत के बाहर स्थित संस्थाओं में पैसा होने का पता चला है, इसलिए आवश्यक कार्रवाई के लिए केंद्र सरकार के राजस्व विभाग को एक विस्तृत रिपोर्ट भी सौंपी जा रही है। धोखाधड़ी का पता चलने के बाद तेजी से वसूली के प्रयास भी शुरू किए गए। अब तक 1.16 करोड़ रुपए वसूल किए गए हैं, और शेष राशि को वापस पाने के लिए कार्यवाही जारी है। विभाग ने 27 आरोपित संस्थाओं से जुड़े 45 बैंक खातों को भी फ्रीज कर दिया है, जिससे अवैध धन की आगे की आवाजाही या डायवर्जन को प्रभावी ढंग से रोका जा सके। अपराध की गंभीर प्रकृति के जवाब में, दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, मुख्य आरोपियों में से एक, बंटी (हरीश चंदर का बेटा), धोखाधड़ी करने वाली फर्मों में से एक का मालिक, दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। उसे मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश किया गया, जहां उसे पुलिस हिरासत में दे दिया गया। जांच जारी रहने पर आगे और भी गिरफ्तारियां होने की संभावना है।

## हाईटेंशन बिजली तार पर गिर सकता है सफेदा



नई दिल्ली। दिल्ली देहात के नरेला विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रमजानपुर गांव के मुख्य मार्ग पर गत दिनों आई आंधी के बाद सफेदे का एक पेड़ हाईटेंशन बिजली की तालों पर झुक गया है और इससे एक बड़ा हादसा होने की प्रबल संभावना है। स्थानीय ग्रामीण ने रविवार शाम को इसकी वीडियो साझा की है। रविवार को फोन पर हुई बात में ग्रामीण आनंद ने बताया कि सरकार और प्रशासन किसी अप्रिय घटना का इंतजार कर रहा है। उन्होंने बताया कि बख्तावरपुर-बुराड़ी मार्ग स्थित रमजानपुर गांव की तरफ से जा रहे मुख्य मार्ग में यह एक सफेदा किसी की जान भी ले सकता है और एसटी के तार पर झुका हुआ है जो कि ना तो प्रशासन और ना कोई आदमी इसकी सुध ले रहा है। सिर्फ लोग देख रहे हैं तो किसी हादसे का इंतजार कर रहे हैं। यह गाड़ी परिवार लेकर इसके नीचे से जा रही है और इनको कोई पता नहीं है कि कब यह गिर जाए। लेकिन हर कोई हमारे यहां जब जागता है जब यह दुर्घटना का कारण बन जाएगा। फिर हर आदमी समझदार हो जाएगा। उन्होंने अपील की है कि इसे जल्द से जल्द हटाया जाए।

## खबर संक्षेप

### वाहन से टकराए कैंटर चालक की मौत



**गुरुग्राम।** मानेसर एरिया में दिल्ली जयपुर हाईवे एनएच-8 पर तेज रफ्तार वाहन के ब्रेक लेने पर पीछे चल रहा कैंटर वाहन से जा टकराया। हादसे में कैंटर में फंसे चालक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और चालक पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में वेस्ट बंगाल के विमान मंडल ने कहा कि वह यूपी के ग्रेटर नोएडा में रहता है।

### ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम मानेसर पुलिस ने बैंक मैनेजर बनकर पॉलिसी दोबारा चालू कराने के नाम पर ठगी करने पर एक आरोपी को उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर से गिरफ्तार किया है। आरोपी ने साइबर ठग को अपना बैंक खाता बेचा था। आरोपी से 20 हजार रुपए बरामद किए हैं। मानेसर थाना एक व्यक्ति ने दो फरवरी को शिकायत दी थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने बैंक मैनेजर बनकर उसके पास कॉल की थी।

### रास्ता रोककर ग्रामीणों ने किया विरोध



**फरीदाबाद।** वन विभाग और नगर निगम की टीम बीते दो दिनों से वन क्षेत्र में अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई कर रही हैं। रविवार को तोडफ़ोड़ करने के लिए अनंगपुर पहुंची टीम को ग्रामीणों का विरोध झेलना पड़ा। स्थानीय निवासी सड़क रोककर नारेबाजी करने लग गए। टीम विरोध के कारण बिना कार्रवाई किए लौट गई। जिला वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार अरावली वन क्षेत्र से 6793 से अधिक छोटे-बड़े अवैध निर्माण को हटाया जाना है।

# 'बेटी बचाओ अभियान' में दो बेटियों का विवाह धूमधाम से संपन्न करवाया

## सफलता का श्रेय बेटी बचाओ अभियान की पूरी टीम को दिया, टीम ने स्मृति चिन्ह व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

रविवार को बेटी बचाओ अभियान ने दो बेटियों रानी कुमारी और रितिका का विवाह सोनू व नितिन से धूमधाम से ढोल नगाड़ों के साथ रिति रिवाज के साथ लक्ष्मी नारायण मंदिर सैक्टर 14 में संपन्न किया। जिसमें समाजसेविका नीतू मान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। बता दे कि कन्याओं का कन्यादान संस्था के चेयरमैन वासुदेव अरोड़ा व दूसरी कन्या का कन्यादान संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आज़ाद ने विधिवत तरीके से किया।

मुख्य अतिथि एवं समाजसेविका नीतू मान को बेटी बचाओ अभियान की टीम ने स्मृति चिन्ह व शाल ओढ़कर सम्मानित किया। नीतू मान ने कहा कि बेटियां दो घरों का नाम रोशन करती हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से इस संस्था ने बेटियों का विवाह बहुत धूमधाम व विधिवत तरीके से किया है वह बहुत ही सराहनीय है। चेयरमैन वासुदेव अरोड़ा के बेटियों का कन्यादान करते हुए और बेटियों की विदाई के समय दुल्हों से कहा कि यह दोनों हमारी बेटियां है जिनका बेटी बचाओ अभियान जैसा बहुत बड़ा परिवार है अब इन बेटियों की जिम्मेवारी हम आप दुल्हों के हाथ सौंप रहे हैं। संस्थापक व राष्ट्रीय संयोजक हरीश चन्द्र आजाद ने विवाह समारोह की सफलता का श्रेय बेटी बचाओ अभियान की पूरी टीम को देते हुए कहा कि हम खुशनसीब हैं कि हमारे पास इतनी मेहनती टीम है इसके साथ उन सभी सहयोगियों का धन्यवाद भी किया। जिन्होंने इस कार्य में सहयोग किया। बेटी रितिका का कन्यादान करते हुए मन बहुत प्रसन्न हुआ और अब यह मेरा दायित्व कि बेटियों की हर खुशी का ध्यान रखें। इस मौके पर नीतू मान, वासुदेव अरोड़ा, जगजीत कौर, शीतल लूथरा, हरीश चन्द्र , राखी वर्मा, वल्दना संतोष भारद्वाज, रेनू राजन भाटिया, मोनिक आज़ाद, निशा कुकरेजा,रेखा पंवार, शमा परवीन, जसविन्द्र कौर, रमेश मक्कड़, अरिन्दम बावा, ऊषा खन्ना, तनूजा अरोड़ा, सुषमिता भौमिक, कुलदीप सिंह, सुखविन्द्र सिंह, निशा गर्ग निर्मल कौर आदि ने सहयोग किया।



## योगी सरकार की पहल पर यात्रा के पहले जत्थे को मिली भक्ति से भरी विदाई

# हर-हर महादेव के जयघोष के साथ गाजियाबाद से रवाना हुआ कैलाश मानसरोवर यात्रा का पहला जत्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

पांच वर्षों के बाद एक बार फिर उत्तर प्रदेश से कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रा का शुभारंभ हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की सनातन परंपराओं को सहेजते हुए रविवार को इंदिरापुरम स्थित कैलाश मानसरोवर भवन से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को भव्य आयोजन के बीच रवाना किया गया। इस जत्थे में दो लाइजनिंग अधिकारियों सहित कुल 39 यात्री शामिल हैं। शुरुआत में 46 यात्रियों का पंजीयन किया गया था, किंतु कुछ स्वास्थ्य कारणों से कुछ यात्री शामिल नहीं हो सके।

**खास बातें**

- कैलाश मानसरोबर यात्रा का शुभारंभ
- मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश बना कैलाश मानसरोवर यात्रा का सशक्त केंद्र
- काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की विशेष सौगात, सुगम दर्शन कार्ड और रुद्राक्ष माला



**शिव आराधना से हुआ शुभारंभ शिवमय थाप ने किया मंत्रमुग्ध**

प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री माननीय जयवीर सिंह ने सांसद अतुल गर्ग, कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा, आचार्य प्रमोद कृष्णम, प्रमुख सचिव धर्मार्थ कार्य एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम, जिलाधिकारी दीपक मीणा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में बस को हरी झंडी दिखाकर तीर्थयात्रियों को विदा किया। कैलाश यात्रा की रवानगी के अवसर पर विशेष शैव आराधना का आयोजन हुआ, जिसमें डमरू, मृदंग, तुरही, ढोलक आदि पारंपरिक वाद्य यंत्रों की गूंज ने शिवमय वातावरण बना दिया। उपस्थित यात्रियों और जनप्रतिनिधियों ने उत्साह के साथ हर हर महादेव का जयघोष किया।

### श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास की ओर से सभी कैलाश मानसरोवर तीर्थ यात्रियों को विशेष उपहार देने की घोषणा

कैलाश तीर्थ यात्रियों के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के धर्मार्थ कार्य विभाग एवं श्री काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास द्वारा एक विशेष योजना की घोषणा की गई है। मंदिर न्यास के सीईओ एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त निदेशक विश्व भूषण मिश्र ने बताया कि सभी यात्रियों को लौटने पर एक विशेष रुद्राक्ष माला और सुगम दर्शन के लिए क्यूआर कोड युक्त कार्ड भेंट किया जाएगा। यह कार्ड एक वर्ष तक वैध रहेगा और इसके जरिए श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन हेतु तीर्थयात्रियों व उनके चार परिजनों को प्राथमिकता मिलेगी। हालांकि, विशेष पर्वों जैसे महाशिवरात्रि, सावन सोमवार, रंगभरी एकादशी आदि पर यह सुविधा मान्य नहीं होगी। यह योजना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सनातन उत्थान और श्रद्धालु सुविधा के उद्देश्य से प्रेरित है, जिससे अन्य राज्यों से आने वाले तीर्थ यात्रियों को भी लाभ मिलेगा। इस घोषणा से तीर्थयात्रियों में जबरदस्त उत्साह देखा गया और सभी ने हर हर महादेव के उद्घोष से आभार प्रकट किया।



### योगी सरकार की सनातन प्रतिबद्धता

मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सनातन संस्कृति को पुनर्स्थापित करने की दिशा में ऐतिहासिक प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने इसे गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि पांच साल बाद प्रदेश से कैलाश यात्रियों को भेजा जा रहा है। यह योगी सरकार की धार्मिक पर्यटन को प्रोत्साहन देने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। सांसद अतुल गर्ग ने यात्रियों को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दीं, जबकि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी विधानसभा में स्थित कैलाश भवन से यात्रा की शुरुआत होना गौरव की बात है। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि मोदी-योगी युग में सनातनियों में नवचेतना का संचार हुआ है। इस अवसर पर प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम, निदेशक धर्मार्थ कार्य संजय सिंह, उत्तर प्रदेश पर्यटन निगम की एमडी सुश्री सान्या छाबड़ा, श्री काशी धाम मंदिर न्यास के सीईओ विश्व भूषण मिश्र सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

## आईएमटी में रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया

# हम सबको अपने जीवन में रक्तदान को आदत बनाना चाहिए : मंत्री नागर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर ने रविवार को आईएमटी में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन कर लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया और रक्तदाताओं का आभार जताया। इस अवसर पर आयोजक एडवोकेट नरवीर चहल ने साथियों के साथ मंत्री राजेश नागर का स्वागत किया। मंत्री राजेश नागर ने कहा कि हम सभी को अपने जीवन में रक्तदान को अपनी आदत बनाना चाहिए। रक्त ऐसी चीज है जिसे किसी फैक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मानव के जीवन में दान को बहुत महत्व दिया गया है इसमें भी रक्तदान को सर्वोच्च माना गया है। रक्तदान करने वाला न केवल पीड़ित का जीवन बचाता है बल्कि उसके परिवार का भी संरक्षण करता है। इस नाते वह पूरे परिवार का संरक्षक हो जाता है।

उन्होंने कहा कि चिकित्सक बताते हैं कि दान किया गया रक्त बहुत थोड़े समय में दोबारा बन जाता है। यह शरीर का ऑटोमेटिक सिस्टम है। उन्होंने कहा कि सभी स्वस्थ लोगों को अपने जीवन में रक्तदान अवश्य करना चाहिए क्योंकि आज रक्त की कमी से अनेक जानें असमय चली जाती हैं। हम सभी को रक्त देने की आदत होगी तो कभी हमारे अपनों को भी रक्त के संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा।


मंत्री राजेश नागर ने कहा कि गर्मी के मौसम में खासकर बड़ी संख्या में रक्तदान करना चाहिए क्योंकि इस समय रक्त की मांग अचानक बढ़ जाती है और आपूर्ति घट जाती है। उन्होंने रक्तदान आयोजन करने वालों का आभार जताया और उन्हें इसे निरंतर अपने जीवन में लागू करने के लिए प्रेरित किया।

**ओवरटेक का वीडियो वायरल**

# गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड पर लैंबॉर्गिनी से स्टंटबाजी, टनल में स्कॉर्पियो से रेस

धर्मेंद्र कौशिक ▶▶ गुरुग्राम

साइबर सिटी गुरुग्राम के पॉश इलाके गोल्फ कोर्स रोड पर 6 करोड़ रुपए की लैंबॉर्गिनी से स्टंटबाजी करने का मामला सामने आया है। पीले रंग की लैंबॉर्गिनी में सवार युवक ने तीन लेन की रोड पर जा रहे वाहनों के बीच से तेज रफ्तार से जिगजैग ओवरटेकिंग भी की। इस स्टंटबाजी का एक वीडियो भी सामने आया है। जिसमें लैंबॉर्गिनी सवार युवक टनल में एक स्कॉर्पियो से भी रेस लगा रहा है। वहीं आपत्तिजनक इशारे किए। इस दौरान कई वाहन लैंबॉर्गिनी से टकराने से बचे। वायरल होने पर वीडियो पुलिस के पास भी पहुंच गया है और पुलिस लैंबॉर्गिनी सवार युवक का पता लगा रही है।



गोल्फ कोर्स रोड पर बनी इस वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है कि लैंबॉर्गिनी और स्कॉर्पियो ने टनल में तेज रफ्तार से एक-दूसरे को ओवरटेक करने की कोशिश की। टनल से पहले लैंबॉर्गिनी सवार युवक रोड पर भी पर स्टंटबाजी कर रहा था। यहां वह सड़क पर जा रहे वाहनों को जिगजैग स्टाइल में ओवरटेक करते हुए आगे बढ़ता दिख रहा है। इस दौरान वह चिल्लाता भी जा रहा है। लैंबॉर्गिनी और स्कॉर्पियो की रेस के दौरान एक टैक्सी ड्राइवर यात्री को ले जा रहा था। अचानक वह इस रेस के बीच फंस गया। उसने किसी तरह अपनी टैक्सी की दिशा बदलकर एक्सीडेंट होने से बचाया।

वीडियो में टैक्सी ड्राइवर का हड़बड़ाहट में दिशा बदलना भी नजर आता है। इसके अलावा कई अन्य वाहन ड्राइवरों ने भी खुद को इस रेसिंग से बचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार लैंबॉर्गिनी और स्कॉर्पियो की रेस में कई बार हादसे की स्थिति बन गई। मगर, इन युवाओं को न तो हादसा होने का खौफ है और न ही पुलिस द्वारा चालान काटने का डर है। वहीं यूजर्स इस लापरवाही पर गुस्सा जता रहे हैं और सवाल उठा रहे हैं कि आखिर गुरुग्राम की सड़कें स्टंटबाजों के लिए इतनी आसान क्यों बन रही हैं। वहीं मामले में पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वीडियो कहां का है ये पुष्टि करके संबंधित थाना पुलिस मामले की जांच करेगी।

### कार की टक्कर से बाइक सवार विवाहिता नाले में गिरी, मौत-पति घायल

**गुरुग्राम।** सेक्टर-37 थाना एरिया में तेज रफ्तार कार की टक्कर में बाइक पर पीछे बैठी विवाहिता की मौत हो गई। जबकि बाइक चला रहा महिला का पति घायल हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी महिला नाले में जा गिरी, जबकि उसका पति सड़क पर जा गिरा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया और अज्ञात कार चालक पर केस दर्ज कर लिया। पुलिस को दी शिकायत में यूपी के संत कबीर नगर निवासी 3 वर्षीय विनय कुमार ने कहा कि वह रेवाड़ी के धारूहेड़ा में अपन पत्नी के साथ किराए पर रहता है। वह इलैक्ट्रिशियन का काम करता है। वह 14 जून को अपनी पत्नी 25 वर्षीया प्रतिभा के साथ बाइक पर किसी काम से गुरुग्राम आया था। जब वह रेलवे रोड होता हुआ वापिस जा रहा था तो करीब साढ़े 12 बजे खांडसा के निकट एक तेज रफ्तार कार ने बाइक में टक्कर मार दी। जिसमें वह बाइक सहित सडक़ पर जा गिरा और उसकी पत्नी नाले में गिर गई।

# स्टांप विक्रेता से लूट करने वाले बदमाशों और पुलिस के बीच चली गोलियां, दो के पैर में लगी

## *पिस्टल, तमंचा, स्कार्पियो व साढ़े सात लाख नकद बरामद*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

दस जून को स्टांप विक्रेता से लाखों की लूट करने वाले दो बदमाशों को टीलामोड़ पुलिस ने आमने-सामने हुए मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। दोनों ही बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनके कब्जे से एक पिस्टल, एक तमंचा,स्कॉर्पियो कार तथा लूटे गए साढ़े सात लाख रुपए नगद बरामद किए गए हैं। एसीपी अतुल कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि थाना टीलामोड़ पुलिस की रात्रि को थाना टीलामोड़ पुलिस को सूचना मिली कि फर्रूखनगर रोड़ पर पीपल तिराहे के पास थाना टीलामोड़ क्षेत्रान्तर्गत हुई लूट की घटना को अंजाम देने वाले बदमाश स्कॉर्पियो गाड़ी से मेरठ जाने वाले हैं।

जिसके आधार पर संदिग्ध वाहनों की चेकिंग की जा रही थी ।



इसी दौरान टीलामोड़ की तरफ से तेजी से आ रही काले रंग की स्कार्पियो कार को चेकिंग के लिए रोकने का प्रयास किया तो स्कॉर्पियो चालक ने स्कॉर्पियो को बायी ओर राजपुर की ओर जाने वाले रास्ते पर तेजी से मोड़कर भागने का प्रयास किया। जिसके क्रम में पुलिस पार्टी ने रूकने का इशारा किया और न रुकने पर पुलिस पार्टी ने स्कॉर्पियो का पीछा किया तो स्कॉर्पियो चालक ने गाड़ी को बायी तरफ जंगल की ओर मोड़ दिया लेकिन आगे रास्ता बन्द होने के कारण चालक ने स्कार्पियो को रोक दिया और दो व्यक्ति स्कॉर्पियो से तेजी से उतरे और दोनों ने अपने अवैध शस्त्र को निकालकर पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया । पुलिस ने भी फायरिंग की। जिसमें में दोनों बदमाश घायल होकर जमीन पर गिर गए। दोनों बदमाशों को घायल अवस्था में हिरासत में लेकर नाम पता पूछा गया तो एक ने अपना नाम अंकित निवासी घिटौरा थाना खेकडा जिला बागपत तथा दूसरे ने अपना नाम कार्तिक निवासी घिटौरा थाना खेकडा जिला बागपत बताया। गिरफ्तार दोनों बदमाशों से पूछताछ करने पर यह तथ्य प्रकाश में आए कि घायल दोनों ने अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर दिनांक 10जून को ओक्सी होम सोसाइटी के सामने सड़क पर थाना क्षेत्र टीलामोड़ में स्टांप विक्रेता के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया था ।

# एक मिनट लेट होने पर इंडिगो ने पैसेंजर को फ्लाइट से रोका

## पैसेंजर ने आरोप लगाते हुए पूर्ण रिफंड और मुआवजे की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

महज एक मिनट लेट होने पर इंडिगो एयरलाइंस द्वारा गुरुग्राम के एक पैसेंजर को फ्लाइट में चढ़ने रोकने का मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर पैसेंजर की पोस्ट लिंक्डइन पर वायरल हो रही है। यही नहीं इंडिगो ने पैसेंजर अमित मिश्रा को 10 लाइन का रिप्लाई किया है। लिंक्डइन पर वायरल हुई पोस्ट में अमित मिश्रा ने बताया कि बीती 5 जून को वह दिल्ली से बागडोगरा की उड़ान के लिए सुबह 6.25 बजे चेक-इन कर 7.04 बजे गेट पर डिपार्चर से 26 मिनट पहले पहुंचे थे। फिर भी उन्हें बोर्डिंग से रोक दिया गया।

दरअसल इंडिगो ने उड़ान को बिना पूर्व सूचना के 7.20 बजे के लिए रि-शेड्यूल किया था। इसके बावजूद वे 16 मिनट पहले गेट पर थे, लेकिन स्टाफ ने उन्हें वापस लौटा दिया, जबकि अन्य यात्री बोर्डिंग कर रहे थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि स्टाफ ने उनके सामने ही डीजीसीए कर्मियों को गेट बंद करने का निर्देश दिया। मिश्रा ने लिखा कि गेट स्टाफ ने उन्हें बोर्ड करने से मना कर दिया, जबकि यात्री अभी भी एयरब्रिज में थे और उनके ठीक पीछे वाले भी बोर्डिंग कर रहे थे। उनको सबसे ज़्यादा हैरानी इस बात पर हुई कि बार-बार अनुरोध करने के तीन मिनट बाद महिला स्टाफ ने डीजीसीए कर्मियों को गेट बंद करने का निर्देश दिया। उन्होंने कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया। बस बोर्ड लगा दिया कि आप बोर्डिंग नहीं कर रहे हैं। जिसके चलते उनकी महत्वपूर्ण मीटिंग छूट गई। उनको दिल्ली-हैदराबाद की नई फ्लाइट दोगुनी कीमत पर बुक करनी पड़ी। उन्होंने इंडिगो पर खराब व्यवहार और सिमपैथी की कमी का आरोप लगाते हुए पूर्ण रिफंड और मुआवजे की मांग की। वहीं उनकी पोस्ट वायरल होने पर शनिवार रात को करीब सात दिन बाद इंडिगो ने जवाब में कहा कि एक नियोजित यात्रा को छोड़ना कितना निराशाजनक हो सकता है।

# फरीदाबाद:विधायक शर्मा ने क्षेत्रवासियों को सामुदायिक भवन व दो ट्यूबवैलों की सौगात दी

## *बल्लभगढ़ में निरंतर विकासकार्य जारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

विधायक पं. मूलचंद शर्मा ने रविवार को बल्लभगढ़ विधानसभा को सौगात देते हुए एक सामुदायिक भवन सहित अटल पार्क सेक्टर 2 में पानी के ट्यूबवेल लगवाने के कार्य की शुरुआत की। पार्क में ट्यूबवेल लगने से पेड़ पौधों के पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि बल्लभगढ़ में निरंतर विकास कार्य जारी है और जहां भी जरूरत पड़ेगी वहां पर विकास में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। विधायक पं. मूलचंद शर्मा पूर्व कैबिनेट मंत्री ने स्थानीय निवासियों के हाथ नारियल फुड़वाकर ऊंचा गांव आईटीआई के पास बनने वाले सामुदायिक भवन की आधारशिला रखी। लगभग 18 लाख से ज्यादा की लागत से बनकर तैयार होने वाले इस भवन से भी स्थानीय निवासियों को काफी लाभ पहुंचेगा।



जिला योजना स्कीम के तहत इस सामुदायिक भवन निर्माण होगा। विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा बल्लभगढ़ में वे किसी भी सरकारी जमीन पर कब्जा नहीं होने देगे और जिन व्यक्तियों ने सरकारी जमीन पर कब्जा किया है उसे भी हटवाया जाएगा। इससे पहले भी बल्लभगढ़ में कई जगह सरकारी जमीनों से कब्जा हटवा कर सामुदायिक भवन ओर अन्य सरकारी भवन बनवाए गए हैं। इस अवसर पार्षद किरण बाला, पार्षद सोनू वैष्णव, मंडल अध्यक्ष संजय जांगड़ा, मंडल अध्यक्ष पवन सैनी, तेजपाल मास्टर, सुषमा यादव, स्वराज आदि।

### तुर्कमेनिस्तान से गुरुग्राम में आई थी महिला

# पुलिस अधिकारी बनकर विदेशी महिला के पर्स से डॉलर व मुद्रा चुराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

सेक्टर-53 एरिया में कार में सवार होकर आए फर्जी पुलिस अधिकारियों ने जांच के बहाने विदेशी महिला से 3800 अमेरिकी डॉलर और 5000 मनत (स्थानीय मुद्रा) की ठगी कर ली। महिला तुर्कमेनिस्तान से गुरुग्राम में अपनी बेटी का उपचार कराने आई थी।

महिला की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में तुर्कमेनिस्तान की 62 वर्षीया अलीमोवा ओगुलमुरत ने कहा कि वह अपनी बेटी अल्लाकोवा ताजेगवल को लेकर उपचार के लिए बीती 11 जून को गुरुग्राम के आर्टिमिस हॉस्पिटल आई थी। वह गुरुग्राम के सेक्टर-52 स्थित एक गेस्ट हाउस में रह रहे थे। बीती रात करीब साढ़े आठ बजे वह अपनी बेटी के साथ गेस्ट हाउस के सामने सेक्टर-52 की हुडा मार्केट में घूम रहे थे। इसी दौरान एक सफेद रंग की कार में सवार चार लोग उनके पास आए। उन्होंने खुद को पुलिस अधिकारी बताते हुए जांच कराने के बहाने महिला का पर्स चेक किया। इसी दौरान उन्होंने महिला के 3800 यूएस डॉलर और 5000 मनत (स्थानीय मुद्रा) चुरा लिए। महिला व उसकी बेटी कुछ समझ पाती आरोपी कार लेकर फरार हो गए। जिसके बाद महिला ने अपने ट्रांसलेटर से संपर्क किया।

खबर संक्षेप

## हम पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने संतोष सुमन



**बांका।** हिंदुस्तान आवाम मोर्चा सेकुलर (हम) की राष्ट्रीय परिषद की बैठक आयोजित की गई।बैठक में शामिल केंद्रीय मंत्री सह पार्टी के संरक्षक जीतनराम मांझी ने कहा कि विधानसभा चुनाव की रणनीति तैयार के लिए परिषद की बैठक हुई है। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करना। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष कुमार सुमन को बनाया गया है।

## ऐसे लोगों को नहीं मिलेगी अस्पताल में एंट्री



**रांची।** झारखंड स्वास्थ्य निदेशालय ने राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज अस्पताल और सरकारी अस्पतालों में अनाधिकृत लोगों के प्रवेश पर रोक लगाने का निर्देश दिया। अस्पतालों में भीड़ कम करने, मरीजों की सुरक्षा, गोपनीयता व सुव्यवस्थित ढंग से अस्पताल संचालन के लिए यह कदम उठाया जा रहा है। यह पहल 11 जून को स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक में ली गई है।

## नक्सली हमले में शहीद जवान को दी श्रद्धांजलि



**कुशीनगर।** यहां हाटा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर सोहरौना के रहने वाले सत्यवान सिंह सीआरपीएफ झारखंड में उप निरीक्षक के पद पर तैनात थे। उनके नक्सली हमला में शहीद होने की सूचना से क्षेत्र में शोक की लहर है। उनकी बटालियन गस्त कर लौट रही थी। घात लगाकर बैठे नक्सलियों ने उनके बटालियन पर हमला कर दिया।

# कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए खुशखबर

### उत्तर प्रदेश सरकार देगी एक लाख रुपए

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने आगरा में पर्यटन व विकास योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि कैलाश मानसरोवर की यात्रा कर लौटने वाले उत्तर प्रदेश के श्रद्धालुओं को सरकार की तरफ से एक लाख रुपये दिए जाएंगे। ये राशि श्रद्धालुओं के खाते भेजी जाएगी।

एजेंसी ▶▶ आगरा

कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए खुशखबरी है। उत्तर प्रदेश सरकार ने श्रद्धालुओं को एक लाख रुपए देने की घोषणा की है। यह सहायता उन लोगों को मिलेगी जो अपनी यात्रा के समय उत्तर प्रदेश के स्थायी निवासी हैं। ये जानकारी प्रदेश सरकार के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने आगरा में पर्यटन व विकास योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि कैलाश मानसरोवर की यात्रा कर लौटने वाले उत्तर प्रदेश के श्रद्धालुओं को सरकार की तरफ से एक लाख रुपए दिए जाएंगे। ये राशि श्रद्धालुओं के खाते भेजी जाएगी।

जयवीर सिंह ने बताया कि कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए पहला जत्था रवाना हो चुका है। इसमें 50 श्रद्धालु शामिल हैं। मंत्री ने कहा कि शिवाजी स्मारक व म्यूजियम का कार्य जल्द पूरा होगा। आगरा जेवर एयरपोर्ट से जुड़ेगा। सिविल एविएशन की सुविधाएं बढ़ेंगी।

### तीर्थयात्रा पूरी करने के 90 दिन के भीतर फॉर्म करना होगा जमा



आवेदकों को तीर्थयात्रा पूरी करने के 90 दिनों के भीतर विभाग की वेबसाइट के माध्यम से अपने नवीनतम फोटोग्राफ, आधार कार्ड, पैन कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट, वीजा, बैंक खाता विवरण, यात्रा पूरी करने का प्रमाण और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रतियों के साथ अपना फॉर्म जमा करना होगा। आवेदनों का भौतिक प्रस्तुतीकरण स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### नव चयनित पुलिस कांस्टेबलों को सीएम योगी ने दी खास सलाह

# ट्रेनिंग में जितना पसीना बहेगा जीवन में उतना कम खून बहाने की जरूरत होगी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा पीएम मोदी ने कहा था स्मार्ट पुलिसिंग आज की आवश्यकता है, उसी को ध्यान में रखते हुए यूपी पुलिस भर्ती की प्रक्रिया की।

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में 60,244 नव चयनित पुलिस कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र सौंपे। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने नव चयनित पुलिस कांस्टेबलों को एक सलाह सलाह देते हुए कहा कि ट्रेनिंग में जितना पसीना बहेगा जीवन में उतना कम खून बहाने की जरूरत होगी। पुलिस को अच्छा व्यवहार भी अपनाना होगा, अगर कुम्भ में हम ये कर सकते हैं तो अब भी कर सकते हैं। कुम्भ में हमारी पुलिस की तारीफ हुई।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा पिछले 8 साल में साढ़े 8 लाख से अधिक नियुक्ति दी गई है। 60244 लोग को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा, पीएम मोदी ने कहा था स्मार्ट पुलिसिंग आज की आवश्यकता है। उसी को ध्यान में रखते हुए यूपी पुलिस भर्ती की प्रक्रिया की। वहीं सीएम योगी ने कहा कि साल 2017 के पहले भाई-भतीजावाद था, बिना पैसे के नौकरी नहीं मिलती थी पर अब ये गए दिन की बात हुई।

आरक्षी नागरिक पुलिस के पद पर चयनित अभ्यर्थियों में 12,048 महिलाएं

भीषण गर्मी भी नव चयनित कांस्टेबलों के उत्साह के सामने फीकी पड़ी



**सभी 75 जनपद में साइबर थाने हैं**

सीएम योगी ने कहा कि अब आरक्षण के नियमों का पालन करते हुए नौकरी दी जा रही, हमने 216000 भर्ती की अपने कार्यकाल में। आज यूपी में 8 नए फॉरेंसिक लैब बनकर तैयार हो गए हैं, 6 पर काम हो रहा है। सभी 75 जनपद में साइबर थाने हैं।

**अमित शाह ने केशव प्रसाद मौर्य को बताया मित्र**



*इस दौरान अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने सीएम योगी का नाम लिया और इसके बाद उन्होंने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का नाम लिया। हालांकि केशव प्रसाद का नाम लेने से पहले अमित शाह ने कहा, 'मेरे मित्र और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य जी.' अमित शाह ने केशव प्रसाद मौर्य को अपना मित्र बताकर सूबे की सियासत में एक नई अटकलों को हवा दे दी है।*

### पटना को एक और सड़क की सौगात

# मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड का उद्घाटन करेंगे मुख्यमंत्री नीतीश



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार की राजधानी पटना को जाम मुक्त बनाने और शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के लिए एक और नए एलिवेटेड सड़क की सौगात सोमवार को मिलने वाली है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नव निर्मित मीठापुर-महुली एलिवेटेड सड़क का उद्घाटन करेंगे।

इस एलिवेटेड सड़क के चालू होने से राजधानी के दक्षिणी इलाकों में रहने वाले लाखों लोगों को यातायात में काफी सहूलियत मिलने वाली है। साथ ही दक्षिण बिहार के विभिन्न जिलों में आना-जाना भी अब बेहद आसान हो जाएगा। रोज घंटों लगने वाले जाम से लोगों को मुक्ति मिलेगी और समय की बचत होगी।

**अध्यक्षता पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन करेंगे**

1400 करोड़ रुपए की लागत निर्मित मीठापुर-महुली-पुनपुन परियोजना अंतर्गत भूपतिपुर से पुनपुन (एनएच-22) तक एलिवेटेड-सह-एटग्रेड सड़क का लोकार्पण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार करेंगे। इस मौके पर राज्य के दोनों उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद रहेंगे। समारोह की अध्यक्षता पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन करेंगे। मीठापुर-महुली एलिवेटेड रोड के चालू होने से पटना के दक्षिणी इलाकों में रहने वाले लाखों लोगों को यातायात में काफी सहूलियत मिलने वाली है। जहानाबाद, अरवल, बिहारशरीफ और गया के लिए सफर अब आसान हो जाएगा। पहले फेज में सिपारा से महुली तक एलिवेटेड रोड बनकर तैयार हो चुका है। मीठापुर-महुली एलिवेटेड सड़क के लोकार्पण समारोह में पटना साहिब से लोकसभा सदस्य रविशंकर प्रसाद और पाटलिपुत्र लोकसभा क्षेत्र से सांसद मीसा भारती, विधायक गोपाल रविदास, विधायक अरुण कुमार सिन्हा, विधान पार्षद रविंद्र प्रसाद सिंह, नीरज कुमार, नवल किशोर यादव और कार्तिक कुमार को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

## पेज एक का शेष

**भारत की 'जी-7' में...**

राजनीतिक फिजां बदली है। ट्रूडो की जगह मार्क जे कार्नी अब कनाडा के पीएम हैं। भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्नी की चुनावी जीत पर बधाई दी और जी-7 की बैठक में शिरकत करने वाली यात्रा को भारत-कनाडा संबंधों को नई गति देने का अवसर बताया। वर्ष 2015 के बाद पीएम मोदी की कनाडा की पहली आधिकारिक यात्रा होगी। ये बात अलग है कि खालिस्तानी उपद्रवियों का तब से अब तक कुछ नहीं बदला। कनाडा के बेंकूवर स्थित ब्रिटिश कोलंबिया के गुरुद्वारों और मंदरों में खालिस्तानी समर्थकों के नारे लिखे गये। हमले किये गये। कनाडा की जमीन से खालिस्तानी उग्रवाद को अब भी जमकर खादपानी मिल रहा है। पीएम मोदी को बैठक के लिए मिले आमंत्रण पर कनाडा में सिख समुदाय के कुछ संगठनों, जैसे वर्ल्ड सिख ऑर्गनाइजेशन और सिख फेडरेशन ऑफ कनाडा, ने इस आमंत्रण की निंदा की है। उन्होंने इसे कनाडाई सिखों के साथ विश्वासघात और निज्जर हत्याकांड की जांच में भारत के सहयोग की कमी का हवाला देते हुए अपमानजनक बताया। जब कि कनाडा के विपक्षी नेता पियरे पॉइलिवरे ने भारत के पीएम को आमंत्रित किये जाने को आवश्यक बताते हुए कहा कि भारत एक तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और व्यापार व सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है कि भारत की भागीदारी जी-7 की बैठक में हो। पीएम मोदी की यह यात्रा पांच दिवसीय विदेश यात्रा का हिस्सा है, जिसमें वे साइप्रस, कनाडा, और क्रोएशिया जा रहे हैं। जी-7 शिखर सम्मेलन के अलावा, मोदी की कनाडा में कार्नी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी हो सकती है, जिसमें व्यापार, सुरक्षा, और लोगों के बीच संपर्क जैसे मुद्दों पर चर्चा होगी। विशेषज्ञों का स्पष्ट मानना है कि प्रधानमंत्री मोदी भारत के पक्ष में बात रखते हुए कनाडा के नव निर्वाचित प्रधानमंत्री मार्क जे कार्नी को दो टूक शब्दों में अपनी बात जरूर रखेंगे। मामला चूंकि संवेदनशील है इसीलिए सार्वजनिक चर्चा इस मसले पर भले न हो लेकिन देश की नजर इस खबर पर जरूर रहेगी। विदित हो कि जी-7 शिखर सम्मेलन का आयोजन 15 से 17 जून तक कनाडा के अल्बर्टा प्रांत में कनानास्किस में हो रहा है। जिसमें सात प्रमुख औद्योगिक देश शामिल हैं, कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, यूनाइटेड किंगडम, और संयुक्त राज्य अमेरिका। भारत समूह का सदस्य नहीं है, लेकिन 2019 से लगातार इसे अतिथि देश के रूप में आमंत्रित किया जाता रहा है। इस वर्ष, कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने पीएम नरेंद्र मोदी को इस सम्मेलन मंब भाग लेने के लिए आमंत्रित किया। जिस तरह से वैश्विक स्तर पर युद्ध का मौसम चल रहा है उसमें चौरतफा शांति प्रस्ताव पारित किये जाने की संभावना है। व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला, और आर्थिक संकट से निपटने के उपाय पर विमर्श होना है। एआई और डिजिटल बुनियादी ढांचे का विकास, नवीकरणीय ऊर्जा और ऊर्जा संकट से निपटना, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में महत्वपूर्ण खनिजों की भूमिका, बुनियादी ढांचे और विकास परियोजनाओं पर भारत की भूमिका पर पीएम मोदी विश्व बिरादरी से चर्चा करेंगे।

**सात की मौत,...**

सातों लोगों की मौत हो गई, मृतकों में 23 महीने का बच्चा भी शामिल है।
एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीमें भी पहुंच गई हैं। हादसे के बाद दो दिन तक हेली सेवा पर रोक लगा दी गई है। उधर, बारिश के बाद रविवार को केदारनाथ धाम पैदल मार्ग पर भारी संख्या में पत्थर गिरे हैं। वहीं, जंगलचट्टी के पास मार्ग पर बोल्डर गिरने से मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है। सोनप्रयाग से केदारनाथ धाम जाने वाले मार्ग पर अग्रिम आदेशों तक के लिए आवाजाही रोक दी गई है। वहीं पैदल मार्ग पर जो भी श्रद्धालु गए हैं उनसे भी सुरक्षित जगहों पर रुकने की अपील की गई है। सोनप्रयाग से केदारनाथ की यात्रा रोकी गई है। उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी ने केदारनाथ-गौरीकुंड के बीच हुए हेलीकॉप्टर हादसे के बाद सीएम आवास से वरिष्ठ अधिकारियों के साथ वर्चुअल उच्च स्तरीय बैठक की। उच्च स्तरीय बैठक में राज्य के मुख्य सचिव, आपदा प्रबंधन सचिव, यूकाडा के सीईओ, गढ़वाल कमिश्नर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। दो दिन हेली सेवा के संचालन पर रोक लगा दी गई है। मृतकों में राजकुमार जयसवाल, श्रद्धा जयसवाल, काशी जयसवाल, तुष्टि सिंह, विनोद, विक्रम सिंह और कैप्टन राजीव शामिल हैं। शवों के बुरी तरह से जले होने की सूचना है। बताया जा रहा है कि हेलिकॉप्टर गौरी माई खर्क से ऊपर जंगल में गिरा है।

**एसी बंद, 5 ....**

5 घंटे तक विमान में बिना एसी के बैठाए रखा गया। यात्रियों ने आरोप लगाया कि इस दौरान उन्हें न तो पानी उपलब्ध कराया गया और ना ही देरी के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी दी गई।

**कूनो नेशनल पार्क ...**

यह पहली बार है जब एक साथ 5 चीते देखे गए हैं। इससे पहले आमतौर पर एक या दो चीते ही दिखाई देते थे। जौरा क्षेत्र के ग्रामीणों में इन चीतों को लेकर खासा डर का माहौल है। खेतों में काम करने वाले लोग अब सतर्क होकर निकल रहे हैं और बच्चों को भी घरों के अंदर ही रखने की सलाह दी जा रही है। वहीं, वन विभाग की टीम इन चीतों पर कड़ी निगरानी बनाए हुए है। जीपीएस ट्रैकिंग, ड्रोन सर्विलांस और फॉरेस्ट गाड्र्स की तैनाती के जरिए लगातार यह कोशिश की जा रही है कि इन्हें फिर से सुरक्षित रूप से कूनो पार्क में लौटाया जा सके।

**ब्रेन चिप के....**

के इंजीनियर जोसेफ ओ डोहार्टी ने बताया कि परीक्षण के दौरान बंदर ने दो-तिहाई बार उन वस्तुओं की ओर आंखें घुमाईं, जिन्हें वैज्ञानिकों ने दिमाग को भ्रमित कर दिखाने की कोशिश की। इस प्रयोग को हाल ही में एक कॉन्फ्रेंस में सार्वजनिक किया गया है। यह डिवाइस फिलहाल अमेरिकी एजेंसियों से मानव परीक्षण की मंजूरी का इंतजार कर रही है। मस्क का कहना है कि इसका शुरुआती लक्ष्य दृष्टिहीन लोगों को देखने में मदद करना है, जबकि दीर्घकालिक लक्ष्य 'इन्फ्रारेड' जैसी सुपरह्यूमन दृष्टि प्रदान करना है। अब तक पांच लोग न्यूरालिंक इम्प्लांट के साथ जी रहे हैं। इनमें से तीन को 2024 में और दो को 2025 में डिवाइस लगाई गई थी। ये यूजर्स हर हफ्ते करीब 60 घंटे तक डिवाइस का इस्तेमाल कर रहे हैं। वहीं, स्पाइनल कॉर्ड स्टिम्युलेशन की दिशा में भी बंदरों पर प्रयोग किए जा रहे हैं जिससे भविष्य में लकवाग्रस्त लोग चलने-फिरने में सक्षम हो सकें।

**फ्यूल की कमी से ...**

एयरक्राफ्ट कैरियर से उड़ान भरी, लेकिन फ्यूल कम होने के कारण इसने इमरजेंसी लैंडिंग की। जेट रात करीब 9.30 बजे सुरक्षित रूप से उतरा।हालांकि दावा किया जा रहा है कि एफ-35 समुद्र की खराब स्थिति के कारण लगभग 100 समुद्री मील दूर अपने कैरियर पर वापस नहीं लौट सका। नतीजतन, इसने तिरुवनंतपुरम में लैंडिंग की परमिशन मांगी।

**ऐसी है मंदिर ...**

मंडपम पहुंचते हैं और बेरिकेड्स से दर्शन करते हैं। इसी तरह गेट नंबर 4 से आने वाले श्रद्धालु विश्राम धाम से होते हुए सभा मंडप और फिर गणेश मंडपम पहुंचकर भगवान महाकाल के दर्शन करते हैं। इसके बाद पालकी हॉल से होते हुए बाहर निकलते हैं।

**डीजीसीए के कडे...**

डीजीसीए को समीक्षा के लिए प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। रविवार से भारत से उड़ान भरने वाले सभी बोइंग 787 विमानों के लिए एक बार के विस्तृत प्री-डिपार्चर चेक अनिवार्य किए गए। इनमें ईंधन प्रबंधन, केबिन एयर कंप्रेसर, इंजन कंट्रोल, और हाइड्रॉलिक सिस्टम जैसे महत्वपूर्ण सिस्टम शामिल हैं।

### दंपती और दो मासूम बेटियों की मौत

# प्रयागराज में बिजली गिरने से एक ही परिवार के चार लोग जिंदा जले



एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

बारा थाना क्षेत्र के सोनवर्षा हल्लाबोल गांव में बीतीरात बिजली गिरने से चार लोग जिंदा जल गए। चारपाई पर सो रहे दंपती और उनकी दो बेटियों की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर मौत का मंजर देखकर हर कोई सिहर गया। एक ही झटके में पूरा परिवार खत्म हो गया। सूचना पाकर तमाम अधिकारी स्थानीय पुलिस बल के साथ पहुंच गए। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

वीरेंद्र वनवासी (35) पुत्र छोटे वनवासी, पार्वती वनवासी (32) पत्नी वीरेंद्र वनवासी, राधा वनवासी (3) पुत्री वीरेंद्र वनवासी और करिश्मा वनवासी (2) पुत्री वीरेंद्र वनवासी एक ही मड़ई में दो चारपाई पर सो रहे थे। मड़ई पर गिरी बिजली ने एक ही झटके में वीरेंद्र वनवासी समेत उसके पूरे परिवार को समाप्त कर दिया। मड़ई समेत चारपाई भी जलकर राख हो गई।

बारा के उप जिलाधिकारी ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। एसडीएम बारा संदीप तिवारी ने बताया कि पीड़ित परिवार को तीन लाख रुपए और एक आवास दिया गया है। दो बची बेटियों को उनके बालिग होने तक चार हजार प्रति माह दिया जाएगा। इसके अलावा शासन की ओर से दी जाने वाली अन्य सुविधाएं भी दिलाने का आश्वासन दिया।

### रांची पुलिस को बड़ी कामयाबी

# एक रात में पकड़ लिए ग्रामीण इलाके से फरार 121 अपराधी

एजेंसी ▶▶ रांची

यहां पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने रांची के ग्रामीण इलाके के अलग-अलग जगहों से आपराधिक मामलों में फरार चल रहे 121 आरोपियों को एक ही रात गिरफ्तार कर लिया। इसमें 22 लोगों के बेल के दस्तावेज दिखाने के बाद छोड़ दिया गया। जेल भेजे गए दर्जनों वांछित लंबे समय से फरार थे। सभी की गिरफ्तारी जिला के ग्रामीण क्षेत्र से हुई।

25 थाना और ओपी पुलिस की ओर से वारंट निष्पादन करने को लेकर एस ड्राइव चलाया गया। सभी वारंटियों को शुक्रवार को कांके रोड स्थित न्यू पुलिस लाइन लाया गया, जहां से सभी को शाम में न्यायिक हिरासत में होटवार जेल दिया गया। जेल भेजे गये वांछितों में बुंडू, नगड़ी और लापुंग थाना क्षेत्र में घटित नक्सल घटना में शामिल तीन लोग भी शामिल हैं। इसके अलावा गिरफ्तार वारंटियों में हत्या, आर्म्स



एक्ट, चेक बाउंस, धोखाधड़ी, ठगी, रंगदारी, प्रताड़ना, मारपीट, चोरी, लूट, डकैती, हत्या की नीयत से हमला, अपहरण, अवैध खनन, मोटर दुर्घटना समेत विविध आपराधिक मामलों में शामिल अपराधी भी हैं।

रांची पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए सभी अपराधियों में से कई लंबे समय से फरार थे और कई जमानत पर जेल से बाहर आने के बाद से पुलिस की नजरों से बचते फिर रहे थे। वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिसकर्मियों की 60 टीम बनाई गई थी। इसमें शामिल पुलिसकर्मियों ने वारंटियों की धर-पकड़ के लिए 181 स्थानों पर छापामारी की थी। इसी क्रम में सभी की गिरफ्तारी हुई।

सावन से लागू होगा ड्रेस कोड

# मनकामेश्वर मंदिर में जींस, पैंट, स्कर्ट में पूजा करने पर लगाई जाएगी पाबंदी

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

यमुना किनारे स्थित मनकामेश्वर मंदिर में सावन माह से भक्तों के लिए ड्रेस कोड अनिवार्य होगा। इसके तहत पुरुषों को धोती पहनकर ही मंदिर में पूजन-अभिषेक करना होगा। धोती के साथ वो शर्ट और कुर्ता पहन सकते हैं। इसी तरह महिलाओं को साड़ी या सलवार सूट पहनकर ही पूजन-अभिषेक करना होगा यानी जींस, पैंट, स्कर्ट जैसे कपड़े पहनकर मंदिर में पूजन पर पाबंदी होगी। मंदिर प्रशासन ने पूजन-अभिषेक के दौरान धार्मिक परंपराओं को नियमपूर्वक कराने के लिए यह फैसला लिया है। मंदिर के सभी पुजारियों को इस नियम का सख्ती से पालन करवाने के निर्देश हैं।

श्री मनकामेश्वर मंदिर के महंत ब्रह्मचारी श्रीधरानंद महाराज ने बताया कि पूजन-अर्चन में वस्त्र का विशेष महत्व होता है। आराध्य के पूजन-अभिषेक के लिए बिना सिले हुए वस्त्र ही पहनने चाहिए। धोती बिना सिला हुआ वस्त्र होता है और इसे पवित्र माना जाता है। इस कारण 11 जुलाई से शुरू हो रहे सावन से पूजन-अर्चन के लिए नए नियमों का पालन सभी के लिए जरूरी होगा।




**सोमवार को दिनभर रहता है भक्तों का तांता**

दरअसल, श्री मनकामेश्वर मंदिर भगवान शिव का अति प्राचीन मंदिर है। हर दिन यहां बड़ी संख्या में भक्त दूरदराज से पहुंचते हैं। सोमवार के दिन यहां दिनभर भक्तों का तांता लगा रहता है। वहीं सावन में दूरदराज से भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। मान्यता है कि मनकामेश्वर मंदिर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन करने पर भगवान शिव भक्तों की हर इच्छा पूरी करते हैं।

**मंदिर प्रशासन निशुल्क धोती उपलब्ध कराएगा**

सावन में लागू की गई व्यवस्था आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि श्री मनकामेश्वर मंदिर में पूजन-अभिषेक के लिए आने वाले भक्त अगर खुद की धोती पहनकर नहीं आते हैं तो उनके लिए भी व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए मंदिर प्रशासन निशुल्क धोती उपलब्ध कराएगा। विधि-विधान से पूजन-अभिषेक के बाद धोती मंदिर प्रशासन को वापस करना होगा।



# कन्नप्पा का ट्रेलर रिलीज अक्षय बने महादेव...

**मुंबई।** साउथ सिनेमा की बहुचर्चित मल्टीस्टारर फिल्म कन्नप्पा, 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। टीजर के बाद अब फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया गया है, जिसमें प्रभास, मोहनाल से लेकर अक्षय कुमार जैसे दिग्गज कलाकार नजर आ रहे हैं। दो मिनट 54 सेकेंड के इस ट्रेलर की शुरुआत एक बच्चे यानी कि 'कन्नप्पा' से होती है, जो कहता है कि भगवान का अस्तित्व नहीं है और वह खुद अपने समुदाय के लोगों को बचाने की जिम्मेदारी लेता है। इसके बाद बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार दिखते हैं, जो भगवान शिव के रूप में नजर आ रहे हैं। फिल्म की कहानी शिव भक्तों की कहानी है।

लाइफ Style

# चित्रांगदा

## महिला हो या पुरुष, बराबर है जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इन दिनों फिल्म इंडस्ट्री में वर्किंग यानी कामकाजी महिलाओं को लेकर एक अहम बहस चल रही है। खासकर उन आर्टिस्ट को लेकर जो मां भी हैं और अपने करियर को भी संभाल रही हैं। हाल ही में दीपिका पादुकोण ने मां बनने के बाद आठ घंटे ही शूटिंग करने की डिमांड मेकर्स के सामने रखी। इसके बाद ही यह बहस शुरू हुई।

इस मुद्दे पर एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह ने भी अपनी राय रखी है। बॉलीवुड एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह हालिया रिलीज फिल्म 'हाउसफुल 5' में नजर आ रही हैं। इसी बीच अमर उजाला डिजिटल से खास बातचीत में एक्ट्रेस ने फिल्म इंडस्ट्री में वर्किंग महिलाओं के लिए 8 घंटे की शिफ्ट को लेकर अपनी राय रखी। एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे लगता है कि सबका अपना-अपना माइंडसेट होता है। अपनी पसंद होती है। कोई भी किसी की चॉइस पर सवाल नहीं उठा सकता। लेकिन, अगर आप सेट पर आ रहे हैं, चाहे आप मेल एक्टर हों या फीमेल, हम एक क्वालिटी की उम्मीद करते हैं। इसलिए, वहां सबकी बराबर जिम्मेदारी होनी चाहिए। काम का मतलब काम होता है।

मुझे लगता है कि मेल या फीमेल, इससे फर्क नहीं पड़ता। काम की जिम्मेदारी सबकी होती है। चित्रांगदा ने आगे बताया, मैंने खुद सात साल का ब्रेक लिया था। जब मेरा बेटा हुआ, मैंने पूरा काम छोड़ दिया। इससे मेरे कॅरियर पर असर पड़ा। लेकिन वो मेरी चॉइस थी। ये एक पर्सनल चॉइस थी। कोई उस पर सवाल नहीं उठा सकता। हर किसी की प्रायोरिटी होती है। मैं उस महिला की भी इज्जत करती हूं जो साफ तौर पर कहती है कि मैं इससे ज्यादा काम नहीं कर सकती।




हॉलीवुड मसाला



# स्थगित किए वर्ल्ड टूर के चार शो

लॉस एंजिल्स। पॉप गायिका काइली मिनोग बीमार हैं। ऐसे में उनके फैंस के लिए दुख की बात यह है कि उन्होंने अपनी बीमारी के चलते अपने चार आगामी शो स्थगित करने का ऐलान किया है। काइली मिनोग यूके में भीड़ को जमा करने के लिए अपने 'टेंशन' टूर पर प्रदर्शन कर रही थीं। लेकिन, आवाज में दिक्कत की वजह से उन्हें अपने चार प्रोग्राम रद्द करने पड़े। 'टेंशन' टूर सात सालों में उनका पहला वैश्विक और उनके कॅरियर का 16वां टूर है।




# टॉम ने गर्लफ्रेंड एना के साथ लंदन में किया डिनर डेट...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज और उनकी 25 साल छोटी गर्लफ्रेंड एना डे आर्मस एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार दोनों लंदन में डिनर डेट पर निकले। इससे उनके कथित रिश्ते के बारे में अटकलों को और हवा मिल गई है। इनकी फोटोज सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रही हैं। मालूम हो कि टॉम जहां 62 साल के हैं तो एना 37 साल की हैं। दोनों की उम्र के बीच 25 साल का अंतर है। रिपोर्ट्स के अनुसार, टॉम क्रूज और एना एना डे आर्मस अलग-अलग आए थे, लेकिन बाद में एक-दूसरे के साथ बहुत खुश दिखाई दिए। दोनों ने ब्लैक कलर का आउटफिट पहना था। भीड़ और पपाराजी की परवाह से दोनों दूर थे। हालांकि, ये पहली बार नहीं है, जब टॉम और एना को एक साथ देखा गया है। वे पहले भी कई बार मिल चुके हैं, जिससे उनके अफेयर के कयास लगाए जाने लगे।



# चेहरे पर बालों के लिए मिलते थे कमेंट्स

**मुंबई।** म्यूजिक की दुनिया में जोनिता गांधी एक जाना माना नाम हैं। हाल ही में सिंगर एक इंटरव्यू में शामिल हुईं, जहां उन्होंने अपने पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर बात की है। इस दौरान गायिका ने बताया कि लोग उन्हें चेहरे और बालों को लेकर खराब-खराब बोलते थे, जिससे उनकी जिंदगी पर बुरा असर पड़ रहा था। जोनिता गांधी ने कहा, 'जब मैं बड़ी हो रही थी तो मेरे चेहरे पर काफी बाल थे, जिस वजह से लोग मुझे चिढ़ाते थे और खराब-खराब बोलते थे। वे मुझे गॉडजिला कहते थे, मुझे लगता है कि वे बस यही सोचते थे कि मैं बदसूरत हूं। मैं घर आकर रोती थी। यहां तक कि मेरी क्लास के पंजाबी लड़के भी मेरा मजाक उड़ाते थे। मैं अपनी बॉडी को खुद ही नहीं अपना पा रही थी, तो कोई और कैसे अपनाता।' जोनिता गांधी ने बताया, 'मेरे अंदर अभी भी वो डर है।



# उर्फी ने अपूर्वा को कहा- बदतमीज

**मुंबई।** करण जौहर के रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' के अभी कुछ एपिसोड ही प्रसारित हुए हैं और अभी से घर के अंदर ड्रामा अपने चरम पर है। इस बार सुर्खियों में हैं दो कंटेस्टेंट्स- उर्फी जावेद और अपूर्वा मुखिजा। शुरुआती एपिसोड में दोनों के बीच 'सिस्टर कोड' देखने को मिला था, लेकिन अब वही रिश्ता तकरार में बदल चुका है। दोनों अब एक दूसरे कीं कट्टर दुश्मन बन गई हैं। अब दोनों की लड़ाई सिर्फ शो तक ही सीमित नहीं है बल्कि शो से बाहर भी दोनों एक दूसरे पर तंज कसते हुए नजर आ रही हैं। अपूर्वा ने भी इस क्लिप को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, 'हमें मानना पड़ेगा, हम एक ही लेवल पर नहीं हैं। इस पर उर्फी ने करारा जवाब देते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी में अपूर्वा को 'बदतमीज' बताया और कहा, 'मैं इस लड़की की तरह बदतमीज नहीं हूं।

टीवी मसाला



# 'बड़े अच्छे लगते हैं' के अलावा ये रोमांटिक सीरियल भी हुए मशहूर

**नई दिल्ली।** सीरियल 'बड़े अच्छे लगते हैं' के नए सीजन में शिवांगी जोशी और हर्षद चोपड़ा लीड रोल में नजर आने वाले हैं। इस जोड़ी की इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी चर्चा है। फैंस का मानना है कि हर्षद और शिवांगी भी रोमांटिक टीवी सीरियल के पॉपुलर कपल्स की लिस्ट में शामिल होंगे। हम आपको यहां पर टीवी के कुछ मशहूर रोमांटिक सीरियल के ही बारे में बता रहे हैं। साल 2011 में एकता कपूर सीरियल 'बड़े अच्छे लगते हैं' का पहला सीजन लेकर आईं। इसमें राम कपूर और साक्षी तंवर ने राम और प्रिया नाम के किरदार निभाए थे। यह सीरियल एक मिडिल एज कपल्स की लव स्टोरी पर था। राम और प्रिया की रोमांटिक जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। कृतिका कामरा और करण कुंद्रा स्टारर टीवी सीरियल 'कितनी मोहब्बत है' के दो सीजन आए थे। दोनों ही सीजन में इन एक्टर्स ने अर्जुन और आरोही नाम के किरदार निभाए। पहला सीजन 2009 में दर्शकों को देखने को मिला था। आज भी दर्शक इस सीरियल के दीवाने हैं। साल 2007 में 'दिल मिल गए' सीरियल आया, यह सीरियल 'संजीवनी' का आगे का पार्ट था। इस सीरियल में करण सिंह ग्रोवर लीड में थे। फीमेल लीड दो-तीन बार बदलीं। इस सीरियल के भी कई सीजन आए। मेडिकल ड्रामा के अलावा इस सीरियल की प्रेम कहानी यंग ऑडियंस को काफी पसंद आई। साल 2009 में टीवी एक सीरियल 'पवित्र रिश्ता' टेलीकास्ट हुआ। बहुत कम समय में इस सीरियल ने टीआरपी लिस्ट में अपने लिए जगह बना ली।

## 13 साल छोटी एक्ट्रेस के प्यार में पड़े कुशाल

**नई दिल्ली।** टीवी के मशहूर अभिनेता कुशाल टंडन ने रविवार की सुबह ऐलान किया कि उन्होंने शिवांगी जोशी से अलग होने का फैसला किया है। अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर रात 2:30 बजे के आसपास यह नोट लिखा। हालांकि, पांच मिनट के बाद एक्टर ने ये पोस्ट डिलीट कर दी। कुशाल टंडन ने पोस्ट में लिखा 'मैं जिन लोगों से प्यार करता हूं, उनसे बस इतना कहना चाहता हूं कि मैं और शिवांगी अब साथ नहीं हैं, 5 महीने हो गए हैं।' इससे पहले कि फैंस इस खबर को समझ पाते, कुशाल ने इसे अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी से हटा दिया। इसके बाद उन्होंने कोई बात नहीं कही है। फैंस अटकलें लगा रहे हैं कि क्या एक्टर नशे में थे या फिर ब्रेकअप की बात सही है जिसकी वजह से उन्होंने पोस्ट डिलीट की। कुशाल टंडन ने अपने ब्रेकअप का एलान ऐसे मौके पर किया जब फैंस ने अनुमान लगाया कि दोनों अलग होने वाले हैं। कुशाल और शिवांगी, जो कुछ महीने पहले तक सोशल मीडिया पर बहुत ज्यादा एक्टिव थे, ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया।



# सनी देओल से लेकर अल्लू अर्जुन तक ने सेलिब्रेट किया फादर्स-डे

**मुंबई।** 15 जून को देश-दुनिया में लोग फादर्स डे सेलिब्रेट किया। इस खास दिन को बॉलीवुड सेलिब्रिटी, साउथ फिल्मों के कई स्टार्स तक सेलिब्रेट करते नजर आए। कई सेलिब्रिटीज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने पिता के नाम प्यार भरे संदेश लिखे हैं, साथ ही उनके साथ तस्वीरें भी साझा की हैं।

***बेटी रूही-बेटे यश के नाम लिखा इमोशनल नोट***

पिताः हमारे जीवन को संवारते हैं, हमें जिंदगी जीने का सलीका सीखाते हैं, सही राह दिखाते हैं। साथ ही उनका प्यार हमारी जिंदगी को खुशियों से भर देता है। पिता के बारे में जितना कहा जाए, कम है। कुछ ऐसी ही फीलिंग्स करण जौहर की भी हैं। फादर्स-डे के मौके पर करण जौहर ने अपने पिता को याद करते हुए एक पोस्ट साझा किया है। साथ ही अपने बच्चों के नाम भी एक पोस्ट शेयर किया है। करण जौहर ने पिता यश जौहर के साथ एक पुरानी तस्वीर शेयर की है, इस फोटो में दोनों एक फिल्म के सेट पर बैठे हैं। साथ ही करण जौहर ने एक कैप्शन भी लिखा है, 'आपने दिल और आत्मा (Soul) के साथ फिल्में बनाईं। आपने अपने जीवन को अधिक जिया। आपने मुझे सिखाया कि अच्छी कहानी कहने की शुरुआत आपके अच्छे मन से होती है। मैं अपनी फीलिंग्स को बड़े पर्दे पर दिखा पाया, इसके लिए आपने हिम्मत दी, इसके लिए शुक्रिया। हैप्पी फादर्स डे पापा।'

## मैं जो कुछ भी हूं, आपके गाइडेंस से हूं

सनी देओल ने अपने पिता धर्मेंद्र को फादर्स डे पर विश किया है। इंस्टाग्राम पर अपने पापा के साथ एक फोटो शेयर करते हुए वह कैप्शन में लिखते हैं, 'आप मेरी ताकत हैं, मैं जो कुछ भी हूं, आपके गाइडेंस से हूं। आपका बेटा होकर मुझे गर्व महसूस होता है। मैं हमेशा आपके बताए रास्ते पर चलूंगा। बहुत सारा प्यार पापा।'



## पिता को बताया अपना भगवान

अल्लू अर्जुन ने अपने पिता के साथ एक पुरानी तस्वीर साझा की हैं। पिता को फादर्स डे विश किया है। इस पोस्ट में वह पिता को अपना भगवान भी बताते हैं।



# नशे में धुत्त होकर लड़ पड़े थे देव आनंद प्रोड्यूसर ने फिल्म से कर दिया था आउट

**नई दिल्ली।** शम्मी कपूर की फिल्म 'तीसरी मंजिल' साल 1966 में रिलीज हुई थी। फिल्म का आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे गाना आज भी सुपरहिट है। वैसे इस फिल्म के लिए पहली पसंद देव आनंद थे। हाल ही में आमिर खान ने खुलासा किया कि शम्मी कपूर को इस फिल्म में होना ही नहीं था। दरअसल, यह फिल्म देव आनंद को लेकर बनाई जानी थी और आमिर के चाचा नासिर हुसैन इसे डायरेक्टर करने वाले थे। आमिर खान ने बताया कि एक्ट्रेस साधना की सगाई की पार्टी में दोनों के बीच जमकर लड़ाई हुई थी। इसके बाद नासिर हुसैन ने देव आनंद को फिल्म से बाहर कर दिया और फिर उन्होंने विजय आनंद को डायरेक्शन की जिम्मेदारी सौंपी थी। फिल्म बनी और यह एक बड़ी हिट साबित हुई।

***आमिर खान ने सुनाया पूरा किस्सा :*** एक इंटरव्यू में आमिर खान ने पूरा किस्सा बताया, जो उन्हें चाचा और फिल्ममेकर नासिर हुसैन ने सुनाया था। आमिर ने बताया कि साधना की सगाई की पार्टी में जब देव आनंद और नासिर हुसैन ने शराब पी रखी थी, तो दोनों के बीच झगड़ा हो गया, जो बाद में हाथापाई तक पहुंच गया।



***देव आनंद के साथ बन रही थी तीसरी मंजिल :*** आमिर ने बताया, नासिर, विजय आनंद के बहुत करीब थे और देव आनंद के भी दोस्त थे। तीसरी मंजिल को शुरू में देव आनंद के साथ बनाया जा रहा था। देव आनंद उसमें एक्टिंग कर रहे थे और नासिर उसका डायरेक्शन कर रहे थे। जब तीसरी मंजिल बनाई जा रही थी, उस समय नासिर हुसैन एक और फिल्म बहारों के सपने भी प्रोड्यूस कर रहे थे, जिसका डायरेक्शन विजय आनंद कर रहे थे और उसमें न्यूकमर राजेश खन्ना लीड भूमिका में थे।

***शराब पीकर लड़ पड़े थे देव आनंद-नासिर हुसैन :*** सगाई पार्टी में देव आनंद दोनों फिल्मों के बारे में बात कर रहे थे और नासिर ने यह बातचीत सुन ली। देव आनंद ने तीसरी मंजिल को बड़ी फिल्म और बहारों के सपने को छोटी फिल्म कह दिया। यह तुलना नासिर को बहुत बुरी लगी और इसी बात को लेकर उन दोनों के बीच बहस शुरू हो गई।

***इस वजह से शुरू हुई थी दोनों के बीच मारपीट :*** आमिर खान ने बताया, नासिर साहब ने कहा कि छोटी फिल्म या बड़ी फिल्म क्या होती है? दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। फिर वे दोनों लड़ने लगे और दोनों के बीच मारा-मारी होने लगी। इस घटना के बारे में नासिरजी ने मुझे बताया था। फिर मैंने यह किस्सा साधना जी से कन्फर्म किया, जिन्होंने कहा कि हां, दोनों दारू पीकर झगड़ा कर रहे थे।

***तीसरी मंजिल से निकाले गए थे देव आनंद :*** नासिर इस बात से देव आनंद से काफी नाराज हो गए थे, इसलिए उन्होंने फैसला किया कि वह और विजय आपस में फिल्में बदल लेंगे। इसके बाद विजय आनंद को तीसरी मंजिल की जिम्मेदारी दे दी गई और नासिर ने बहारों के सपने का डायरेक्शन किया।

## शुरुआत में काफी किया संघर्ष, स्टूडियो में किया रिफ्लेक्टर ब्वॉय का काम

# 49 बार निभाया नारद मुनि का किरदार, विलेन बनकर हीरो का किया जीना मुश्किल

***नई दिल्ली।** ओमकार नाथ धर उर्फ अभिनेता जीवन का जन्म (24 अक्टूबर 1915) एक कश्मीर पंडित परिवार में हुआ। मां का निधन ओमकार को जन्म देने के बाद हो गया था, वह तीन साल के हुए तो पिता को भी खो दिया। बिना माता-पिता के प्यार के ओमकार नाथ धर की परवरिश उनके दादा ने की थी। ओमकार नाथ धर एक संपन्न परिवार से संबंध रखते थे, मगर सिनेमा को लेकर कोई माहौल उनके घर में नहीं था।*

## 26 रुपए लेकर एक्टर बनने बंबई आ गए

बचपन से ही ओमकार को फिल्मों से गहरा लगाव हो गया। मगर परिवार के लोग, खासकर दादा जी फिल्मों में काम करने को अच्छा नहीं मानते थे। ऐसे में ओमकार घर से भाग निकले। जिस वक्त ओमकार ने घर छोड़ा, उनकी उम्र सिर्फ 18 साल थी। अपनी जेब में सिर्फ 26 रुपए लिए वह बंबई (मुंबई) आ गए। बॉलीवुड में शुरुआत में काफी संघर्ष किया। एक नामी फिल्म स्टूडियो में रिफ्लेक्टर ब्वॉय के तौर पर काम किया। आगे चलकर उन्हें फिल्म 'फैशनेबल इंडिया' नाम की फिल्म में काम करने का मौका मिला। फिल्मों के लिए उन्होंने अपना नाम ओमकार नाथ से जीवन भी कर लिया।

**कॅरियर में किए कई तरह के रोल :** अभिनेता जीवन ने अपने कॅरियर में कई तरह के रोल किए, लेकिन वह बड़े पर्दे पर सबसे ज्यादा बार नारद मुनि का रोल निभाते हुए नजर आए। एक बार अभिनेत्री तबस्सुम ने अपने चर्चित टॉक शो में जीवन से सवाल किया था? 'आप लगभग 40 बार नारद मुनि का रोल कर चुके हैं?' इस जीवन का जवाब था, ' 40 नहीं, मैं 49 बार नारद मुनि का रोल कर चुका है।'



## विलेन के किरदार किए जाते हैं याद

*60 से लेकर 80 के दशक तक जीवन ने बॉलीवुड फिल्मों में विलेन के या फिर नेगेटिव रोल निभाए। विलेन के किरदार में वह खूब मशहूर हुए। फिल्म अमर अकबर एंथनी, धर्म वीर जैसी फिल्मों में निभाए जीवन के विलेन के किरदार आज भी याद किए जाते हैं।*

## अभिनय की विरासत को बेटे ने बढ़ाया आगे

जीवन के अभिनय की विरासत को उनके बेटे किरण कुमार ने आगे बढ़ाया है। वह टीवी और फिल्मों के चर्चित अभिनेता हैं। अपने पिता जीवन के बारे में किरण कुमार एक इंटरव्यू में कहते हैं, 'मेरे पिता का स्टाइल अलग ही था। वह अपने किरदारों को अलग ढंग से निभाते थे। कई लोगों ने मेरे पिता को कॉपी किया, आज वह लोग काफी सफल हैं।'

## खबर संक्षेप

### पैरामेडीकल स्टाफ की भर्ती में 37 जिलों को छोड़ा

**भोपाल**। पैरामेडीकल स्टाफ की भर्ती में 37 जिलों को छोड़ दिया गया है। इसको लेकर विवाद गहरा गया है। कोर्ट के आदेश पर यह प्रक्रिया अपनाई गई है, लेकिन स्वास्थ्य कमिश्नर द्वारा जो सूची जारी की गई है, उसमें सिर्फ मात्र 18 जिलों के नाम है। ग्रुप-5 के अंतर्गत वर्ष 2019 में यह परीक्षा कराई गई थी। मप्र स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष महादेव सिंह गोयल और प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह परिहार का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग कमिश्नर तरूण राठी ने जो सूची जारी की है। उसमें सिर्फ 18 जिलों का नाम है।

### 90 डिग्री टर्न वाले ब्रिज पर किया पूजा-पाठ



**भोपाल**। राजधानी के ऐशबाग रेलवे ओवरब्रिज की हादसों को न्योता देने वाली 90 डिग्री मोड़ वाली डिजाइन के विरोध में कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने शनिवार को पंडितों के साथ जनता की सुरक्षा की कामना को लेकर पूजा-पाठ का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में निर्माण कार्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार किसी से छिपा नहीं है। ऐसा ही अद्भुत नमूना अब राजधानी भोपाल में देखने को मिला है। दस साल से ज्यादा के इंतजार के बाद तैयार होने जा रहे ऐशबाग आरओबी को 90 डिग्री का टर्न दिया गया है।

### आजाद समाज पार्टी के नेताओं पर एफआईआर

**भोपाल**। आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी के नेताओं ने कलेक्ट्रेट का घेराव किया था। उन्होंने भिंड कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव को लेकर अपशब्दों का उपयोग किया था। प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने भड़काऊ भाषण दिए। इस मामले को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया। एसडीएम की शिकायत पर देहात पुलिस ने पूर्व प्रत्याशी दामोदर यादव, सतेंद्र विद्रोही और सौरभ त्रिवेदी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। विगत 12 जून की दोपहर भिंड कलेक्ट्रेट पर आजाद समाजवादी पार्टी और भीम आर्मी द्वारा किसानों की जमीन के मामले को लेकर प्रदर्शन किया गया था। मालनपुर के लहचूरा के किसानों की 133 बीघा जमीन कुछ कॉलोनाइजरों के नाम हो गई है। इस जमीन को किसान अपना बता रहे हैं। इसी मामले के विरोध में नेताओं ने भिंड में प्रदर्शन किया था।

# प्रदेश को योगयुक्त, नशामुक्त बनाने को योग मैराथन बनी संकल्प यात्रा

■ 21 जून को ब्रह्म सरोवर के तट पर योग गुरु स्वामी रामदेव के साथ योग करने को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र



मुख्यमंत्री ने धावकों पर की पुष्प वर्षा, दिया नशा मुक्ति का संदेश

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्यस्तरीय योग मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और युवाओं पर पुष्प वर्षा की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश को योग युक्त, नशा मुक्त बनाने के लिए गीता स्थली कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर योग मैराथन एक संकल्प यात्रा बनी है। इस संकल्प यात्रा में प्रदेशभर से हजारों युवाओं, बुजुर्गों और महिलाओं ने जोश के साथ दौड़ लगाकर लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक किया। सरकार ने भी संकल्प लेकर राष्ट्र की संपत्ति युवा वर्ग को नशे से बचाने के लिए योग युक्त, नशा मुक्त हरियाणा बनाने का प्रयास किया है। इससे युवाओं को नशे से बचाया जा सकेगा। अहम पहलू यह है कि कुरुक्षेत्र में 21 जून को होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम से पहले चलाए गए अभियान में अब तक प्रदेश के 19.27 लाख लोग जुड़ चुके हैं, जो हमारे लिए गर्व की बात है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रविवार को ब्रह्मसरोवर के दक्षिण गेट पर हरियाणा खेल विभाग, आयुष विभाग, हरियाणा योग आयोग व जिला प्रशासन के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय योग मैराथन में सम्बोधित कर रहे थे।

### 20 धावकों को सम्मानित किया

*कुरुक्षेत्र की राज्य स्तरीय योग मैराथन में महिलाओं और पुरुष वर्ग के विजेता 20 धावकों को पुरस्कार के रूप में 3.46 लाख रुपये के नकद पुरस्कार वितरित किए। इस योग मैराथन में प्रथम आने वाले गौरव और सोनीपत की मोनिका को 51000 रुपये देकर सम्मानित किया। इस योग मैराथन में हजारों युवाओं ने हिस्सा लेकर नशा के खिलाफ चल रहे यज्ञ में आहुति डालने का काम किया है।*

## प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों और नीतियों से नक्सलवाद और आतंकवाद को लगभग समाप्त कर दिया: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन

# तीन साल में श्रीगंगानगर तक बहेगा सिंधु जल पाकिस्तान बूंद-बूंद के लिए तरसेगा: शाह

*सुव्यवस्थित, शिक्षित, विकसित देश के लिए भाजपा सरकार जरूरी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान सेना के मुख्यालय में हमला कर नुकसान पहुंचाया। पहलगाम हमले के बाद सिंधु जल समझौते को स्थगित किया। स्व. जवाहरलाल नेहरू के समय यह समझौता किया गया था। उन्होंने कहा कि तीन साल के अंदर सिंधु के जल को नहरों से श्री गंगानगर तक ले जाया जाएगा। एक बड़े भू-भाग में सिंचाई की सुविधा शुरू हो जाएगी। पाकिस्तान पानी के लिए बूंद-बूंद के लिए तरसेगा। शाह ने कहा कि पहलगाम में धर्म पूछकर मारा, अब खाने के लिए अनाज को तरसेंगे। उन्हें खाने के लिए विदेशों से अनाज मांगकर लाना पड़ेगा।

केंद्रीय मंत्री शाह शनिवार को पचमढ़ी में सांसद एवं विधायकों का 3 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने महापुरूषों को पुष्पांजलि अर्पित कर शुभारंभ किया। सत्र के प्रारंभ में अहमदाबाद में हुए हृदय विदारक विमान हादसे पर शोक व्यक्त किया गया। केंद्रीय मंत्री शाह ने उद्घाटन सत्र में जनसंघ से 'भाजपा-1951 से 2025' विषय पर बोलते हुए कहा कि परिवर्तन वही ला सकते हैं, जो अंतिम क्षण तक विद्यार्थी रहते हैं, जिनमें सीखने की ललक होती है। आज पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा की स्वीकारोक्ति देख सकते हैं।

### मप्र ने चुनाव में इतिहास रचा: शर्मा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हो रहा है। इस प्रशिक्षण वर्ग में मप्र से पार्टी के सभी सांसद एवं विधायक उपस्थित हैं। मप्र भाजपा ने पिछले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में हो इतिहास रचा है। प्रशिक्षण वर्ग में उद्घाटन और समापन सत्र मिलाकर 14 अलग-अलग रहेंगे, जिनमें वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन मिलेगा। इसमें अलग-अलग विषय पर सत्र होंगे। प्रथम सत्र को केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने 'लोक व्यवहार एवं समय प्रबंधन, व्यक्तित्व कौशल' विषय पर संबोधित किया। अध्यक्षता प्रदेश प्रवक्ता व विधायक अर्चना चिटनीस ने की। द्वितीय सत्र को केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान ने 'विकसित भारत-मोदी सरकार के परिवर्तनकारी कदम' विषय पर संबोधित किया। अध्यक्षता केन्द्रीय मंत्री उइके ने की। तृतीय सत्र में तीन समानान्तर सत्रों को केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार खटिक, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं सांसद सुधीर गुप्ता ने संबोधित किया।

### अपने कार्य के आधार पर मिलती है जिम्मेदारी: सीएम डॉ. यादव

1 प्रशिक्षण वर्ग मन विचार को साफ करने की प्रक्रिया

2 पचमढ़ी में सांसद एवं विधायकों का 3 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग




*हम सभी पार्टी के कार्यकर्ता, पार्टी ने हमारी योग्यता तथा क्षमता के आधार पर हमें आगे बढ़ाया*

शाह ने कहा कि सुव्यवस्थित, शिक्षित, विकसित देश के लिए भाजपा सरकार जरूरी है। मप्र भाजपा की एक शानदार परंपरा रही है। हम सभी पार्टी के कार्यकर्ता हैं और पार्टी ने हमारी योग्यता तथा क्षमता के आधार पर हमें आगे बढ़ाया है, सांसद, विधायक बनाया है। उदघाटन सत्र की प्रस्तावना भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने रखी। सत्र को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सम्बोधित किया। उद्घाटन सत्र के दौरान केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान, भूपेन्द्र यादव, डीडी उइके, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं राजेन्द्र शुक्ल सहित सभी मंत्री, पदाधिकारी मौजूद थे। संचालन प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने किया।

### नेहरू सरकार ने जो नीतियां बनाईं, उनमें देश की मिट्टी की सुगंध नहीं थी

केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि देश जब आजाद हुआ, उस समय कांग्रेस का शासन था। कांग्रेस पार्टी पर पूरी तरह पं. नेहरू हावी थे। उस समय नेहरू सरकार ने जो नीतियां बनाईं, उनमें देश की मिट्टी की सुगंध नहीं थी। उनमें हमारी चिर पुरातन संस्कृति का कोई प्रतिघोष नहीं था। वे पाश्चात्य संस्कारों से प्रेरित थीं। उस समय कई नेता थे, जो इन नीतियों से सहमत नहीं थे। उन्हीं में से एक थे डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जो नेहरू मंत्रिमंडल में उद्योग मंत्री थे। पं. नेहरू ने जब नेहरू-लियाकत पैक्ट के फलस्वरूप कश्मीर में धारा 370 लगाई, तो डॉ. मुखर्जी ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उन्हें देश में एक ऐसी राजनीतिक पार्टी की आवश्यकता महसूस हुई, जो देश के इतिहास, धर्म, परंपरा और संस्कृति से जुड़ी हुई हो। इसी विचार से उन्होंने जनसंघ की स्थापना की।

### आज पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा ही दिखाई देती है

*शाह ने कहा कि भाजपा पार्टी संगठन के आधार पर चलने वाली पार्टी होगी, जिसकी आत्मा उसके कार्यकर्ता होंगे। सरकार बनाना हमारा लक्ष्य नहीं होगा, बल्कि हम अपने सिद्धांतों के लिए सरकार बनाएंगे। उस समय लोगों ने जनसंघ का खूब मखौल उड़ाया, लेकिन आज जनसंघ से ही बनी भाजपा सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। 18 राज्यों में सरकारें हैं। सबसे ज्यादा सांसद, विधायक, जिला पंचायत, नगर पालिका, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायतें हैं। आज पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा ही दिखाई देती है।*

### सरकार किसी की भी बने राज्य और देश समृद्धशाली होना चाहिए

केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने कहा था कि देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। धारा 370 हटाने के लिए कूच किए और उनकी हत्या हो गई। गौवंश पर सत्याग्रह, राम जन्मभूमि की यात्रा, एकता यात्रा, स्वर्ण जयंती भ्रष्टाचार मुक्त। धारा 370 के खिलाफ आंदोलन करते हुए डॉ. मुखर्जी ने देश की एक एक इंच की भूमि की सुरक्षा की। गौ हत्या पर प्रतिबंध, श्रीराम जन्मभूमि का कार्यक्रम सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जिस देश की सरकारें सामाजिक जीवन के लिए कार्य करती हो वह भाजपा ही है। सरकार राष्ट्रवादी, विकास को समर्पित, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की पोषक होना चाहिए। सरकार किसी की भी बनी हो, वह राज्य और देश के लिए समृद्धशाली होना चाहिए। समृद्धि का मार्ग अंत्योदय का होना चाहिए।

#### बीमारू राज्य से निकालकर प्रगतिशील और समृद्धशाली राज्य बनाया

शाह ने कहा कि मप्र में जब भाजपा की सरकार बनी,उस समय शिवराजसिंह चौहान ने बागडोर संभाली। 20 वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने मप्र को बीमारू राज्य से निकालकर प्रगतिशील और समृद्धशाली राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा किया और उसकी तस्वीर बदल दी। इसी तरह छत्तीसगढ़ में 15 वर्षों तक भाजपा की सरकार बनी, बीमारू राज्य से बाहर निकाला। राजस्थान वसुंधरा राजे के नेतृत्व में बीमारू राज्य से बाहर आया। उत्तरप्रदेश और बिहार भी एनडीए की सरकार बनी। उत्तरप्रदेश में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ और बिहार भी विकास की राह पर चल पड़े हैं।

#### डॉ. मुखर्जी और पं. उपाध्याय के बताए मूल सिद्धांतों पर चल रही भाजपा

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं की तपस्या के फल से ही 2014 में भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत मिली। 2024 से अब तक ग्यारह साल की सरकार में भाजपा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के बताए मूल सिद्धांतों पर चल रही है। 60 करोड़ लोगों को पक्के आवास, बिजली, पानी, पांच लाख रुपए तक के आरोग्य की गारंटी, पांच किलो मुफ्त अनाज जैसी योजनाओं ने जीवन में परिवर्तन लाने कार्य किया है। 52 करोड़ जनधन खाते खोलने, उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन देने का कार्य किया।

### 11 साल में अर्थव्यवस्था को चौथे नंबर पर लाए

*केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जब हमारी सरकार बनी तक देश की अर्थव्यवस्था 11 वें नंबर पर थी। देश जब आजाद हुआ, तक भारत की अर्थव्यवस्था 15वें नंबर पर थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने ग्यारह साल में अर्थव्यवस्था को ग्यारहवें नंबर से चौथे नंबर पर लेकर आए। इस कार्यकाल की समाप्ति से पहले देश की अर्थव्यवस्था को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे। जो कार्य आजादी के बाद साठ सालों में नहीं हुआ, वह हमारी सरकार में ग्यारह साल में कर दिखाया।*

### अपनी भूमिका को और मजबूत बनाने का कार्य होगा

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रशिक्षण वर्ग को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पाकिस्तान पर भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान प्रेरित आतंक को समूल नष्ट करने का काम किया है। अलगाववाद, नक्सलवाद और आतंकवाद की गतिविधियां होती रहती थी, लेकिन प्रधानमंत्री के कार्यों और नीतियों से नक्सलवाद और आतंकवाद को लगभग समाप्त कर दिया है। देश के गृह मंत्री शाह ने देश के अंदर नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने का प्रण लिया है। आज आयोजित सांसद एवं विधायकों का प्रशिक्षण वर्ग हमारी भूमिका को और मजबूत बनाने का कार्य करेगा।*

## लाखों का सामान जलकर खाक, देर रात की घटना

# यूनियन बैंक की शाखा में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शहर के प्रतापगंज पारा स्थित एक बैंक में अचानक से देर रात आग लग गई। मामले की जानकारी लगते ही आमजनों से लेकर पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर आ पहुंची।



आग में बैंक के अंदर रखा सामान जल गया। फायर बिग्रेड की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि रात करीब 11 से 12 बजे के बीच पुलिस को सूचना मिली कि प्रतापगंज पारा स्थित यूनियन बैंक से अचानक से धुआं निकलता हुआ दिखाई दे रहा है। बैंक के आसपास रहने वाले लोगों में घटना को लेकर हड़कंप मच गया। आग बुझाने के लिए आसपास के लोगों ने फायर बिग्रेड को भी सूचना दी। फायर बिग्रेड की टीम ने 2 घंटे से अधिक देर तक चले बचाव अभियान के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना में बैंक के अंदर रखा लाखो का सामान खाक हो गया। मामले की जांच की जा रही है।

## वाहन में सवार थे 18 लोग, डोंगर थाना क्षेत्र का मामला

# सड़क हादसे में 2 की मौत, 6 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में बीती रात फिर एक तेज रफ्तार वाहन सड़क हादसे का शिकार हो गया। इस घटना में वाहन में सवार 18 लोगों में से 2 की मौत हो गई जबकि 6 की हालत गंभीर है। घटना के बाद छोटे डोंगर थाना पुलिस ने राहत कार्य शुरू करते हुए सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मामले की जानकारी देते हुए छोटे डोंगर थाना प्रभारी ने



बताया कि यह सड़क हादसा भूमका के पास देर रात को हुआ है। इस वाहन में धमतरी जिले के ग्राम बोरई तहसील बेलर के सभी लोग थे, जो कि पारिवारिक काम से बोरई से मोहपाल आये हुए थे। वापसी के दौरान अचानक से ड्राइवर ने रफ्तार से अपना नियंत्रण खो दिया। इससे वाहन दुर्घनाग्रस्त हो गया। हादसे में 2 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 6 लोगों को गंभीर चोट आई। घटना के तत्काल बाद एम्बुलेंस के साथ ही पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी भी राहत काम मे जुट गई। घायलों को पहले छोटे डोंगर के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला कोंडागाँव के अस्पताल भिजवाया गया है।

## 2 जून की घटना, सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला

# चार लाख का सोने का हार चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिला मुख्यालय के रिहायशी इलाके में स्थित एक मकान में चोर ने घुसकर लाखों रुपये के सोने के हार की चोरी की है। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। उक्त मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक, सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गौरीशंकर रोड निवासी सौरभ अग्रवाल पिता नरेश अग्रवाल उम्र 35 ने थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि गैलेक्सी मॉल में वह कपड़ा दुकान का संचालन करता है। पीड़ित सौरभ अग्रवाल ने बताया कि 2 जून को उन्होंने जब अपनी अलमारी खोली तो उनकी पत्नी का सोने का हार जिसकी कीमत करीब 4 लाख रुपये है, वह गायब था। काफी तलाश करने के बाद भी हार नहीं मिला। किसी चोर ने उसे चोरी कर लिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।




## राज्य सरकार ने स्वीकृत किए हैं 2195 करोड़ रुपए

# ओंकारेश्वर में अद्वैत लोक कला संग्रहालय की स्वीकृति पर मुख्यमंत्री का श्री श्रृंगेरी शारदा पीठम् ने माना आभार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को कर्नाटक के श्रृंगेरी शारदा मठ पधारने का आमंत्रण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का ओंकारेश्वर स्थित एकात्म धाम में भव्य 'अद्वैत लोक कला संग्रहालय' के निर्माण के लिए 2195 करोड़ राशि स्वीकृत करने पर कर्नाटक के श्रृंगेरी शारदा मठ प्रशासन ने आभार माना है।

श्रृंगेरी शारदा पीठम के प्रशासक पीए मुरली ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में आयोजित कैबिनेट बैठक में अद्वैत लोक संग्रहालय को एकात्मता के वैश्विक केन्द्र (ए ग्लोबल सेंटर ऑफ वननेस) के रूप में विकसित करने का निर्णय ऐसिहासिक है।

### प्रदेश के धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन परिदृश्य में महत्वपूर्ण है स्थल



मुरली ने राज्य सरकार के प्रति गहन कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का यह प्रयास न केवल जगद्गुरु आदि शंकराचार्य की कालातीत शिक्षाओं को समर्पित एक भव्य स्मृति स्वरूप है, बल्कि समूचे विश्व में अद्वैत वेदांत के प्रकाश-स्तंभ के रूप में कार्य करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशा है कि सिंहस्थ : 2028 से पहले ओंकारेश्वर को उज्जैन की तरह श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनाया जाए। यह स्थान प्रदेश के धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन परिदृश्य में महत्वपूर्ण महत्व रखता है।

### विद्या, आध्यात्म और परंपरा का पूज्य केंद्र रहा है मठ

*मुरली ने कहा कि ओंकारेश्वर में एकात्म धाम के अंतर्गत प्रथम चरण में 108 फीट ऊंची आदि शंकराचार्य की भव्य प्रतिमा (स्टैचू ऑफ़ वननेस) का लोकार्पण भी श्रृंगेरी मठ के वेदज्ञ पंडितों और विद्वानों के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को श्रृंगेरी मठ में आमंत्रित भी किया। उल्लेखनीय है कि जगद्गुरु श्री आदि शंकराचार्य ने 1200 वर्ष पूर्व कर्नाटक की पवित्र तुंगा नदी के तट पर श्रृंगेरी मठ की स्थापना की थी। चार आम्नाय पीठों में प्रथम यह मठ, ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी श्री शारदाम्बा की दिव्य उपस्थिति से पावन है और सदा से ही यह मठ विद्या, आध्यात्म और परंपरा का पूज्य केंद्र रहा है।*

## उप मुख्यमंत्री साव बोले, अचानकमार के 13 गांव होंगे रोशन

# सोलर बैटरी से भरे वाहन को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने लोरमी स्थित अपने विधायक कार्यालय से सोलर बैटरी से भरे वाहन को हरी झंडी दिखाकर अचानकमार के लिए रवाना किया। इन बैटरियों से अचानकमार के 13 गांव रोशन होंगे। वहां सौर ऊर्जा से बिजली उपलब्ध कराने ये बैटरियां भेजी जा रही हैं। अचानकमार वनांचल के बिजराकछार क्षेत्र के 13 गांवों में रात में प्रकाश की व्यवस्था के लिए 522 बैटरियां लगाई जाएंगी। उप




मुख्यमंत्री साव ने बैटरी ले जा रहे वाहन को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि अब अचानकमार वनांचल में बरसात के दिनों में अंधियारा नहीं होगा। रात में रोशनी की व्यवस्था हो जाने से वहां के रहवासी जंगली जीव-जंतुओं के खतरे से सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। दूरस्थ गांवों में भी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह महत्वपूर्ण काम है।

## चिंतन

# स्कूल से महरूम बच्चों की संख्या में वृद्धि चिंतनीय

विश्व की सरकारें प्राथमिक शिक्षा सुनिश्चित करने के अपने संवैधानिक लक्ष्य का निर्वहन नहीं कर पा रही हैं। दुनिया भर में 27.2 करोड़ बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। साफ है कि ये बच्चे अपनी प्राथमिक शिक्षा के अधिकार से वंचित हैं। भारत में करीब 14 लाख बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, जबकि देश में सरकारें बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए मिड डे मिल से लेकर मुफ्त शिक्षा तक के अनेक कार्यक्रम चला रही हैं। भारत में पिछले 12 से 13 वर्ष में गरीबी दर में काफी गिरावट आई है, इससे आर्थिक प्रगति का पता चलता है, लेकिन स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों, स्कूल से ड्रॉप आउट करने वाले बच्चों, माध्यमिक शिक्षा तक का सफर तय नहीं कर पाने वाले बच्चों और उच्च शिक्षा तक नहीं पहुंच पाने वाले बच्चों की संख्या में अपेक्षित गिरावट नहीं आई है। भारत में अत्यधिक गरीबी से सामान्य गरीबी में जीने वाले परिवारों की बड़ी संख्या की वजह से शिक्षा इनकी प्राथमिकता नहीं रह पाती है। भारतीय स्कूलों में 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा है, लेकिन बच्चों के लिए किताब, कलम कॉपी से लेकर भोजन और वस्त्र के इंतजाम गरीब परिवारों के लिए परेशानी पैदा करते हैं। गरीब परिवार अपने गुजर-बसर में अपने बच्चों को शामिल कर लेते हैं। यह स्थति दुनिया भर में देखी जाती है। गरीबी और शिक्षा का सीधा संबंध है। विश्व की कई सरकारें अपनी शिक्षा व्यवस्था को निजी क्षेत्र के हवाले छोड़े हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र की यूनेस्को की वैश्विक शिक्षा निगरानी टीम (जीईएम) ने अपनी हालिया रिपोर्ट में आशंका जताई है कि 2025 के अंत तक देश शिक्षा के अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों से पिछड़ सकते हैं। अभी 27 करोड़ से अधिक बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। यह संख्या पिछले वर्ष से 2.1 करोड़ अधिक है। मतलब साफ है कि स्कूल न जाने वालों की संख्या में कमी आनी चाहिए, उल्टे यह बढ़ रही है। विश्व की सरकारों का प्राथमिक शिक्षा के सुदृढ़ीकरण पर फोकस नहीं है। धार्मिक रूढ़िवाद भी शिक्षा के लक्ष्य हासिल करने में बाधा बन रहे हैं। अफगानिस्तान समेत कुछेक कट्टर इस्लामिक सोच वाली सरकारें हैं, जो लड़कियों की शिक्षा को रोक रही हैं। स्कूलों में नए नामांकन में वैश्विक स्तर पर कमी आई है। शिक्षा मूलभूत अधिकार है, सबके लिए, इसके बावजूद कई कट्टर इस्लामिक सरकारें हैं, तो बालिकाओं की शिक्षा के मार्ग को अवरूद्ध कर रहे हैं। 2021 में अफगानिस्तान में माध्यमिक विद्यालय में लड़कियों के जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। विश्व भर में सैन्य संघर्ष बढ़ने व हमले होने के चलते भी स्कूल शिक्षा को धक्का लगा है, प्रभावित क्षेत्र में बच्चों का सुरक्षित स्कूल पहुंचना मुश्किल हुआ है। जनसंख्या में भी वृद्धि हो रही है, जिसके चलते यूनेस्को के अनुमान में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन जनसंख्या में वृद्धि के साथ विश्व स्तर पर सरकारों को अपने-अपने मुल्क में प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना चाहिए। वित्त वर्ष 2024-25 के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में उत्तर प्रदेश, असम व झारखंड ऐसे राज्य हैं, जहां स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों की संख्या अन्य राज्यों से अधिक है। एक सर्वे के मुताबिक, भारत में तकरीबन 2 फीसदी बच्चे ऐसे हैं, जो कभी स्कूल नहीं गए। भारत में 14 वर्ष की आयु तक सभी बच्चों के लिए अनिवार्य व निःशुल्क शिक्षा के बावजूद अगर शत प्रतिशत बच्चे स्कूल तक नहीं पहुंच रहे हैं, तो यह सरकारों की बड़ी विफलता है। बेहतर नागरिक का निर्माण राज्य का संवैधानिक दायित्व है, इसलिए सरकार यह सुनिश्चित करे कि 14 वर्ष तक के सभी बच्चे स्कूल में हों।



विश्लेषण
शिवप्रकाश

# रक्षा क्षेत्र में मजबूत बन रहा भारत

> गरीब कल्याण, ढांचागत विकास, अंतर बाह्य सुरक्षा, आर्थिक प्रगति, सांस्कृतिक उत्थान एवं विदेशों में बढ़ता भारतीय सम्मान सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां 11 वर्ष में प्रगति की गवाह हैं। भारत सहित विश्व की अनेक संस्थाओं एवं प्रमुख व्यक्तियों ने इस ऐतिहासिक सफलता की प्रशंसा की है। रक्षा क्षेत्र में भी इसी प्रकार की उपलब्धियां ऐतिहासिक हैं। आयात में 21% की कमी करके 11 वर्षों में निर्यात में 34% की वृद्धि करने में देश सक्षम हुआ है। आज हम लगभग 80 से अधिक देशों में रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' में हमारे स्वदेशी शस्त्रों की सफलता को देखकर विश्व में हमारे शस्त्रों की मांग भी बढ़ गयी है।

हाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी संकल्प से सिद्धि अभियान चला रही है। संपूर्ण देश में मोदी सरकार की सफलता पर प्रेस वार्ताएं, प्रदर्शनी, विचार संगोष्ठी, जनसभाएं एवं ग्राम स्तर पर चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। सोशल मीडिया द्वारा योजनाओं की जानकारी एवं अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हो रहा है। गरीब कल्याण, ढांचागत विकास, अंतर बाह्य सुरक्षा, आर्थिक प्रगति, सांस्कृतिक उत्थान एवं विदेशों में बढ़ता भारतीय सम्मान सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां 11 वर्ष में प्रगति की गवाह हैं। भारत सहित विश्व की अनेक संस्थाओं एवं प्रमुख व्यक्तियों ने इस ऐतिहासिक सफलता की प्रशंसा की है। रक्षा क्षेत्र में भी इसी प्रकार की उपलब्धियां ऐतिहासिक हैं।

चाणक्य नीति में कहा कि "शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्र चिंता प्रवर्तते" अर्थात शास्त्रों की चर्चा भी तभी संभव है जब राष्ट्र सभी प्रकार से सुरक्षित हो। सिद्धांत कितना भी श्रेष्ठ हो, उसकी सफलता उस सिद्धांत का अनुसरण करने वालों की शक्ति पर ही निर्भर करती है। इसी कारण विद्वानों ने शक्ति को ही शांति का आधार बताया है। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर अपनी कविता 'क्षमा शोभती उस भुजंग को, जिसके पास गरल हो' इस सिद्धांत को ही प्रतिपादित करते हैं। भारतीय जनसंघ ने अपने 1964 के पटना अधिवेशन में प्रस्ताव पारित करते हुए मांग की थी कि भारत को परमाणु बम बनाने के सभी प्रयत्न करने चाहिए।"सिद्धांत एवं नीतियां" नामक दस्तावेज में भी परमाणु अस्त्रों का निर्माण करने की बात की थी। प्रस्ताव प्रतिपादन करते समय कहा गया था कि हमारे आराध्य सभी देवी-देवता धर्म संस्थापना के लिए शस्त्रधारी हैं। इसलिए भारत माता भी परमाणु बम धारी होनी चाहिए। इसी नीति का अनुसरण करते हुए अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने 1999 में पोखरण परमाणु विस्फोट कर विश्व में भारत के सम्मान को बढ़ाने का कार्य किया था। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद देश अपने हितों की सुरक्षा करने में समर्थ बने, इस प्रकार की नीति पर चला। आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति इसी का उदाहरण है। जहां कांग्रेस सरकार में आतंकियों के लिए 'जी' जैसे सम्मानपूर्वक शब्दों का उपयोग एवं 'बिरयानी खिलाना' जैसे उपक्रम चल रहे थे वहीं मोदी सरकार में सेना और सुरक्षा बलों को आतंक से लड़ने के लिए छूट एवं सुरक्षा बलों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाये गए। रक्षा क्षेत्र का बजट 2013-14 में 2.53 लाख करोड़ था, अब 2025-26 के लिए वह बढ़कर 6.81 लाख करोड़ अर्थात तीन गुना से अधिक हो गया है। 2015 कैग रिपोर्ट के अनुसार भारतीय सेना के पास केवल 20 दिन का गोला बारूद उपलब्ध था। व्यक्तिगत सैनिक स्तर पर, सैनिकों को अब स्वदेशी रूप से निर्मित उच्च गुणवत्ता वाली बुलेटप्रूफ जैकेट, उन्नत हेलमेट, नई बैटल ड्रेस यूनिफॉर्म , नाइट विजन डिवाइस और थर्मल इमेजर उपलब्ध करायी गई हैं। मोदी सरकार के आने के बाद सेना के समन्वय के लिए लंबित मांग सीडीएस की नियुक्ति का निर्णय हुआ। ऑपरेशन सिन्दूर में तीनों सेनाओं के समन्वय में हमने इस निर्णय की भूमिका को अनुभव किया है। शस्त्रों की खरीद के लंबे



समय से लंबित निर्णयों का भी शीघ्र निस्तारण होते हुए हम देख चुके हैं। फ्रांस से आने वाले राफेल की खरीद इसी प्रक्रिया का परिणाम है। एस-400, सुखोई -30, इजरायल से ड्रोन, हैमर मिसाइल, चिनूक हेलिकॉप्टर, एलसीएच प्रचंड (लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर), तेजस फाइटर जेट (पूर्ण स्वदेशी विमान), पिनाका राकेट सिस्टम ( मल्टी बैरल राकेट लांचर) , वरुणास्त्र आदि की उपलब्धता के कारण भारतीय सेना विश्व की श्रेष्ठतम सेनाओं में गिनी जाती है। ऑपरेशन सिन्दूर में निर्धारित लक्ष्य पर मार एवं शत्रु के ड्रोन एवं मिसाइल को मार गिराने में हम सक्षम हुए हैं। 11 वर्ष के सफलतम कालखंड में केवल विदेशों से शस्त्र खरीद ही नहीं, हमने स्वयं के आत्मनिर्भर होने के मंत्र को भी पहचाना है। अब हम भारत में उन्नत एवं आधुनिक स्वदेशी शस्त्रों का निर्माण भी कर रहे हैं। स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत का निर्माण, आकाश एयर डिफेंस सिस्टम, रुस्तम यूएवी ड्रोनसका डीआरडीओ द्वारा लखनऊ में निर्माण, रूस के साथ ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल,टाटा -डसाल्ट के साथ राफेल के मुख्य भाग का हैदराबाद में हम निर्माण करने वाले हैं। रक्षा उत्पादन में पिछले 10 वर्षों में 174% की वृद्धि हुई है। रक्षा उत्पादन 2014-15 में 46529 करोड़ की तुलना में 2023-24 में 127265 करोड़ हुआ है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 17 नवंबर 2021 (राष्ट्र रक्षा समर्पण पर्व, झांसी) के अपने संबोधन में कहा कि "भारत अपनी रणनीतिक व सुरक्षा आवश्यकताएं अन्य देशों पर निर्भर होकर पूरा नहीं कर सकता ... सरकार निरंतर 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में प्रयासरत है।'' रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की नीति के कारण अब हम खरीदने अर्थात आयात करने वाले देश नहीं, हम बेचने वाले अर्थात निर्यात करने वाले देश बन गए हैं। 2004 से 2014 अर्थात 10 वर्षों में हमने 4312 करोड़ का निर्यात किया था। 2014 से 2024 में 88,319 करोड़ का हुआ है। 2024 - 25 में केवल एक वर्ष में ही हमने 23622 करोड़ का निर्यात किया है। आयात में 21% की कमी करके 11 वर्षों में निर्यात में 34% की वृद्धि करने में देश सक्षम हुआ है।

आज हम लगभग 80 से अधिक देशों में रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर में हमारे स्वदेशी शस्त्रों की सफलता को देखकर विश्व में हमारे शस्त्रों की मांग भी बढ़ गयी है। देश को नक्सल मुक्त करने के मोदी सरकार के संकल्प ने देश के सामान्य नागरिकों में सरकार के प्रति विश्वास जगाया है। नक्सली हिंसा में लिप्त आतंकी अपनी अंतिम सांस गिन रहे हैं। 2014 में नक्सल आतंकवाद से प्रभावित जिलों की संख्या 126 थी। 11 वर्षों बाद 2025 में वह संख्या मात्र 6 रह गई है। बड़े-बड़े इनामी नक्सली आतंकी मुठभेड़ में मारे गए हैं। सरकार के नक्सलमुक्त देश के संकल्प से लगता है कि भावी पीढ़ी नक्सलवाद नाम ही भूल जाएगी। गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 2 सितंबर 2022 को कोच्चि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय नौसेना के नए ध्वज का अनावरण किया, जिसमें औपनिवेशिक 'सेंट जॉर्ज क्रॉस' को हटाकर छत्रपति शिवाजी महाराज की राजमुद्रा से प्रेरित अष्टकोणीय प्रतीक को स्थान दिया गया। खून एवं पानी एक साथ नहीं बहेगा सिंधु नदी समझौता रद्द कर हमने आतंक के प्रति अपने दृष्टिकोण को विश्व के सामने स्पष्ट किया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद की स्थिति, पाकिस्तान के आतंकी चेहरे को बेनकाब करने, आतंकवाद के प्रति भारत के दृष्टिकोण को विश्व के सम्मुख रखने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमण्डल देश की एकजुटता को प्रकट करने का कूटनीतिक सराहनीय प्रयास है। भारत को सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यह प्रयास देश की जनता में यह विश्वास जगाने में सफल हुए हैं कि मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित हाथों में है।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन) हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## पर्यावरण
ज्ञानेन्द्र रावत



# थम नहीं रहा देश में बढ़ती गर्मी का कहर

आजकल भीषण गर्मी के कहर और लू की भयावहता से सर्वत्र त्राहि-त्राहि मची है। गर्मी ने सारा जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। इस भीषण गर्मी के चलते जहां लोग हाय-हाय कर रहे हैं, वहीं हजारों-लाखों लोग गर्मी जनित बीमारियों की चपेट में आकर मौत के मुंह में जाने को मजबूर हैं। मैदान से लेकर पहाड़ तक सब तेज गर्मी से झुलस रहे हैं। हालत यह है कि दिन के साथ रातें भी गर्म हैं। लू अर्थात हीटवेव की तीव्रता और घातकता में दिन-ब-दिन तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। आईपीई ग्लोबल और इसरो इंडिया के अध्ययन की मानें तो अगले पांच सालों में यानी 2030 तक देश के दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, सूरत, ठाणे, भुवनेश्वर, हैदराबाद और पटना जैसे शहरों में लू के दिन दोगुने हो जायेंगे। यही नहीं, देश के 69 फीसदी तटीय जिले 2030 तक जून से लेकर सितम्बर के लम्बे समय तक भीषण गर्मी की मार झेलेंगे। मौजूदा समय में देश के दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, राजस्थान, हिमाचल, बिहार, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, ओडिशा, मेघालय और मणिपुर आदि राज्यों के 84 फीसदी जिले चरम लू जैसी स्थिति की चपेट में हैं। देश की राजधानी दिल्ली बीते पांच दिनों से भट्टी की तरह तप रही है। राजस्थान का गंगानगर जिला और पंजाब का बठिंडा जिला 48 डिग्री को पार कर गया है। देश के उत्तर, मध्य और पश्चिमी क्षेत्रों में भीषण गर्मी और लू से होने वाली मौतों को रोकने के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एनएचआरसी ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा भीषण गर्मी और लू के कारण लोगों की मौतों को लेकर जारी रिपोर्ट पर उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड, दिल्ली समेत 11 राज्यों को कमजोर वर्गों खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बाहरी कामगारों, बुजुर्गों, बच्चों और बेघर लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल समुचित एवं एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए हैं, जो पर्याप्त आश्रय और संसाधनों की कमी के कारण जोखिम में हैं। अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार बीते 22 महीनों में से 21 महीने धरती का तापमान पूर्व औद्योगिक काल वर्ष 1850 से 1900 तक के औसत से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। जबकि 2024 से मई 2025 की अवधि में वर्ष 1850- 1900 बेंचमार्क की तुलना में धरती 1.57 डिग्री सेल्सियस गर्म रही। असल में धरती का तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है, वह समूची दुनिया के लिए ख़तरनाक संकेत है। यह भी कि तापमान में बढ़ोतरी नित नए-नये कीर्तिमान बना रही है। बीते दस सालों ने तो धरती के सर्वाधिक गर्म होने का रिकार्ड कायम किया है। फिर यह कि साल दर साल तापमान में बढ़ोतरी के रिकार्ड ध्वस्त हो रहे हैं। चिंता इस बात की है कि भविष्य में इस पर अंकुश की कोई उम्मीद नहीं दिखाई देती। इसका कारण तापमान को नियंत्रित करने के सारे प्रयासों का अभी तक नाकाम साबित होना है। दुनिया के शोध और अध्ययन भी इसका खुलासा करते हैं कि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी के बिना बेतहाशा बढ़ती गर्मी पर अंकुश की फिलहाल उम्मीद ही बेमानी है। मौसम विज्ञान विभाग ने लोगों को सतर्क रहने, गर्मी से बचने और शरीर में पानी की कमी होने से बचने की सलाह दी है। जरूरी हो तभी बाहर निकलें और मुंह पर कपड़ा बांधें ताकि लू ना लगे। डॉक्टर दिन में कम से कम आठ से दस गिलास पानी पीने की सलाह दे रहे हैं। वैस्टर्न आस्ट्रेलिया यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के मुताबिक धरती 1.7 डिग्री सेल्सियस तक गर्म हो चुकी है। यदि तापमान में गिरावट नहीं हुई तो यह ग्रह किस दिशा में जाएगा,यह कहना बहुत मुश्किल है। धरती के तापमान में बढ़ोतरी के कारणों में ग्लोबल वार्मिंग एक कारण है ही, अल नीनो भी एक बड़ा कारण है। इसके साथ ग्रीन हाउस गैसों, कार्बन डाइऑक्साइड का सतत उत्सर्जन, सल्फर डाइऑक्साइड की बढ़ती मात्रा, वनों के तेजी से होते विनाश, कार्बन फ्लोरो कार्बन गैसों का सतत उत्सर्जन, जीवाश्म ईंधन का दहन आदि की भी अहम भूमिका है जिसे झुठलाया नहीं जा सकता। पिछले कुछ वर्षों में हीटवेव ने दुनिया के हर महाद्वीप को प्रभावित किया है। तापमान में बढ़ोतरी के चलते वाष्पीकरण की दर में वृद्धि होने और इससे मिट्टी की नमी कम होने से कई क्षेत्र सूखे का सामना करेंगे। नतीजतन फसलों की पैदावार में कमी आने से खाद्य असुरक्षा, गरीबी, बेरोजगारी और बाढ़ का खतरा बढ़ेगा। जलाशयों में पानी का भंडारण कम होने और भूजल का स्तर गिरते जाने से जल संकट गहरायेगा। इसलिए जरूरी है कि हम सतर्क रहें, सादा जीवन जिये। अधिकाधिक पौधारोपण करें, प्लास्टिक का कम से कम प्रयोग करें। हमें प्रकृति से तादात्म्य स्थापित करना होगा। प्रकृति प्रदत्त संसाधनों की रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहना होगा, तभी धरती बची रह पाएगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं?



संकलित
## दर्शन

जब ईश्वर का वास हृदय में माना गया है, तो मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं? मंदिरों की स्थापना के पीछे उद्देश्य था कि पूजा, अर्चना और यज्ञ आदि द्वारा पवित्र तन्मात्रओं यानी पंचभूतों के सूक्ष्म रूप की सृष्टि की जाए। किसी साधु हृदय व्यक्ति को पूजा का कार्यभार सौंपा जाए। स्थान का मन पर अदृश्य प्रभाव पड़ता है। चिकित्सालय में व्यक्ति को हर तरफ रोग और रोगी ही दिखते हैं। स्वस्थ व्यक्ति भी वहां अशक्त महसूस करने लगता है। हमारे शरीर से प्रतिदिन शुभ या अशुभ अदृश्य सूक्ष्म शक्ति-राशि का उत्सर्जन होता रहता है। मंदिर जाने वाला व्यक्ति काम, क्रोध और आलस्य बाहर छोड़कर ईश्वर के प्रति भक्तिभाव से जाता है। यह सामूहिक भक्ति या उपासना शुभ तन्मात्रओं व तरंगों का सृजन करती है। अतः यहां आगमन दुर्बल मन वाले मनुष्यों में ऊर्जा का संचार करता है। सज्जनों से ही प्रार्थना स्थलों की पवित्रता बनी रहती है। यदि मंदिर में असाधु व्यक्तियों का आवागमन बढ़ जाए तो स्थान अपनी पवित्रता खोने लगता है। पवित्र श्रवण मास में शिवलिंग पर दुग्ध, बेलपत्र, फल-फूल आदि चढ़ाकर पुण्य अर्जित करने की होड़ लगी रहती है। यदि ईश्वर है और वह हमारी प्रार्थना से प्रसन्न होता है तो वह एक बेलपत्र, अंजुली भर दूध या एक पुष्प से भी प्रसन्न हो जाएगा। सावन के महीने से इतर भी ये दृश्य आमतौर पर मंदिरों में आम होते हैं। यदि यह व्यवस्था सुचारु न हो तो अव्यवस्था स्वाभाविक है। इसी कारण कई मंदिरों में व्यक्तिगत रूप से भोग-अर्पण की मनाही है।

# महिमा राम नाम की



संकलित
## प्रेरणा

एक आदमी बर्फ बनाने वाली कंपनी में काम करता था। एक दिन कारखाना बन्द होने से पहले अकेला फ्रिज करने वाले कमरे का चक्कर लगाने गया तो गलती से दरवाजा बंद हो गया। और वह अंदर बर्फ वाले हिस्से में फंस गया छुट्टी का वक्तत था और सब काम करने वाले लोग घर जा रहे थे। किसी ने भी अधिक ध्यान नहीं दिया की कोई अंदर फंस गया है। वह समझ गया की दो-तीन घंटे बाद उसका शरीर बर्फ बन जाएगा अब जब मौत सामने नजर आने लगी तो, भगवान को सच्चे मन से याद करने लगा। एक घंटे ही गुजरे थे कि अचानक फ्रिज रूम में खट-खट की आवाज हुई। दरवाजा खुला चौकीदार भागता हुआ आया। उस आदमी को उठाकर बाहर निकाला और गर्म हीटर के पास ले गया। उसकी हालत कुछ देर बाद ठीक हुई तो उसने चौकीदार से पूछा, आप अंदर कैसे आए? चौकीदार बोला कि साहब मैं 20 साल से यहां काम कर रहा हूं। इस कारखाने में काम करते हुए हर रोज सैकड़ों मजदूर और ऑफिसर कारखाने में आते जाते हैं। मैं देखता हूं लेकिन आप उन कुछ लोगों में से हो, जो जब भी कारखाने में आते हो तो मुझसे हंस कर राम-राम करते हो और हालचाल पूछते हो और निकलते हुए आपका राम-राम काका कहना मेरी सारे दिन की थकावट दूर कर देता है। जबकि अक्सर लोग मेरे पास से यूं गुजर जाते हैं कि जैसे मैं हूं ही नहीं। आज हर दिनों की तरह मैंने आपका आते हुए अभिवादन तो सुना लेकिन राम राम काका सुनने के लिए इंतज़ार करता रहा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### और अलर्ट हों विमान कंपनियां

बीता गुरुवार हमारे देश के लिए बहुत ही अभागा दिन रहा। अहमदाबाद में उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों में एक यात्री विमान आग का गोला बन गया और इस अभागे विमान में बैठे यात्रियों के साथ-साथ वहां जहां यह विमान टकराया और जहां इस जलते विमान के हिस्से गिरे, वहां के लोगों की मौत का कारण भी बन गया। जिस किसी ने भी इस दर्दनाक हादसे की खबर सुनी, वो स्तब्ध है। इस अभागे विमान के हादसे के क्या कारण रहे, यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा, लेकिन इस दुखद हादसे से यह तो साफ जाहिर है कि इनसान विज्ञान के क्षेत्र में अपने आपको बेशक तीसमार खां समझता हो, लेकिन वह इस क्षेत्र में अभी भी अधूरा नजर आता है। अगर ऐसा नहीं होता तो विमान की तकनीकी खराबी का पहले पता चल गया होता। विमान कंपनियों को और अलर्ट रहने की जरूरत है। – *रविंद्र चौहान, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# कश्मीरी हिंदुओं ने ह्यूस्टन में मनाई ज्येष्ठ अष्टमी



टेक्सास भर से 150 से अधिक कश्मीरी हिंदू परिवार ज्येष्ठ अष्टमी और खीर भवानी पर्व मनाने के लिए ह्यूस्टन के 'हिंदू वर्शिप सोसाइटी' मंदिर में इकट्ठा हुए और उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां रागन्या देवी की पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने अनुष्ठान में हिस्सा लिया और पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार मंदिर में खीर, दूध, फूल चढ़ाए तथा दीपक जलाए। देवी खीर भवानी माता दुर्गा का एक ही एक रूप हैं जिन्हें कश्मीरी पंडित कुलदेवी के रूप में पूजते हैं। ह्यूस्टन में 35 वर्ष से अधिक समय से रह रहे सुरेंद्र कौल ने नयी पीढ़ी को इस पर्व के आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'ये रिवाज हमारी आत्मा से जुड़ा है। ये रीति रिवाज हमें हमारी मातृभूमि की याद दिलाते हैं जिसे हम हिंसा और भय के कारण छोड़ आए हैं।' 'टेक्सास कश्मीरी बिरादरी' के अध्यक्ष अमित रैना ने कहा, 'यह अष्टमी सिर्फ परंपरा नहीं है, यह हमारी आस्था है। अपने त्योहारों के माध्यम से हम कश्मीर की संस्कृति को जीवित रखते हैं, अपने बच्चों को बताते हैं कि वे कौन हैं। फिर भी घर लौटने की चाह एक ऐसा दर्द है जिसे हम हर दिन सहते हैं। इस दौरान बच्चों ने गजन गाए और अन्य कार्यक्रमों में भाग लिया जो परंपरा के साथ उनके एक मजबूत संबंध को दर्शाता है।

## ऑफ बीट

# कार्डियो वजन उठाने से पहले करना चाहिए या बाद में?



फिटनेस के प्रति जुनूनी लोग दशकों से इस प्रश्न पर बहस करते रहे हैं कि 'कार्डियो' करना वजन उठाने से पहले बेहतर होता है या बाद में? हाल तक, इसका उत्तर काफी हद तक पसंद पर निर्भर करता था – कुछ लोग वजन उठाने से पहले जॉगिंग करते थे, जबकि अन्य लोगों का मानना था कि पहले वजन उठाना वसा को खत्म करने के लिए बेहतर है। लेकिन एक नए शोध ने अंततः इस लंबे समय से विवादित प्रश्न का उत्तर दे दिया है। शोध के अनुसार, आपके व्यायाम का क्रम इस बात को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है कि आप कितनी चर्बी कम करते हैं। जिन प्रतिभागियों ने वजन उठाने के बाद कार्डियो किया, उनमें कार्डियो करने के बाद वजन उठाने वालों की तुलना में काफी अधिक चर्बी कम हुई और वे पूरे दिन शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहे। शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों को 12 सप्ताह के लिए तीन समूहों में विभाजित किया। दोनों व्यायाम समूहों ने एक जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अपनाए, केवल व्यायाम क्रम में अंतर था। प्रतिभागियों ने बेंच प्रेस, डेडलिफ्ट, बाइसेप कर्ल और स्क्वाट जैसे व्यायाम किए। कार्डियो सत्र में 30 मिनट तक 'साइकिलिंग' शामिल थी। दोनों समूहों के प्रतिभागियों ने अपनी हृदय संबंधी फिटनेस, मांसपेशियों की ताकत और शारीरिक बनावट में सुधार का अनुभव किया।

## ट्रेंड

### भारत-साइप्रस संबंध

साइप्रस हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के विशेष सम्मान के लिए साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस का आभार। यह यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों को महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगी, विशेष रूप से व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में।
**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### भूमिपुत्रों का अधिकार

कांग्रेस चाहती थी कि राष्ट्र की संपत्ति पर एक विशेष समुदाय का अधिकार हो। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सिद्धांत है कि राष्ट्र की संपत्ति पर सबका अधिकार हो, लेकिन सर्वप्रथम उसका हक भूमिपुत्रों का होना चाहिए।
**-हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम**

### विदेश नीति में खामियां

अब यह बात स्पष्ट होती जा रही है कि हमारी विदेश नीति में खामियां हैं। शायद, प्रधानमंत्री मोदी को अब अपने विदेश मंत्री की बार-बार की गई गलतियों पर विचार करना चाहिए और कुछ जवाबदेही तय करनी चाहिए।
**- मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### मृतकों को श्रद्धांजलि

केदारनाथ में हेलिकॉप्टर क्रैश के मृतकों को श्रद्धांजलि एवं उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। सरकार सुनिश्चित करे कि सुरक्षा मानकों पर खरे उतरे बिना कोई भी उड़ान न भरी जाए।
**-अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भारी बारिश ने ली 8 लोगों की जान

## अधिकारियों ने बताया 10 लोग घायल हो गए, सेना ने संभाला मोर्चा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भारी बारिश के चलते रविवार को 8 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से अधिकतर की मौत बिजली गिरने से हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने रत्नागिरि और रायगढ़ जैसे तटीय जिलों के लिए 'रेड अलर्ट' और पालघर, ठाणे, सिंधुदुर्ग तथा पुणे, सातारा और कोल्हापुर के घाट के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तैनात की गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में आठ लोगों की जान गई है और दस लोग घायल हुए हैं।

### तटीय जिलों के लिए 'रेड अलर्ट'

मौसम विभाग ने रत्नागिरि और रायगढ़ जैसे तटीय जिलों के लिए 'रेड अलर्ट' और पालघर, ठाणे, सिंधुदुर्ग तथा पुणे, सातारा और कोल्हापुर के घाट के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तैनात की गई हैं।



बारिश ने राहत के साथ ही बरसाई आफत

### जगबुड़ी नदी चेतावनी स्तर से ऊपर बह रही

मुंबई, सिंधुदुर्ग, धुले, नासिक, संभाजीनगर, नंदुरबार और अमरावती में मौत की घटनाएं हुईं, जिनमें से अधिकतर मौत आसमानी बिजली गिरने के कारण हुईं। कोंकण क्षेत्र की प्रमुख नदियों में रत्नागिरि जिले की जगबुड़ी नदी चेतावनी स्तर से ऊपर बह रही है। आपदा प्रबंधन रिपोर्ट में कहा गया है यदि जलस्तर और बढ़ता है तो नदी के किनारे बसे खेड़, अलसुरे, चिंचघर और प्रभुवाडी गांव प्रभावित हो सकते हैं।

### रत्नागिरि में सबसे अधिक 88.1 मिमी वर्षा दर्ज

राज्य आपदा प्रबंधन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार बीते 24 घंटे में पूर्वाह्न 11 बजे तक रत्नागिरि में सबसे अधिक 88.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके बाद रायगढ़ में 65.3 मिमी, सिंधुदुर्ग में 43.8 मिमी, ठाणे में 29.6 मिमी और यवतमाल में 27.5 मिमी वर्षा हुई।

### समुद्र से उठेंगी लहरें

*मौसम विभाग की मानें तो रविवार को समुद्र में 4.27 मीटर की ऊंचाई तक लहरें उठीं।अधिकारियों ने बताया कि सोमवार रात 2 बजकर 37 मिनट पर 3.55 मीटर तक की लहरें और सुबह 8 बजकर 20 मिनट पर 1.06 मीटर की निम्न स्तर की लहरें उठने का पूर्वानुमान है।*

*आईएमडी ने चेतावनी जारी की*




### कई राज्यों में बारिश से बढ़ेगी मुश्किलें, सावधान रहें

देशभर में चिलचिलाती गर्मी और हीटवेव से बेहाल लोगों के लिए राहत की खबर है। मॉनसून ने अब कई राज्यों में दस्तक दे दी है और पहले ही झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। लेकिन फुहारों के साथ ही कुछ इलाकों में मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। भारतीय मौसम विभाग ने देश के कई हिस्सों के लिए येलो, ऑरेंज और रेड अलर्ट जारी किया है। कहीं बादल जमकर बरस रहे हैं, तो कहीं तेज हवाओं और धूल भरी आंधियों ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। केरल, गोवा, तमिलनाडु और कर्नाटक के तटीय क्षेत्रों में मूसलाधार से जलभराव और पेड़ गिरने जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। वहीं राजस्थान, पंजाब और हरियाणा में गर्म हवाएं और लू अभी भी लोगों को परेशान कर रही हैं। ऐसे में जरूरी है कि लोग अलर्ट रहें और मौसम विभाग के निर्देशों का पालन करें।

## खबर संक्षेप

### एंबुलेंस पिकअप से टकराई पांच की मौत

समस्तीपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रविवार सुबह सड़क हादसे में एंबुलेंस सवार 5 लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना बाजार शुकुल क्षेत्र के चौरा गांव के पास माइल स्टोन संख्या 59.70 पर सुबह करीब 5.30 बजे हुई। हरियाणा के फिरोजपुर के अशोक शर्मा के शव को लेकर बिहार के समस्तीपुर स्थित पैतृक गांव ले जाया जा रहा था। एंबुलेंस




### मुंबई में हुक्का पार्लर पर छापा, 24 गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने रविवार तड़के पूर्वी उपनगर में एक हुक्का पार्लर पर छापा मारा और 24 लोगों को गिरफ्तार कर लिया।गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने घाटकोपर-मानखुर्द लिंक रोड पर छेदा नगर जंक्शन स्थित पार्लर पर छापा मारा। प्रबंधक, मालिक व ग्राहकों समेत 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया।



### ओडिशा के खोरधा में बस पलटी, 7 घायल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के खोरधा जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 16 पर रविवार दोपहर एक यात्री बस के पलट जाने से कम से कम 7लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बस भुवनेश्वर से गंजाम जिले के अस्का जा रही थी और बस में 40 से अधिक यात्री सवार थे। पुलिस ने बताया कि बस पीतापल्ली के निकट पलट गई।



### भाजपा सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय आईसीयू में

**कोलकाता।** भाजपा के सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय को बेचैनी की शिकायत के बाद यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी हालत गंभीर, लेकिन स्थिर है। हाईकोर्ट के पूर्व जज गंगोपाध्याय को शनिवार को उल्टी पेट में दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



## गृहमंत्री शाह ने सीएम योगी के साथ डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में नियुक्ति पत्र बांटे

# अब न खर्ची, न पर्ची, न सिफारिश, सिर्फ योग्यता के आधार पर मिल रही युवाओं को नौकरी




शाह ने कहा यूपी में कुछ साल ऐसे आए जब यहां की कानून व्यवस्था बिगड़ती गई। लेकिन, फिर समय आया और योगी मुख्यमंत्री बने और यहां पर फिर कानून का राज स्थापित हुआ।

### ये सभी लोग देश के सबसे बड़े प्रदेश के पुलिस बल का हिस्सा बनने जा रहे

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि न पर्ची, न खर्ची, न जाति, न भ्रष्टाचार, बल्कि योग्यता के आधार पर नौकरी मिली है। यूपी दंगा मुक्त हो चुका है। यहां अपराधियों को वीआईपी ट्रीटमेंट नहीं मिला है। यूपी में न्याय का शासन है। यहां पर योग्यता के आधार पर अब नौकरी मिलती है।

केंद्रीय मंत्री शाह ने रविवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी के साथ राजधानी लखनऊ के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में 60,244 नव चयनित पुलिस कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र बांटे। केंद्रीय मंत्री शाह ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी के साथ राजधानी लखनऊ के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में 60,244 नव चयनित पुलिस कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र बांटे। आज इन 60,244 युवाओं के लिए सबसे शुभ दिन है। आज ये सभी लोग देश के सबसे बड़े प्रदेश के पुलिस बल का हिस्सा बनने जा रहे हैं। यूपी में कुछ साल ऐसे आए जब यहां की कानून व्यवस्था बिगड़ती गई। लेकिन, फिर समय आया और योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने और यहां पर फिर कानून का राज स्थापित हुआ।

### योगी सरकार के बाद प्रदेश में काफी बदलाव दिख रहा

शाह ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के तीन साल बाद तक यूपी में बदलाव नहीं हुआ। लेकिन योगी सरकार बनने के बाद यहां काफी बदलाव हुआ। आज किसी युवा को एक पैसा भी नहीं देना पड़ा, न खर्ची, न पर्ची, न सिफारिश, सिर्फ योग्यता के आधार पर आप सबको चयनित किया गया। इसमें 12 हजार से अधिक बच्चियां हैं। आज बच्चियों के चेहरे पर मुस्कान, तेज, आत्मसंतोष देखकर काफी सुकून मिला।



### यूपी दंगामुक्त, अपराधियों को वीआईपी ट्रीटमेंट नहीं मिलता

शाह ने कहा कि यूपी आज दंगा मुक्त हो चुका है। आज यूपी में अपराधियों को वीआईपी ट्रीटमेंट नहीं मिलता। पिछले 11 साल के अंदर 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए। गैस सिलेंडर, पांच लाख तक का मुफ्त इलाज, आदि मिल रहा है। जब पीएम नरेंद्र मोदी आए तब देश आर्थिक जगत में 11वें नंबर पर था। आज हम चौथे पायदान पर हैं। 2027 तक हमारा देश दुनिया के तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बन जाएगा। गृहमंत्री ने कहा कि सभी युवा यूपी पुलिस का हिस्सा बनिए। गरीब, वंचित को आपके अंदर मसीहा दिखना चाहिए। ऐसा काम कीजिए। यूपी में अच्छा काम करते हुए आप देश की सेवा करेंगे।

### न्याय को वर्षों तक नहीं भटकना पड़ेगा

भारतीय दंड संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम और नागरिक सुरक्षा अधिनियम, मैं आज आपको इन तीन कानूनों के बारे में बता रहा हूं। पांच साल में देश में ऐसी स्थिति पैदा हो जाएगी कि अगर कोई एफआईआर दर्ज होती है, तो नागरिक को तीन साल में सुप्रीम कोर्ट तक न्याय मिलेगा।

### यूपी में केवल कानून का राज चल रहा

एक समय था जब यूपी पुलिस की तुलना देश के हर राज्य में सबसे बेहतर में होती थी। लेकिन, यूपी में कुछ साल ऐसे आए जब यहां की कानून व्यवस्था बिगड़ती गई। समय फिर लौटा और योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने। यहां पर फिर कानून का राज स्थापित है।

### मोदी सरकार ने देश को नया उजाला दिया

पिछले 11 साल के अदंर देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए। करोड़ों लोगों को गैस सिलिंडर, पांच लाख तक का मुफ्त इलाज, किसान को छह हजार रुपये सालाना देकर मोदी सरकार ने एक नया उजाला देने का काम किया है। जब नरेंद्र मोदी आए तब देश अर्थतंत्र में 11वें नंबर पर था। आज हम चौथे नंबर पर हैं। 2027 तक हमारा देश दुनिया में तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बन जाएगा। मोदी सरकार में देश सुरक्षित हुआ है। पहले 11 जिलों में नक्सलवाद हावी था। आज सिर्फ तीन जिले बचे हैं। मेरी बात याद रखना 31 मार्च 2026 को हम देश को नक्सलवाद मुक्त कर देंगे। कांग्रेस शासन में आए दिन आतंकवादी हमले होते थे। मोदी के शासन में तीन बार प्रयास हुआ। उरी में हमला किया तो सर्जिकल स्ट्राइक किया। पुलवामा किया तो हमने एयर स्ट्राइक किया। पहलगाम में हमला किया तो आपरेशन सिंदूर से हमने उनके मुख्यालय को जमीन में मिला दिया। जहां पर बैठकर वो इंटरव्यू देते थे, वहां से रोने के उनके वीडियो सामने आ रहे हैं।

## मथुरा में इमारत ढहने से बड़ा हादसा



# खुदाई के दौरान टीले पर बने मकान ढहे, 12 दबे, 3 की मौत

एजेंसी ▶▶ मथुरा

उत्तर प्रदेश के मथुरा में इमारत ढहने से बड़ा हादसा हो गया। खुदाई के काम के दौरान टीला भरभरा कर गिर गया। इससे एक मकान गिरने से 3लोगों की मौत हो गई। हालांकि हादसों के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है। मलबे में फंसे अन्य सभी को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। अब तक 4को बाहर निकाले गए हैं। मौके पर अधिकारी, पुलिस और एनडीआरएफ की टीम पहुंच गई है। मलबा हटाने और लोगों को निकाला जा रहा है। जेसीबी ने राहत शुरू कर दिया गया है। मसानी के निकट कच्ची सड़क स्थित एक टीले पर मकान बने हुए हैं। इस टीले के सहित एक मकान गिर पड़ा। तेज आवाज होने पर वहां हड़कंप मच गया।

### मलबा हटाने जेसीबी की मदद ली

पुलिस मौके पर पहुंची। उधर जिलाधिकारी सीपी सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार भी पहुंचे। आगरा से एसडीआरएफ की टीम बुला ली गई। जेसीबी से मलवा हटाना शुरू किया तो तीन लोग दबे निकले। इनमें एक बच्ची, एक किशोरी और एक पुरुष थे। तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना में शाहगंज दरवाजा, कच्ची सड़क निवासी तुलाराम , गौतम पाड़ा वृंदावन निवासी काजल और गौतम पाड़ा वृंदावन निवासी यशोदा की मौत हुई है।टीमें फिलहाल मलबे को हटाने और फंसे हुए लोगों का पता लगाने के लिए काम कर रही हैं। सीओ सिटी भूषण वर्मा ने कहा कि हमें सूचना मिली कि मसानी थाना क्षेत्र में एक इमारत ढह गई है।

### कारणों के बारे में पता लगाया जा रहा

बताया जा रहा खुदाई के दौरान कम से कम 6 घर ढह गए हैं। हालांकि मौके पर मौजूद अधिकारियों का कहना है कि अभी कितने मकान गिरे हैं इसका पता लगाया जा रहा है। साथ ही अधिकारियों ने मकान गिरने के कारणों के बारे में कहा कि कारणों की पुष्टि नहीं है।

# प्रियंका गांधी ने कहा- नीलांबुर उपचुनाव केरल में बदलाव की दिशा में पहला कदम उठाने का अवसर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस महासचिव और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि नीलांबुर उपचुनाव अहम है, क्योंकि यह केरल में बदलाव की दिशा में पहला कदम उठाने का अवसर है। पार्टी उम्मीदवार आर्यदान शौकत के समर्थन में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने लोगों से ऐसा प्रतिनिधि चुनने का आग्रह किया जो उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध और समर्पित हो। यह केरल में बदलाव लाने का समय है। उन्होंने लोगों से शौकत को चुनने का आग्रह करते हुए कहा कि वे अपने पिता पूर्व विधायक आर्यदान मोहम्मद की विरासत को आगे बढ़ाते हुए उन्हीं की तरह समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगे।



प्रियंका ने कहा कि उन्होंने 10वर्षों में देखा है कि मौजूदा राज्य सरकार ने कैसे काम किया है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव ऐसी सरकार से आएगा जो लोगों की परवाह करे, उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में काम करे और लोगों के जीवन व उनकी आजीविका का राजनीतिकरण न करे। केरल में पेंशन में देरी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि यह राजनीति का विषय नहीं होना चाहिए और न ही सरकार की इच्छा पर निर्भर होना चाहिए। इसका भुगतान समय पर किया जाना चाहिए। बहुधार्मिक संस्कृति की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह सच्ची धर्मनिरपेक्ष संस्कृति है जो राष्ट्र और संविधान की सभी बातों का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने कहा कि एकता की इस परंपरा को मजबूत करने से ज्यादा महत्वपूर्ण कुछ नहीं है,जिसके साथ हम एकजुट होकर खड़े हो सकें और सभी चीजों का सामना कर सकें। विशेषकर आज जब इतना ग़ुस्सा और विभाजन फैलाया जा रहा है, हमें शांति और विकास के लिए बोलने की जरूरत है। स्थानीय समस्याओं का जिक्र करते हुए प्रियंका ने कहा कि वे मानव-पशु संघर्ष से वाकिफ हैं। उन्होंने कहा कि वे आज ही एक ऐसे व्यक्ति के परिवार से मिली हैं, जिसे बाघ ने मार डाला था। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में यह सातवीं घटना है। उन्होंने इसे सुलझाने की जरूरत पर जोर दिया। प्रियंका ने आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय में वृद्धि की मांग का भी समर्थन किया, उन्हें सेवानिवृत्ति पर 5 लाख रुपए देने की भी पुरज़ोर मांग की।

## भाजपा सांसद निशिकांत का पलटवार

# कांग्रेस की विदेश नीति 'नेहरू परिवार' पर केंद्रित थी, देश ने इसका खामियाजा भुगता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस लगातार विदेश नीति पर सवाल उठा रही है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने दावा किया कि अमेरिका ने अपने आर्मी डे परेड में पाकिस्तानी सेना प्रमुख को आमंत्रित किया है। कांग्रेस ने भारत की विदेश नीति को पूरी तरह से विफल बता दिया था। निशिकांत दुबे ने पलटवार करते हुए एक्स पर कांग्रेस पर जमकर भड़ास निकाली और पार्टी पर तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया।

### मुस्लिम लीग और जयराम में क्या फर्क?



दुबे ने एक्स पर लिखा कि कांग्रेस ने पढ़ना-लिखना बंद कर दिया है। पिछले 2-3 दिनों से पूरी कांग्रेस कहती रही कि मुनीर अमेरिका जा रहे हैं। ये पाक का एक जाल था। व्हाइट हाउस या अमेरिकी सेना ने मुनीर को कभी नहीं बुलाया। पाकिस्तान मुस्लिम लीग और जयराम रमेश में क्या फर्क है? कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो के पिता कनाडा के प्रधानमंत्री थे। इंदिरा गांधी ने उन्हें 16 साल तक सात पत्र लिखे, लेकिन वो उनके पत्रों का जवाब नहीं दे रहे थे।

### फलस्तीन मुद्दे पर कांग्रेस को दिखाया आईना

दुबे ने लिखा कि 1948 में इस्राइल और फलस्तीन दो देश बन गए। 1948 में नेहरू ने संयुक्त राष्ट्र में फलस्तीन का समर्थन किया और इस्राइल का विरोध किया, लेकिन 1950 में मुंबई में इस्राइल का व्यापार कार्यालय मिशन खोल लिया।

## अहमदाबाद विमान हादसे ने देश को झकझोरा

12 जून को एयर इंडिया दुर्घटनाग्रस्त

# गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का डीएनए मैच, परिवार को दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी की 12 जून को अहमदाबाद में एअर इंडिया दुर्घटना के दौरान मृत्यु हो गई। रविवार सुबह करीब 11:10 बजे उनका डीएनए मैच हो गया है। उन्होंने कई वर्षों तक राज्य के लोगों के लिए काम किया। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रूपाणी के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और उन्हें डीएनए मिलान के बारे में जानकारी दी।

### ब्लैक बॉक्स की पड़ताल की जा रही



अहमदाबाद के नगर आयुक्त बंछा निधि पाणि ने कहा कि ऑपरेशन के दौरान ब्लैक बॉक्स को बरामद करना था। सौभाग्य से इस मामले में पिछला हिस्सा नष्ट नहीं हुआ था और यह पहली इमारत में ही अटका हुआ था। एएआईबी टीम ने अनुरोध किया कि ब्लैक बॉक्स को बरामद करने के लिए क्रेन, मजदूर और इंजीनियर उपलब्ध कराए जाएं। अब इसकी बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है।

### डीएनए से अब तक 47 मृतकों की पहचान की गई

अहमदाबाद में लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के 3 दिन बाद अधिकारियों ने डीएनए परीक्षण के माध्यम से अब तक 47 मृतकों की पहचान की है और शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं।

## वित्त मंत्री सीतारमण ने लद्दाख में महिला उद्यमियों से की मुलाकात

# महिलाओं और स्थानीय उद्यमियों को सशक्त बनाएंगे

### क्षेत्र में वित्तीय समावेशन और आर्थिक विकास को बढ़ावा दिया जाएगा

एजेंसी ▶▶ लद्दाख

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को लद्दाख क्षेत्र के स्वसहायता समूहों और स्थानीय उद्यमियों द्वारा स्थानीय हस्तशिल्प, हथकरघा उत्पादों की एक प्रदर्शनी का दौरा किया। उन्होंने कारीगरों, महिलाओं के नेतृत्व वाले एसएचजी, उद्यमियों के साथ बातचीत की, जिन्होंने अपने स्टॉल पर पारंपरिक शिल्प और हथकरघा वस्त्र का प्रदर्शन किया। वे चार दिवसीय दौरे पर यहां पहुंची हैं।



### उद्यमशीलता की भावना और रचनात्मकता को सराहा



वित्त मंत्री ने कारीगरों की उद्यमशीलता की भावना और रचनात्मकता की सराहना की, सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और केंद्र शासित प्रदेश में ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने में सरकार की भूमिका के बारे में बताया। यह पहल महिलाओं और स्थानीय उद्यमियों को सशक्त बनाने, रोजगार को केंद्र की समावेशी योजना है।

### प्रोजेक्ट का उद्घाटन भी करेंगी

वित्त मंत्री लद्दाख के 4 दिवसीय दौरे पर हैं। वे क्रेडिट आउटरीच कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। वित्त मंत्री लद्दाख ऑटोनॉमस हिल डेवलपमेंट काउंसिल (एलएएचडीसी) के पार्षदों और लद्दाख प्रशासन के साथ बातचीत करेंगी। वह अपने दौरे के दौरान विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन भी करेंगी।

### पीएम मुद्रा योजना के तहत 52 करोड़ से अधिक लोन स्वीकृत किए

मोदी सरकार ने प्रमुख डीएवाई-एनआरएलएम गरीबी उन्मूलन योजना के तहत वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए देश भर में 90.76 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) में 10.04 करोड़ से अधिक महिलाओं को संगठित करने में सफलता प्राप्त की है। गरीबों के लिए पीएम मुद्रा योजना के तहत 32.61 लाख करोड़ रुपए के 52 करोड़ से अधिक लोन स्वीकृत किए गए हैं। 2025 में इस योजना को 10 वर्ष पूरे हुए हैं। इस योजना ने छोटे शहरों और गांवों में महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया है, क्योंकि लगभग 70 प्रतिशत मुद्रा लोन महिला उद्यमियों द्वारा लिए गए हैं, जिससे उनकी वित्तीय स्वतंत्रता बढ़ी है।

# छठी जूनियर ब्वॉयज व गर्ल्स नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 19 जून से

## ▶▶राजीव गांधी खेल परिसर में होंगे रोमांचक मुकाबले, 800 से अधिक बॉक्सर लेंगे भाग ▶▶खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम चैंपियनशिप का करेंगे शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶रोहतक

छठी जूनियर ब्वायज व गर्ल्स नेशनल बॉक्सिंग चैम्पियनशिप 2025 का आयोजन 19 जून से 25 जून तक राजीव गांधी खेल परिसर स्थित साई एनबीए में किया जाएगा। जिसमें अलग-अलग राज्यों से 800 से ज्यादा खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्पर्धा का उद्घाटन हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम करेंगे। यह जानकारी रविवार को हरियाणा बॉक्सिंग संघ के उप प्रधान सतीश सरहदी ने एक प्रेस वार्ता में दी। प्रेस वार्ता में उनके साथ हरियाणा बॉक्सिंग संघ के जनरल सेक्रेटरी रविंद्र पान्नू, कोषाध्यक्ष कैप्टन परविर कुमार तथा रोहतक बॉक्सिंग संघ के जनरल सेक्रेटरी संदीप मौर व प्रशासनिक निदेशक ओमबीर हुड्डा भी मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि इस नेशनल चैंपियनशिप का आयोजन हरियाणा बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु के नेतृत्व में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में देशभर की 32 टीमों के अलावा टाटा स्टील व जेएसडब्ल्यू की टीम भी विशेष रूप से भाग लेंगी। चैंपियनशिप में लगभग 800 से अधिक बॉक्सर भाग लेंगे, जबकि 100 के करीब टेक्निकल अधिकारी, कोच और रेफरी भी शामिल रहेंगे। सभी मुकाबले अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ की तकनीकी और प्रतियोगिता नियमावली के अनुरूप कराए जाएंगे। जनरल सेक्रेटरी रविंद्र पान्नू ने बताया कि हर टीम में अधिकतम 13 मुक्केबाज हो सकते हैं।

जो ब्वायज व गर्ल्स केटेगरी में 44 किग्रा, 46 किग्रा, 48 किग्रा, 50 किग्रा, 52 किग्रा, 54 किग्रा, 57 किग्रा, 60 किग्रा, 63 किग्रा, 66 किग्रा, 70 किग्रा, 75 किग्रा, 80 किग्रा और +80 किग्रा में खेलेंगे। प्रत्येक भारवर्ग में एक ही मुक्केबाज को भाग लेने की अनुमति होगी और किसी भी आरक्षित खिलाड़ी की अनुमति नहीं दी जाएगी।



**रोहतक।** पत्रकारों से बातचीत करते हरियाणा बॉक्सिंग संघ के उप प्रधान सतीश सरहदी,जनरल सेक्रेटरी रविंद्र पान्नू, कोषाध्यक्ष कैप्टन परविर कुमार, रोहतक बॉक्सिंग संघ के जनरल सेक्रेटरी संदीप मौर व प्रशासनिक निदेशक ओमबीर हुड्डा।

### तीन राउंड का होगा प्रतियोगिता का प्रारूप

प्रतियोगिता का प्रारूप तीन राउंड का होगा, जिसमें हर राउंड दो मिनट का और राउंड के बीच एक मिनट का विश्राम रहेगा। स्कोरिंग के लिए 10-प्वाइंट प्रणाली का पालन किया जाएगा। यह चैंपियन शिप न केवल युवा खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच देगी, बल्कि आने वाले समय में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगी।

### लड़कों और लड़कियों के लिए अलग-अलग ठहराव की व्यवस्था

प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों के आवास की भी उचित व्यवस्था की गई है। लड़कों के ठहरने की व्यवस्था इंडस पब्लिक स्कूल के हास्टल में की गई है, जबकि लड़कियों को बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के छात्रावास में ठहराया जाएगा। हर राज्य से आने वाले खिलाड़ियों के लिए उनके हिसाब के खाने पीने का प्रबंध किया हुआ है। ताकि उन्हें किसी तरह की परेशानी न झेलनी पड़े।

## खबर संक्षेप



### इंटर और अल आहली ने खेला गोल रहित ड्रॉ

**मियामी गार्डन्स।** लियोनल मेसी अतिरिक्त समय में लंबी दूरी से मारे शॉट पर गोल करने में नाकाम रहे जिससे उनकी टीम इंटर मियामी और मिस्र के अल आहली के बीच क्लब विश्व कप का पहला मैच गोल रहित ड्रॉ रहा। अर्जेन्टीना के आठ बार के बेलोन डिओर पुरस्कार विजेता मेसी ने शनिवार रात हुए मुकाबले में अंतिम लम्हों में दाएं छोर पर लंबी दूरी से शॉट मारा लेकिन विरोधी गोलकीपर मोहम्मद एलशेनावी ने गोता लगाते हुए उनके प्रयास को नाकाम कर दिया। एलशेनावी के हाथ से छूने के बाद गेंद क्रॉसबार से टकराकर बाहर चली गई।

### मानसी खेलेगी जूनियर एशियाई चैंपियनशिप



**नई दिल्ली।** कैडेट विश्व चैंपियन मानसी लाठेर ने रविवार को महिलाओं के 68 किग्रा वर्ग में ट्रायल जीतकर किर्गिस्तान के बिश्केक में पांच से 13 जुलाई तक होने वाली अंडर-20 एशियाई चैंपियनशिप के लिए अपनी जगह पक्की की। इस साल मार्च में सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली मानसी ने फाइनल में दिल्ली की सृष्टि को हराया।

### डीपीएल का विस्तार करने की योजना

**नई दिल्ली।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के निदेशक श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि दिल्ली प्रीमियर लीग टी20 टूर्नामेंट के दूसरे सत्र में टीमों की संख्या बढ़ाकर आठ करने की योजना है। डीपीएल का उद्घाटन सत्र पिछले साल आयोजित किया गया था, जिसमें छह टीमों ने दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हुए फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में भाग लिया था। शर्मा ने कहा, 'डीपीएल में भाग लेने वाले कुल 14 क्रिकेटर आईपीएल का हिस्सा बने हैं। इनमें दिग्वेश राठी, आयुष बदोनी और प्रियांश आर्य जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।'

### भारत को प्रो लीग में मिली लगातार छठी हार

**एंटवर्प।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में खराब प्रदर्शन जारी रहा और रविवार को उसे ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत पहले ही नीदरलैंड और अर्जेंटीना से मैच हार चुका है। यह सभी मुकाबले हालांकि करीबी रहे थे। अपना 400वां मैच खेलने वाले पूर्व भारतीय कप्तान मनप्रीत सिंह अपनी टीम को प्रेरित करने में असफल रहे। भारत के लिए संजय (तीसरे मिनट) और दिलप्रीत सिंह (36वें मिनट) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए टिम ब्रैंड (चौथे), ब्लैक गोवर्स (पांचवें) और कूपर बर्न्स (18वें मिनट) ने गोल किए। भारतीय टीम अब 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी।

## टेस्ट मैच से पहले भारत और भारत-ए टीम के बीच हो रहा मुकाबला

# सरफराज ने अभ्यास मैच में जड़ा शतक बुमराह-अर्शदीप को नहीं मिला विकेट

एजेंसी ▶▶ बेकेनहैम

इंग्लैंड के खिलाफ अहम मुकाबले से पूर्व भारतीय खिलाड़ी बेकेनहैम में एक चार दिवसीय इंट्रा-स्क्वाड वार्म-अप मैच खेल रहे हैं। जहां इंडिया ए की तरफ से शिरकत करते हुए सरफराज खान ने शतक जड़ सबको अपना दीवाना बना दिया है। इंडिया की तरफ से मिले 459 रनों के जवाब में इंडिया ए के खिलाड़ी भी जबर्दस्त लय में नजर आए। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह को कोई सफलता हाथ नहीं लगी है।

हालांकि, जिस खिलाड़ी ने सर्वाधिक लोगों को प्रभावित किया वह सरफराज खान थे। अपनी टीम इंडिया ए के लिए उन्होंने 76 गेंदों का सामना किया। इस बीच 101 रनों की नाबाद धमाकेदार शतकीय पारी खेलने में कामयाब रहे। इस दौरान उनके बल्ले से क्रिकेट प्रेमियों को 15 चौके और दो गगनचुंबी छक्के देखने को मिले। दूसरे बल्लेबाजों को भी अभ्यास का मौका मिले, इसके लिए वह रिटायर्ड आउट होकर पवेलियन लौटे।

### ईशान किशन चमके

इंडिया ए की तरफ से लक्ष्य का पीछा करते हुए ईशान किशन का बल्ला भी जमकर चल रहा है। अपनी टीम की तरफ से वह दिन का खेल समाप्त होने तक 45 रन बनाकर नाबाद हैं। गेंदबाजी में रंग जमाने वाले शार्दुल ठाकुर का भी बल्लेबाजी में रंग देखने को मिल रहा है। वह नाबाद 19 रन बनाकर किशन का बखूबी साथ दे रहे हैं। टीम का स्कोर छह विकेट के नुकसान पर 299 रन है।



### सरफराज की दावेदारी मजबूत

*इंग्लैंड लायंस के बाद अब इंट्रा-स्क्वाड वार्म-अप मैच में सरफराज की तूफानी पारी को देख चयनकर्ता भी उनके नाम पर विचार करने को मजबूर हो गए हैं। 27 वर्षीय क्रिकेटर ने बेहद मजबूती के साथ अपनी दावेदारी को ठोकी है। वार्म-अप मैच से पूर्व सरफराज ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनाधिकारिक टेस्ट मैच में 92 रन बनाए थे।*

### बुमराह को नहीं मिली सफलता

इंग्लैंड दौरे पर टीम इंडिया को जसप्रीत बुमराह से काफी उम्मीद है। मगर दूसरे दिन की समाप्ति तक वह अपने सात ओवरों के स्पेल में एक भी विकेट चटका नहीं पाए हैं, जो कि टेंशन वाली बात है। गेंदबाजी के दौरान इंडिया की तरफ शिरकत कर रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा क्रमशः दो-दो विकेट चटकाने में कामयाब हुए हैं। अर्शदीप सिंह को कोई सफलता हाथ नहीं लगी है।

### सुदर्शन ने बनाए 38 रन

आईपीएल में धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले युवा स्टार साईं सुदर्शन का प्रदर्शन इंट्रा-स्क्वाड वार्म-अप मैच में मिला जुला रहा। टीम के लिए वह 38 रन बनाने में कामयाब रहे। उनके अलावा अभिमन्यु ईश्वरन ने 39 रनों का योगदान दिया। पारी का आगाज करते हुए ऋतुराज गायकवाड़ बिना खाता खोले आउट हुए।

टेनिस

## मेडिसन कीज सेमीफाइनल में 37 वर्षीय क्वालीफायर से हारी



एजेंसी ▶▶ लंदन

दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी मेडिसन कीज को क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में 37 वर्षीय क्वालीफायर तात्याना मारिया के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा।

दो बच्चों की मां जर्मनी की मारिया ने दूसरी वरीय कीज को 6-3, 7-6 से हराया। दुनिया की 86वें नंबर की खिलाड़ी मारिया की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन कीज के खिलाफ चार मुकाबलों में यह पहली जीत है।

मारिया 2020 के बाद से डब्लूटीए टूर पर फाइनल में जगह बनाने वाली सबसे अधिक उम्र की खिलाड़ी हैं। सेरेना विलियम्स ने 2020 में 38 साल की उम्र में ऑकलैंड क्लासिक जीता था। मारिया ने कहा, 'आपको हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए।

आप कभी नहीं रुक सकते, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि क्या हो रहा है। मुझे टेनिस खेलना पसंद है। मुझे यह खेल पसंद है और हम इन खास पलों के लिए जीते हैं।' शीर्ष वरीय झेंग किनवेन भी टूर्नामेंट में बाहर हो गईं। उन्हें अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने 6-2, 4-6, 6-4 से हराया।

विश्व कप चयन ट्रायल

## गाथा, शरवारी, पृथिका ने जीते ट्रायल, अभिषेक और अतनु चूके



एजेंसी ▶▶ पुणे

तीरंदाजी विश्व कप चरण चार और विश्व चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल में उलटफेर देखने को मिला जब अनुभवी अभिषेक वर्मा और तीन बार के ओलंपियन अतनु दास टीम में जगह बनाने से चूक गए। तीन किशोर सहित चार खिलाड़ियों ने पहली बार टीम में जगह बनाई। बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में महाराष्ट्र की 15 वर्षीय गाथा खडके और शरवारी शेंडे शामिल थीं जिन्होंने चार सदस्यीय महिला रिकर्व टीम में जगह बनाई। ये दोनों अनुभवी दीपिका कुमारी और अंकिता भकत से पीछे रहीं।

क्रमशः युवा और कैडेट विश्व चैंपियनशिप में भी भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली शरवारी और गाथा ने दुनिया की पूर्व नंबर एक दीपिका (तीसरे) और अंकिता (चौथे) को पछाड़कर क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष दो स्थान हासिल किए थे। हालांकि एलिमिनेशन दौर में दीपिका ने गाथा को पछाड़ दिया और 16.5 अंक के साथ ट्रायल में शीर्ष पर रहीं। अंकिता (13.75), गाथा (13) और शरवारी (11.75) ने टीम में अन्य तीन स्थान हासिल किए।

### टीम इस प्रकार हैं:

रिकर्व पुरुषः धीरज बोम्मदेवरा, नीरज चौहान, राहुल सिंह और तरुणदीप राय
रिकर्व महिलाएंः दीपिका कुमारी, अंकिता भकत, गाथा खडके और शरवारी शेंडे
कंपाउंड पुरुषः अमन सैनी, प्रथमेश फुगे, ऋषभ यादव और प्रियांश।
कंपाउंड महिलाएंः ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर, पृथिका प्रदीप और चिकिथा तानीपार्थी।

### 0.5 अंक से चूके अतनु, पहली बार टीम में राहुल

अतनु सिर्फ 0.5 अंक से पुरुष रिकर्व में चयन से चूक गए। सेना के 20 वर्षीय तीरंदाज राहुल सिंह ने 13.5 अंक के साथ पहली बार टीम में जगह बनाई। वह नीरज चौहान (15) और धीरज बोम्मादेवरा (17) के पीछे तीसरे स्थान पर रहे। कंपाउंड वर्ग में सबसे बड़ा झटका विश्व नंबर सात अभिषेक वर्मा, 2023 विश्व चैंपियन ओजस देवताले और चरण दो के स्वर्ण पदक विजेता मधुरा धामनगांवकर के बाहर होने से लगा। वर्मा सिर्फ 7.5 अंक के साथ निराशाजनक सातवें स्थान पर रहे।

## निशांत की पेशेवर मुक्केबाजी में सिल्वा पर शानदार जीत

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित मैडिसन स्क्वायर गार्डन थिएटर में सुपर वेल्टरवेट वर्ग में मैक्सिको के जोस्यू सिल्वा पर सर्वसम्मत जीत के साथ पेशेवर सर्किट पर अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी।



चौबीस वर्षीय निशांत देव ने छह दौर की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें तीनों जज ने उनके पक्ष में 60-54 अंक दिए। भारतीय मुक्केबाज का यह दूसरा पेशेवर मुकाबला था जिसमें उन्होंने दबदबे वाली जीत दर्ज की। यह मुकाबला रिचर्डसन हिचिन्स और जॉर्ज कंबोसोस जूनियर के बीच हुए हाई प्रोफाइल मुकाबले के अंडरकार्ड (मुख्य मुकाबले के साथ होने वाला मुकाबला) के रूप में खेल गया। निशांत नॉकआउट करने में असमर्थ रहे लेकिन उन्होंने मुक्कों के अपने बेहतरीन चयन से प्रभावित किया।

## दंतेवाड़ा में 50 मैदान विकसित करेगा तेंदुलकर फाउंडेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा नक्सल प्रभावित जिले के ठप्पे को खत्म कर रहा है और स्थानीय प्रशासन की अनोखी पहल की बदौलत खेल केंद्र के रूप में अपनी नई पहचान बना रहा है। प्रशासन की इस पहल को महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है।

जिले में नक्सलियों का प्रभाव धीरे-धीरे कम हो रहा है इसलिए प्रशासन ने मान देशी फाउंडेशन और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन के साथ मिलकर 'मैदान कप' की शुरुआत की है। इसके तहत दंतेवाड़ा में खेल संस्कृति और प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए 50 खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे। दंतेवाड़ा के कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बताया, 'इस परियोजना के तहत सामुदायिक भागीदारी से



अब तक जिले में कम से कम 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं और अक्टूबर तक लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा।' पिछले साल राज्य सरकार ने बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा और छह अन्य जिलों की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया था। दुदावत ने कहा कि इसका उद्देश्य नक्सल प्रभावित और संवेदनशील जिलों की खेल प्रतिभाओं को खेलों के माध्यम से दुनिया से जोड़ना था।

### महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया से हारी

**लंदन।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां एफआईएच प्रो लीग मैच में ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी लेकिन अंतिम मिनट में गोल खाकर 1-2 से हार गई। यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की लगातार दूसरी हार है। टीम को इससे पहले शुक्रवार 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। वैष्णवी फाल्के के मैदानी गोल की मदद से भारतीय टीम ने मैच के तीसरे मिनट में ही बढ़त कायम कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने मैच के 37वें मिनट में एमी लॉटन के गोल से स्कोर बराबर कर लिया। मैच नियमित समय में बराबरी की तरफ बढ़ रहा लेकिन 60वें मिनट में लैक्सी पिकरिंग ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर भारतीय खेमे को हताश कर दिया। भारतीय टीम अब मंगलवार को अर्जेंटीना के खिलाफ खेलेगी।




## टीम ने पूल डी में अजेय रहते हुए छह मुकाबलों में पांच जीत दर्ज की

# एमजीडी-1 विश्व ब्लिट्ज टीम शतरंज के नॉकआउट दौर में

एजेंसी ▶▶ लंदन

फिडे विश्व रैपिड टीम चैम्पियनशिप का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय टीम बनने के एक दिन बाद टीम एमजीडी1 ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए 'ब्लिट्ज' टूर्नामेंट के नॉकआउट दौर में जगह पक्की की।

टीम एमजीडी1 ने पूल डी में अजेय रहते हुए छह मुकाबलों में पांच जीत और एक ड्रॉ (टीम हंगरी के खिलाफ) से 23 मैच प्वाइंट बनाए। राउंड-रॉबिन पूल चरण में कुल 53 टीमों ने भाग लिया, जिसमें प्रत्येक समूह से शीर्ष चार (कुल 16) टीमें नॉकआउट में पहुंचीं। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी, पी हरिकृष्णा, वी. प्रणव, लियोन ल्यूक मेंडोन्का, स्टावरौला त्सोलाकिडो और अथर्व तायडे की भारतीय टीम ने राउंड-रॉबिन पूल चरण में



सबसे ज्यादा मैच जीते। नॉर्वे शतरंज में हाल ही में दिग्गज मैग्नस कार्लसन को हराने वाले अर्जुन एरिगैसी 13 मैचों में 11 अंक के साथ टीम के सबसे सफल खिलाड़ी रहे। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद की अगुवाई वाली टीम फ्रीडम ने पूल बी में 'हेक्सामाइंड' के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान हासिल किया। दोनों टीमों के नाम 22-22 अंक हैं। 'ब्लिट्ज' प्रतियोगिता में 190,000 यूरो की पुरस्कार राशि है।

### अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट आज से

**मुंबई।** मुंबई में 17 देशों के 400 से अधिक खिलाड़ियों के 40 लाख रुपए इनामी ऑरियनप्रो अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट और जूनियर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद है जिसका आयोजन 16 से 24 जून तक एक साथ किया जाएगा। ग्रैंडमास्टर वर्ग में जॉर्जिया के ग्रैंडमास्टर लेवन पंतसुलाइया को शीर्ष वरीयता दी गई है। आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर पेट्रोसियन मैनुअल दूसरे वरीय हैं जबकि जॉर्जिया के ही ग्रैंडमास्टर लुका पेइचाद्जे को तीसरी वरीयता मिली है। बारह वर्षीय फिडे मास्टर अंश नेरुरकर जूनियर वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे।




## खबर संक्षेप

### अमेरिका में डाउन हुई एक्स की सेवा,शिकायत

**वॉशिंगटन।** एलन मस्क का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स



शनिवार को कई अमेरिकी यूजर्स के लिए डाउन हो गया था। यह अभी तक पूरी तरह से ठीक नहीं हुआ है। आउटेज ट्रैकिंग वेबसाइट के अनुसार अमेरिका की कई लोग चाहकर भी एक्स का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। शाम 06:07 बजे से एक्स डाउन हो गया है, लेकिन कुछ ही यूजर्स के लिए। लगभग 6,700 लोगों ने एक्स के डाउन होने की शिकायत दर्ज की है। डाउनडिटेक्टर के ये नंबर यूजर्स के द्वारा दर्ज की गई शिकायतों के आधार पर हैं।

### एलजी ने आदिल की पत्नी को सौंपा नियुक्ति पत्र

**जम्मू।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले आदिल शाह की पत्नी



गुलनाज अख्तर को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र सौंपा। उपराज्यपाल ने खुद अनंतनाग के हापतनाड गांव पहुंचकर गुलनाज को मत्स्य विभाग में अस्थायी नियुक्ति का पत्र सौंपा। उपराज्यापाल ने गुलनाज अख्तर की नियुक्ति अपनी असाधरण शक्तियों का प्रयोग करते हुए की है। ये शक्तियां उन्हें जम्मू-कश्मीर पुनर्वास सहायता योजना, 2022 के खंड-2 ए के अंतर्गत प्राप्त हैं।

## मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा जाने से पहले साइप्रस पहुंचे

# भारत के लिए बेहद खास है साइप्रस की यात्रा दोनों देशों के पुराने और भरोसेमंद रहे हैं संबंध

### पीएम मोदी और साइप्रस के राष्ट्रपति के बीच आधिकारिक बातचीत आज

### भारत-साइप्रस के रिश्ते से तुर्किए खुश तो नहीं होगा

**एजेंसी ▶▶ लिमासोल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीन देशों के दौरे के पहले चरण में साइप्रस पहुंचे। हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह दौरा कूटनीतिक नजरिए से बेहद अहम माना जा रहा है, खासकर ऐसे समय में जब भारत वैश्विक मंच पर अपनी रणनीतिक भूमिका को मजबूत कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि भारत की वैश्विक रणनीतिक सोच का हिस्सा है। साइप्रस जैसे छोटे लेकिन रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण देशों के साथ संबंधों को मजबूत करना भारत की विदेश नीति में 'मल्टी एलायंस डिप्लोमेसी' की दिशा में एक अहम कदम है। बहरहाल, माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा से नई दिल्ली और निकोसिया के रिश्तों में बदलाव आएगा।

### समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे पीएम मोदी

साइप्रस 1 जनवरी से यूरोपीय संघ परिषद की अध्यक्षता संभालेगा। यह भी निश्चित है कि पीएम मोदी साइप्रस के साथ कई समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे। दो दशकों में यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की पहली यात्रा है। राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस और नरेंद्र मोदी के बीच आधिकारिक बातचीत सोमवार को होगी। पीएम मोदी को राष्ट्रपति भवन में औपचारिक रूप से स्वागत किया जाएगा। हवाई अड्डे पर स्वागत के बाद, मोदी और क्रिस्टोडौलिडेस लिमासोल में साइप्रस और भारत के व्यापारियों की बैठक में भाग लेंगे।

### 2002 में तत्कालीन पीएम वाजपेयी गए थे साइप्रस

मोदी की यह यात्रा क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर हो रही है। इससे पहले राष्ट्रपति निकोस अनास्तासियादेस ने आठ साल पहले भारत का दौरा किया था। राष्ट्रपति तासोस पापाडोपोलोस ने 2006 में भारत का दौरा किया था। आखिरी बार अटल बिहारी वाजपेयी ने किसी भारतीय प्रधानमंत्री के रूप में 2002 में साइप्रस का दौरा किया था। तुर्की भारत के साथ बढ़ते संबंधों से खुश नहीं है। मोदी जी 7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा जाने से पहले साइप्रस पहुंचे हैं। पाकिस्तान के साथ बढ़ते मनमुटाव के बाद यह भारतीय प्रधानमंत्री की पहली विदेश यात्रा है। इसे तुर्किए के रवैए को देखते हुए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि अंकारा इस्लामाबाद का समर्थन करता है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान स्थिति आतंकी ठिकानों पर मिलिट्रि एक्शन यानी ऑपरेशन सिंदूर चलाया, जिस दौरान तुर्किये ने पाक का खुलकर समर्थन किया।



### इसलिए पीएम मोदी गए हैं साइप्रस

**▶▶ पुराने और भरोसेमंद राजनीतिक संबंध**
*भारत और साइप्रस के रिश्ते 1960 के दशक से मजबूत रहे हैं। साइप्रस ने हमेशा भारत के प्रमुख मुद्दों खासकर जम्मू-कश्मीर पर भारत के पक्ष को समझा और समर्थन किया है। दोनों देश गुटनिरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) के सक्रिय सदस्य रहे हैं।*

**▶▶ व्यापार और निवेश का पुल**
*साइप्रस, यूरोपीय संघ का सदस्य है और इसका टैक्स ढांचा भारत के निवेशकों को आकर्षित करता है। भारत और साइप्रस के बीच डबल टैक्स अवाइडेंस एग्रीमेंट लागू है, जिससे टैक्स में राहत मिलती है। कई भारतीय कंपनियां साइप्रस को यूरोपीय और पश्चिम एशियाई बाजार में एंट्री पॉइंट के रूप में इस्तेमाल करती हैं।*

**▶▶ रणनीतिक स्थान**
*साइप्रस पूर्वी भूमध्य सागर में स्थित है और यूरोप, पश्चिम एशिया और अफ्रीका के त्रिकोण पर आता है। यह भारत के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण है। खासकर समुद्री सुरक्षा, ऊर्जा परिवहन और कूटनीतिक पहुंच के लिहाज से।*

**▶▶ शिक्षा और सांस्कृतिक जुड़ाव**
*साइप्रस में बड़ी संख्या में भारतीय छात्र उच्च शिक्षा विशेषकर मेडिकल और हॉस्पिटैलिटी की पढ़ाई कर रहे हैं। भारतीय संस्कृति, योग और बॉलीवुड का प्रभाव साइप्रस में लगातार बढ़ रहा है।*

**▶▶ रक्षा और सुरक्षा सहयोग की संभावनाएं**
*भारत और साइप्रस के बीच समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी सहयोग में साझेदारी की संभावना को बढ़ावा देने की उम्मीद है।*

**पेरिस में** रणनीतिक समुदाय से मिले विदेश मंत्री



# आतंकवाद के खिलाफ फ्रांस का समर्थन सराहनीयः जयशंकर

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को फ्रांस की अपनी चार दिवसीय यात्रा पूरी की। साथ ही पेरिस में रणनीतिक मामलों से जुड़े विशेषज्ञों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने वैश्विक स्तर पर हो रहे संतुलन बदलाव, डेटा, तकनीक और ऊर्जा के बढ़ते महत्व पर चर्चा की। भारत और यूरोप के बीच मजबूत साझेदारी की बड़ी संभावनाएं हैं। जयशंकर ने इस मुलाकात को सुखद अनुभव बताया और इसे दोनों पक्षों के बीच विचार-विमर्श और सहयोग को आगे बढ़ाने वाला बताया। अपने फ्रांस दौरे के दौरान जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के लिए फ्रांस के मजबूत समर्थन की सराहना की। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरो से मुलाकात की। इन बैठकों में दोनों देशों के बीच भरोसे, सहयोग और साझा लक्ष्यों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस यात्रा के दौरान भारत और फ्रांस ने 'हॉराइजन 2047 रोडमैप' और 'डिफेंस इंडस्ट्रियल रोडमैप' को पूरी तरह लागू करने पर सहमति जताई। इन योजनाओं के जरिए रक्षा, सुरक्षा, अंतरिक्ष और आतंकवाद के खिलाफ सहयोग को मजबूत किया जाएगा।

### भारतीय पांडुलिपियों को भी देखा

*पुस्तकालय का दौरा कर वहां मौजूद भारतीय पांडुलिपियों का अवलोकन किया और सांस्कृतिक विरासत संरक्षण में सहयोग बढ़ाने पर बातचीत की। इसके साथ ही उन्होंने मार्से में आयोजित पहले 'मेडिटेरेनियन रईसिना डायलॉग' में हिस्सा लिया और वैश्विक भू-राजनीतिक मुद्दों पर विचार साझा किए। जयशंकर ने फ्रांस की राष्ट्रीय पुस्तकालय का दौरा भी किया।*

### तकनीक, व्यापार समेत कई मुद्दों पर दिया जोर

दोनों पक्षों ने तकनीक, नवाचार, व्यापार, स्वास्थ्य, शिक्षा, निवेश, जीवन विज्ञान, संग्रहालय सहयोग और लोगों के बीच संबंधों जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग की प्रगति पर संतोष जताया। उन्होंने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र सहित वैश्विक मुद्दों पर फ्रांसीसी नेतृत्व के साथ विचार साझा किए और भारत-फ्रांस के दृष्टिकोण में समानता पर बल दिया।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' के समर्थन में जनता ने भेजे थे भावनाओं से भरे पत्र


# नागरिकों ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सेना के प्रयासों को सलाम किया और दी ढेरों बधाइयां

**एजेंसी ▶▶ हैदराबाद**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' सैन्य अभियान शुरू किया। करीब तीन से चार दिनों तक चले इस सैन्य अभियान के बाद दोनों देशों के बीच सीजफायर हुआ।

भारतीय सेना के इस अभियान का पूरे देश के लोगों ने समर्थन किया। देश के कई इलाके से लोगों ने भारतीय सेना को पत्र लिखकर ऑपरेशन सिंदूर अभियान के लिए आभार जताया। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए समर्थन और आभार व्यक्त करते हुए नागरिकों के पत्रों का संकलन साझा किया। रविवार को भारतीय सेना के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय ने नागरिकों के संदेशों को संकलित करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया 'एक्स' पर साझा किया। पोस्ट शेयर करते हुए भारतीय सेना ने लिखा, ऑपरेशन



सिंदूर के दौरान भारतीय सेना के प्रति उनके अटूट समर्थन, गहरी प्रशंसा और कृतज्ञता को व्यक्त करते हुए नागरिकों के पत्रों का एक हार्दिक संकलन। शब्द गर्व, लचीलापन और वीरता की स्थायी भावना को प्रतिध्वनित करते हैं जो हम सभी को प्रेरित करते हैं। भारतीय सेना- हमेशा सम्मान और समर्पण के साथ राष्ट्र की सेवा में। सेना ने जो वीडियो जारी किया है उसके अनुसार राज्य सिविल सेवा सेवानिवृत्त अधिकारी संघ की ओर से भी सेना को पत्र लिखा गया है।

### बस आपके साथ लड़ने का मौका दीजिए

रूपेश हरिश्चंद्र मेनकर नामक व्यक्ति लिखते हैं, मुझे कोई वेतन, मुआवजा, मान्यता या कोई प्रमाण पत्र नहीं चाहिए। मुझे सिर्फ आपकी अनुमति, वर्दी और पैदल सेना में देश के लिए लड़ने की अनुमति चाहिए। वैष्णु शंकर एस ने उस समय को याद किया जब उन्होंने कारगिल युद्ध के दौरान सशस्त्र बलों में सेवा की थी। उन्होंने लिखा, कारगिल युद्ध के दौरान, मुझे बेस अस्पताल श्रीनगर में बहादुरों की सेवा में अपना कंधा देते हुए स्वयंसेवक के रूप में सेवा करने का सम्मान मिला। उस अनुभव ने मेरी आत्मा पर एक अमिट छाप छोड़ी, और मैं चाहता हूं कि आप जान लें, सर, कि मेरे भीतर अपने देश की सेवा करने का जोश अभी भी प्रबल है। पारुल चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष और सीईओ पारुल सिंह ने सेना के लिए राशन, दवाइयां, कपड़े और वाहन के रूप में मदद की पेशकश की।

## अमेरिका के संस्थापक ने खालिस्तान समर्थकों को लताड़ा

# कमजोर पीएम थे टूडो, उन्हीं के कार्यकाल में जमकर मिला खालिस्तानियों को समर्थन

**एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन**

सिख ऑफ अमेरिका के संस्थापक और अध्यक्ष जसदीप सिंह जेसी ने खालिस्तान समर्थकों को लताड़ा है।



■ अब अतीत में जा रहा खालिस्तानी

उन्होंने कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन टूडो को सबसे कमजोर प्रधानमंत्री करार दिया। उन्होंने कहा कि टूडो के कार्यकाल के दौरान खालिस्तानी समर्थन बढ़ा। यह नए पीएम मार्क कार्नी के नेतृत्व में कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मार्क कार्नी के प्रधानमंत्री बनने के बाद मुझे लगता है कि खालिस्तानी समर्थन और खालिस्तानी प्रभाव जो हमने अतीत में देखा था, अब ऐसा नहीं होता। जस्टिन टूडो अपने पिता की तरह ही एक बहुत ही कमजोर प्रधानमंत्री थे और उनके पास भारत के खिलाफ एक एजेंडा था, जो खत्म हो गया है। जेसी ने कहा कि अब कनाडा में खालिस्तानी प्रभाव नहीं है। खालिस्तानी आबादी का बहुत ही छोटा हिस्सा है। भारत से बाहर रहने वाले अधिकांश सिख भारत, पंजाब से प्यार करते हैं, और चाहते हैं कि भारत और पंजाब आगे बढ़ें। मैं खालिस्तानियों को सिख भी नहीं मानता क्योंकि वे सिख सिद्धांतों पर काम नहीं करते।जेसी ने कहा कि पीएम मोदी को आमंत्रित करने का कनाडा का निर्णय बहुत अच्छा है। भारत एक बहुत मजबूत राष्ट्र है। अच्छी समझ की जीत हुई और मैं पीएम मोदी को आमंत्रित करने के लिए कनाडाई पीएम मार्क कार्नी की सराहना करता हूं। यह एक बहुत अच्छे रिश्ते की शुरुआत है। हमने उन्हें मानव तस्करी में शामिल देखा है। जब सभी युवा जो डंकी मार्ग से इन विदेशी देशों में आ रहे थे, उन्हें गुरपतवंत सिंह पन्नू जैसे तथाकथित खालिस्तानी नेताओं द्वारा पीड़ित और हेरफेर किया जा रहा था। फिर जनमत संग्रह के लिए इस्तेमाल किया गया।

### सीमा पर सतर्कता बढ़ी संदिग्ध की तलाश जारी

**जम्मू।** पुंछ जिले की मंडी तहसील में नियंत्रण रेखा के पास स्थित सावजियां सेक्टर के कई क्षेत्रों में सुरक्षाबलों द्वारा व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना के बाद शुरू किया गया। तलाशी अभियान में जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और अन्य अर्धसैनिक बल शामिल हैं।




## अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान को दी चेतावनी

### ट्रंप ने कहा हमले मे यूएस की भूमिका नहीं

# परमाणु समझौता रद्द होने के बाद भड़का अमेरिका, ट्रंप बोले अगर हमला हुआ तो आप पर पूरी ताकत से टूट पड़ेगी सेना

**एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को ईरान को कड़ी चेतावनी दी। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान ने कोई दुस्साहस किया तो अंजाम ऐसा होगा, जो उसने न तो पहले कभी देखा होगा और न ही कभी सोचा होगा। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब इजराइल ने तेहरान में ईरान के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय को निशाना बनाया। इजराइल ने शनिवार को ईरान के बुशहर प्रांत में साउथ पारस गैस फील्ड से जुड़ी एक प्राकृतिक गैस प्रसंस्करण इकाई पर भी हमला किया। यह कहते हुए कि ईरान पर इजराइल के हमलों में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं थी, ट्रंप ने दावा किया कि वह ईरान और इजराइल के बीच आसानी से समझौता करवा सकते हैं और इस संघर्ष को रुकवा सकते हैं। इससे



पहले रविवार को ईरान ने तेहरान और वाशिंगटन डीसी के बीच परमाणु वार्ता के छठे दौर को रद्द कर दिया था।

**राइजिंग लॉयन जारी रहेगा**

### ईरान की मिसाइलों को रोकने के लिए ढाल बन रहा अमेरिका

*इजराइल और ईरान की जंग में अमेरिका खुलकर नेतन्याहू के साथ खड़ा हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान की ओर से इजराइल पर*



*दागी जा रही मिसाइलों को अमेरिका रोकने में मदद कर रहा है। अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि इस जंग में अमेरिका खुलकर इजराइल की मदद कर रहा है। बता दें कि दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है और हमले अभी भी जारी हैं। इजराइल ने स्पष्ट किया है कि जब तक ईरान का परमाणु खतरा खत्म नहीं होता ऑपरेशन राइजिंग लॉयन जारी रहेगा।*

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109